www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 30 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -144 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

सांस्कृतिक कलाकारों के वेतन में तीस प्रतिशत बढ़ोतरी ... 02

■ डंपिंग ग्राउंड नहीं अब बनेगा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ...
■ बाडी बनाने वाला 1 करोड़ का नकली फूड सप्लीमेंट... 04

■ इमरान को रिहा करने का दिया आदेश
■ अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत 07

कंटेस्टेंट्स की आवाज दिल को छूना यानी मुझे... 10

सार संक्षेप

चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ.ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

भूपेश का पिछड़ों की राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया हैं। बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मेरे द्वारा गत अप्रैल में छत्तीसगढ़ के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था।

इमरान मसूद को बसपा ने किया निष्कासित

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व विधायक इमरान मसूद को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मंगलवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने यहां जारी बयान में कहा कि मसूद को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप के कारण निष्कासित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक को पहले भी उनके इस कृत्य के कारण चेतावनी दी जा चुकी थी मगर कोई सुधान न आता देख पार्टी ने उनके निष्कासन का फैसला लिया।

नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

नई दिल्ली। नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।

सजावट

■ दिल्ली में 9 से 10 सितम्बर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही है। सुरक्षा से लेकर साज सज्जा पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इसी के तहत मानसिंह रोड पर लगाई घोड़ों की मूर्ति लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित कर रही है। (छाया : इम्तियाज खान)।

सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं को दी राहत

गैस सिलेंडर 200 रुपए हुआ सस्ता

75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की भी घोषणा की

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपए कम करने और 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपए की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपए की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपए बचेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या हो जाएगी 10.35 करोड़

मार्च में 50 रुपए की हुई थी बढ़ोतरी

14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

जून 2020 से नहीं मिल रही सब्सिडी

जून 2020 से एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी

__नई दिल्ली।__ इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

जम्मू कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

■ **अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने की याचिकाओं पर हो रही है सुनवाई**

31 को विस्तृत वक्तव्य देंगे

दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वह 31 अगस्त को इस पर विस्तृत वक्तव्य देंगे।

जातीय जनगणना पर केंद्र का नया हलफनामा

केंद्र सरकार ने बिहार में जातिगत सर्वे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार सुबह दाखिल किया हलफनामा कुछ घंटे बाद वापस ले लिया। पहले हलफनामे के पैरा 5 में लिखा था कि सेंसस एक्ट 1948 के तहत केंद्र के अलावा किसी और सरकार को जनगणना या इससे मिलती-जुलती प्रकिया को अंजाम देने का अधिकार नहीं है। बाद में केंद्र ने इस हिस्से को हटाते हुए नया हलफनामा दायर किया। इसमें कहा 'पैरा 5 अनजाने में शामिल हो गया था। नया हलफनामा संवैधानिक और कानूनी स्थिति साफ करने के लिए दायर किया है।

मुंबई में इंडिया व एनडीए की बैठक एक ही दिन

मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा। एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक सुनिल तटकरे ने मंगलवार (29 अगस्त) को इसकी जानकारी दी।

■ **एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट की भी 1 सितम्बर को बैठक**
■ **शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल**

'इंडिया' के नेता 31 को जुटेंगे

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर होस्ट करेंगे। इसके अगले दिन सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के शामिल होंगे।

वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि नॉर्थ-ईस्ट के कुछ दल भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे।

गठबंधन की बैठक के मुंबई पहुंचे लालू, बोले

मोदी की गर्दन पर चढ़ने जा रहे हैं

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे।

चीन की हरकत पर भारत ने जताई नाराजगी

नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाएगी : बागची

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था-हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

एस जयशंकर की तीखी प्रतिक्रिया

चीनी की इस चालबाजी पर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने कहा है कि बेतुके दावे करने से दूसरों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता। एक इंटरव्यू में विदेश मंत्री ने कहा कि चीन को ऐसे नक्शे जारी करने की आदत है। हालांकि, अपने आधिकारिक मैप में अन्य देशों के क्षेत्रों को शामिल करने का कोई मतलब नहीं है।

जी-20 में चीन के अपराध को उजागर करे : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा है कि दूसरों की जमीन को अपने नक्शे में दिखाने के चीन के आदतन अपराध का जी-20 जैसे वैश्विक मंच पर खुलासा कर भारत को सख्त लहजे में उसे जवाब देना चाहिए। खड़गे ने कहा, अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं और मनमाने ढंग से ईजाद किया गया चीनी का कोई भी नक्शा इस हकीकत को बदल नहीं सकता।

रोवर को चांद पर ऑक्सीजन की मौजूदगी के प्रमाण मिले

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चांद की सतह पर ऐतिहासिक लैंडिंग के बाद चंद्रयान-3 अपने मिशन में जुटा हुआ है। इसी क्रम में रोवर पर लगे लगे लेजर इन्ड्यूड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) उपकरण ने चांद की सतह पर ऑक्सीजन की पुष्टि की है। इसके अलावा चंद्रमा की सतह पर एल्युमीनियम , सल्फर , कैल्शियम , आयरन , क्रोमियम और टाइटेनियम की मौजूदगी का भी का खुलासा हुआ है। चांद की सतह पर मैंगनीज और सिलिकॉन की उपस्थिति का भी पता चला है। हाइड्रोजन की मौजूदगी के संबंध में गहन जांच चल रही है। दरअसल, रोवर पर लगे लेजरयुक्त ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण ने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्र सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू मूल्यांकन किया। एलआईबीएस एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो सामग्रियों को तीव्र लेजर पल्स के संपर्क में लाकर उनकी संरचना का विश्लेषण करती है। एलआईबीएस पेलोड को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम (एलईओएस) इसरो, बेंगलुरु की प्रयोगशाला में विकसित किया गया है।

चंद्रयान-3

■ **सल्फर भी मौजूद, हाइड्रोजन की खोज जारी**

कीमत घटाए जाने पर खड़गे का तंज

जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?

परेशानी *नहीं थम रही महंगाई की मार*

एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर की दाल

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर की दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है। वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है।

डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं। खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के इस डेटा के मुताबिक मूंग दाल की औसत कीमतें एक साल पहले 29 अगस्त 2022 को 102.35 रुपए किलो हुआ करती थी जिसकी कीमत अब बढ़कर 111.19 रुपए हो चुकी है। उड़द दाल एक वर्ष पूर्व 108.25 रुपए में मिल रही था जो अब 6.25 फीसदी महंगी 115.02 रुपए प्रति किलो में मिल रही है। एक साल पहले मसूर दाल की औसत कीमत 92.09 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी जो अब 97.16 रुपए प्रति किलो हो चुकी है।

■ **उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी**
■ **अभी और सता सकती है दालों की महंगाई**

सरकार ने लिए कई फैसले

हाल के दिनों में अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। सरकार ने दाल आयात करने वाले आयातकों को कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों के भीतर बाजार में दाल उतारने की हिदायत दी है। साथ ही हर शुक्रवार को सभी आयोतकों को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अरहर और उरद दाल के होल्डिंग स्टॉक की जानकारी देने को कहा गया है। इसी महीने 17 अगस्त 2023 से केंद्र सरकार ने भारत दाल के नाम से चना दाल बेचने का ऐलान किया है।

देश

उवाच

"शरद पवार ने खुद यह स्पष्ट किया है कि अजित पवार के नेतृत्व में उनकी पार्टी के कुछ सहयोगियों ने ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों की धमकियों से बचने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया है, न कि किसी भी विकासात्मक एजेंडे के लिए।

–नाना पटोले, कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.0	28.0
मुंबई	31.0	26.0
कोलकाता	32.0	27.0
चेन्नई	35.0	27.0

चीन के दावे मुर्खतापूर्ण : कांग्रेस

शी जिनपिंग के भारत दौरे को लेकर केंद्र पर कसा तंज

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने एक उकसावे वाले कदम के तहत एक बार फिर नया नक्शा जारी कर तनाव पैदा कर दिया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को उसके क्षेत्र का हिस्सा बताया गया है। इस मानचित्र का विमोचन अगले महीने नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए चीन के राष्ट्रपति की आगामी यात्रा के साथ मेल खाता है।

■ सतर्कता की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्र सरकार को दी सलाह

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इस नक्शे की कड़ी आलोचना करते हुए चीन के दावे को मुर्खतापूर्ण व दुस्साहसिक बताया। उन्होंने आगे कहा कि पहले कब्जाए क्षेत्रों को खाली कराने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर संक्षेप में कहूं तो चीनी मानचित्र बेतुके हैं। ये भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास से मेल नहीं खाते हैं, चीन का अरुणाचल प्रदेश पर कोई दावा नहीं है। कांग्रेस नेता ने सतर्कता की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्र सरकार को सलाह भी दी है। तिवारी ने भारत-चीन सीमा विवाद के ऐतिहासिक साक्ष्यों का हवाला देते हुए बताया कि चीन का दावा निराधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक चिंता चीन द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन है, जो नियंत्रण का दावा करने के उनके इरादे को इंगित करता है।

चीनी मानचित्र बेतुके हैं ये भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास से मेल नहीं खाते हैं : मनीष तिवारी

उन्होंने सरकार से आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह किया और सवाल किया कि क्या राष्ट्रपति शी जिनपिंग को दिल्ली में आमंत्रित करना भारत के गौरव के अनुरूप है, खासकर जब चीन ने अक्साई चिन में अपनी घुसपैठ के माध्यम से लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करना जारी रखा है। नए चीनी मानचित्र की बारीकियों को संबोधित करते हुए, तिवारी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-चीन सीमा में तीन क्षेत्र शामिल हैं। पूर्वी क्षेत्र मैकमोहन रेखा द्वारा शासित है, जो 1940 से भारत, चीन और तिब्बत के प्रतिनिधियों द्वारा सीमा को परिभाषित करने वाला एक समझौता है। जहां तक मध्य क्षेत्र की बात है तो छोटे-मोटे मुद्दों के अलावा दोनों पक्षों के बीच कोई खास विवाद नहीं है।

जैसे-जैसे राष्ट्रपति शी की यात्रा नजदीक आ रही है, भारत को अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और चीन के दुस्साहसिक दावों के सामने अपने राष्ट्रीय गौरव को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिक्रिया और कूटनीतिक कारवाइयों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना होगा।

अरुणाचल में घुसने की कोशिश कर रहा चीन : राउत

नई दिल्ली। चीन ने हाल ही में अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया है, जिसमें भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को अपना हिस्सा दिखाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन अब अरुणाचल प्रदेश में घुसने की कोशिश कर रहा है। संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी का लद्दाख पर दावा सही है और केंद्र सरकार में अगर हिम्मत है तो उसे चीन पर सर्जिकल स्ट्राइक कर देनी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी का ये दावा कि चीन, लद्दाख की पैंगोंग घाटी में घुस आया है, सही है। हमारे प्रधानमंत्री ने हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन में शिरकत की और वहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की।

असम में बाढ़ से 1.90 लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। असम में बारिश के कारण फिर आई बाढ़ से 17 जिलों के 1.90 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार गत सोमवार को शिवसागर जिले के डेमो इलाके में एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस बीच बाढ़ प्रभावित जिले में बिश्वनाथ, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी, शिवसागर, सोनितपुर, तामुलपुर और उदलगुरी शामिल हैं। इन जिलों के कम से कम 522 गांव बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं और 8,000 हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई है। एएसडीएमए ने कहा कि 17 जिलों में कुल 1,90,675 लोग प्रभावित हुए। राज्य प्रशासन चार जिलों में 47 राहत शिविर और 45 राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है। ब्रह्मपुत्र नदी डिब्रूगढ़, धुबरी, तेजपुर और नेमाटीघाट में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि सुबनसिरी और दिखौ जैसी अन्य प्रमुख नदियां बदतीघाट और शिवसागर में खतरे के निशान को पार कर गई हैं।

महाराष्ट्र में अधूरी मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वर्धा के सैकड़ों किसान अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन के दौरान कई किसान मंगलवार को लंबित मांगों पर दबाव बनाने के लिए राज्य सरकार के मुख्यालय, मंत्रालय के प्रतीक्षा कक्ष में लगाए गए भारी सुरक्षा जालों पर कूद गए। किसान कथित तौर पर वहां स्थापित एक चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिए छोटे समूहों में मंत्रालय के अंदर आए थे। लेकिन अचानक उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पीडब्ल्यूडी मंत्री दादा भुसे का घेराव करने की कोशिश की और फिर सुरक्षा जाल पर कूद गए। किसानों ने अपर वर्धा एक्शन कमेटी लिखे काले पोस्टर भी लहराए और कहा कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद उनकी मांगें नहीं मानी गईं। किसान नेताओं ने दावा किया कि कई किसानों ने लगभग चार महीने पहले प्रस्तावित ऊपरी वर्धा बांध परियोजना के लिए सरकार को अपनी जमीनें दे दी थीं, लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन के मुताबिक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के किसान चेहरे किशोर तिवारी ने कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की किसानों के प्रति पूर्ण असंवेदनशीलता का एक और उदाहरण है जिसके कारण वे महाराष्ट्र में लगभग हर दिन आत्महत्या कर रहे हैं।

■ मंत्रालय के अंदर सुरक्षा जाल पर कूदे पीडब्ल्यूडी मंत्री का घेराव करने का किया प्रयास

किसानों ने आत्महत्या करने की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारी किसानों में से एक ने चेतावनी दी कि हम कई हफ्तों से मंत्रालय और संबंधित विभागों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे या उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार से मिलने की अनुमति नहीं है अगर सरकार कल तक कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो हम आत्महत्या कर लेंगे। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा जाल पर अपनी मांगों के पत्रक और पोस्टर फेंके और फिर उनमें से दो दर्जन से अधिक लोग पहली मंजिल से उस पर कूद गए, जबकि मंत्रालय के कर्मचारी और अन्य लोग इस सनसनीखेज घटनाक्रम को देखने के लिए दौड़ पड़े। बाद में, भुसे उनके प्रतिनिधियों से मिलने और उन्हें शांत करने के लिए गए।

सार संक्षेप

मोदी ने केरलवासियों को दी ओणम की बधाई

दिल्ली/तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओणम उत्सव के मौके पर दुनियाभर में रहने वाले केरलवासियों को बधाई दी। मोदी ने कहा, सभी को ओणम की बधाई। आपका जीवन स्वस्थ, खुशहाली तथा समृद्धि से परिपूर्ण हो। पिछले कई सालों से ओणम वैश्विक उत्सव बन गया है। यह केरल की खूबसूरत संस्कृति को दर्शाता है। वहीं केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि राज्य के निवासियों तथा दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले केरलवासियों को ओणम की हार्दिक बधाई देता हूं।

आरजीआईए को मिला फर्जी बम धमकी वाला संदेश

हैदराबाद। तेलंगाना के शहर शमशाबाद के पास स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) को बम की धमकी के संबंध में एक फर्जी ईमेल मिला है। संदेश सोमवार को प्राप्त हुआ था लेकिन इस संबंध में मंगलवार को बताया गया। सूचना मिलते ही सतर्क हवाईअड्डा सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। एयरपोर्ट परिसर का गहन निरीक्षण किया गया। विस्तृत जांच और तलाशी के बाद, सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की कि कोई विस्फोटक मौजूद नहीं है। इससे संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और फर्जी ईमेल के स्रोत की जांच शुरू कर दी गई है।

चेन्नई के डिप्टी मेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

चेन्नई। एक विधवा महिला की धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर सिटी क्राइम ब्रांच पुलिस ने चेन्नई के डिप्टी मेयर मगेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि एस.आर.मोहन की विधवा पत्नी एसाक्की अम्मल ने इस मामले में शिकायत दर्ज की थी। उसके पति अन्य भागीदारों के साथ खदान व्यवसाय चला रहे थे। मास माइंस नाम की खदान तांबरम में संचालित की गई थी, वहीं मोहन का 2021 में कुछ बीमारी के कारण निधन हो गया था।

मणिपुर में राज्यपाल व मुख्यमंत्री को मोबाइल इंटरनेट की अनुमति

इंफाल। मणिपुर सरकार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति दी है। गृह आयुक्त टी रंजीत ने सोमवार को सूची जारी की जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार, स्पीकर, मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश, कैबिनेट मंत्री, महाधिवक्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशासनिक सचिव, विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ कमांडेंट स्तर तक के अधिकारी और सेना/असम राइफल्स शामिल हैं।

जातीय गणना पर भाजपा का वास्तिवक चेहरा बेनकाब : जदयू

पटना, 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय मामलों के मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने केंद्र सरकार के जातीय गणना मामलों में उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे को हास्यास्पद बताया और कहा कि इससे प्रदेश में जाति आधारित गणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चेहरा बेनकाब हुआ है। चौधरी ने मंगलवार को यहां जदयू मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में जातीय गणना मामलों से जुड़ा दायर हलफनामा न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि बिहार की गरीब जनता के हितों के बिल्कुल विपरीत भी है।

जातीय गणना को लेकर बीते कई महीनों से पटना उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय तक सुनवाई चलती रही है लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इसमें सीधे तौर पर हस्तक्षेप नहीं किया था। जदयू नेता ने कहा कि अलग-अलग माध्यमों से कुछ लोग जनहित याचिका दायर कर जातीय गणना को बाधित करना चाहते थे। लेकिन, पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के सामाजिक न्याय की अवधारणा पर मुहर लगाते हुए जातीय गणना और आर्थिक सर्वेक्षण के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। इसके खिलाफ याचिका दायर करने वाले लोग उच्चतम न्यायालय चले गए तब भी केंद्र सरकार की नींद नहीं खुली और जब ऐसा लग रहा था कि सर्वोच्च न्यायालय जातीय गणना के अनुकूल फैसला देगी तब केंद्र सरकार अंतिम समय में उसमें कूद गई।

कर्नाटक सरकार के सौ दिन पूरे होने पर बोले सिद्धारमैया

महंगाई रोकने में केंद्र सरकार रही विफल

मैसूरु/कर्नाटक, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी सीएम डीके. शिवकुमार ने मंगलवार को मैसूर में नाद देवता (राज्य देवी) चामुंडेश्वरी की विशेष पूजा की। सिद्धारमैया ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई रोकने में विफल रही है, इसलिए आम परिवारों, किसानों और अन्य समूहों की मदद के लिए कदम उठाए गए हैं। स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए गरीबों की जेब में पैसा होना जरूरी है।

■ भाजपा के पास आरोप पत्र पेश करने का नैतिक अधिकार नहीं

इसीलिए गृह ज्योति (मुफ्त बिजली), अन्न भाग्य (मुफ्त चावल) और शक्ति (महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा) पहले से ही चल रही हैं और गृह लक्ष्मी योजना का उद्घाटन किया जाएगा। सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार ने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इसी उपलक्ष्य में यह नेक कार्य किया जा रहा है। इस देश में किसी अन्य कार्यक्रम या योजना पर इतना पैसा खर्च नहीं किया जाता।

स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए गरीबों की जेब में पैसा होना जरूरी : सिद्धारमैया

अपने और मुख्यमंत्री के बीच मतभेदों पर एक सवाल का जवाब देते हुए शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें टिप्पणियां करते रहने दीजिए। आप हमें साथ देखते रहेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके (विपक्ष) इस बारे में बात करना शुरू करने के बाद से उनके बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। दोनों नेताओं ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ चामुंडी पहाड़ियों के ऊपर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर के दर्शन किए। सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से कहा कि वह शिवकुमार के साथ विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले 9 मई को भगवान के दर्शन करने आए थे। हम विजयी हुए और बुधवार को प्रमुख गारंटी योजनाओं में से एक गृह लक्ष्मी को लागू कर रहे हैं।

कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी : शिवकुमार

मैसूरु। कावेरी विवाद पर बात करते हुए उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी। मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कावेरी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट जल्द ही अपना फैसला सुनाने वाला है और वह फैसले के बाद प्रतिक्रिया देंगे। कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) ने तमिलनाडु को 15 दिनों तक हर दिन 5 टीएमसी पानी छोड़ने का आदेश दिया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने कहा था कि आदेश अंतिम नहीं है। इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीडब्ल्यूडीटी ने इससे पहले सोमवार को अपना आदेश पारित किया था। गारंटी योजनाओं के बारे में बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि नाद देवता चामुंडेश्वरी के आशीर्वाद से सरकार गारंटी योजनाओं को लागू करने में सफल रही। शिवकुमार ने बताया कि चुनाव से पहले हमने देवता के सामने गारंटी कार्ड रखे थे और प्रार्थना की थी। उन्होंने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना 1.10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने वाली है।

पाकिस्तान में भारत की पहली महिला हाई कमश्निर होंगी गीतिका

उप्र की आईएफएस अफसर जल्द संभालेगी हिन्दुस्तान की कमान

■ जोगेन्द्र सोलंकी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। इन दिनों भारत और पाकिस्तान की दो महिलाएं सीमा हैदर और अंजू लगातार सुर्खियों में हैं लेकिन अब एक ऐसी भारतीय सुर्खियों में छाने वाली है जिससे हर भारतीय महिला का सिर गर्व से ऊंचा हो जाएगा। अगले कुछ दिनों में विदेश मंत्रालय की आईएफएस अधिकारी गीतिका श्रीवास्तव पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग की आजादी के बाद पहली महिला अंबेसडर के रूप में कमान संभालने वाली है। वह इस्लामाबाद में भारत की नई प्रभारी के तौर पर जल्द जॉइन करेंगी। गीतिका श्रीवास्तव ने साल 2004 में यूपीएससी परीक्ष पास की थी। उत्तर प्रदेश की रहने वाली गीतिका ट्रेनिंग पूरी होने के बाद वह 2005 में आईएफएस अफसर बन गई थीं। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में वह सुरेश कुमार की जगह लेंगी। सुरेश कुमार जल्द ही नई दिल्ली लौट सकते हैं। वे इस पद अस्थायी तौर पर एंबेसडर या हाई कमिश्नर नियुक्ति तक काम करेगी। विदेश मंत्रालय की ओर फिलहाल गीतिका की जॉइनिंग डेट सार्वजनिक नहीं की गई। गीतिका श्रीवास्तव फिलहाल विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुख्यालय में फिलहाल संयुक्त सचिव के पद पर इंडो पैसिफिक डिवीजन में कार्यरत हैं। साल 2007 से 2009 तक वह चीन में स्थित भारतीय दूतावास में भी काम कर चुकी हैं। चीन जाने से पहले उन्होंने विदेशी भाषा ट्रेनिंग के दौरान पहले मंदारिन (चीनी भाषा) सीखी थी उसके बाद ही वह चीन गई थीं।

इसके अलावा वह कोलकाता में क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिस में निदेशक के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि पहली बार किसी महिला को पाकिस्तान में भारतीय दूतावास का अंबेसडर बनाकर भेजे जाने से उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। वह भारतीय महिलाओं के लिए मिसाल बनेंगी और उनकी उपलब्धियां सभी को प्रेरित करने का काम करेंगी।

झारखंड के पलामू जिले में कार दुर्घटना में तीन की मौत

रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव के पास शाहपुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चढवना के पास कार की चपेट आने से कल देर रात तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 14 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में उदल प्रसाद चौरसिया, रोहित कुमार और मधु मेहता शामिल है। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ की स्थिति गंभीर बताई जाती है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शाहपुर-गढ़वा मार्ग स्थित चढवना टोला में दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और इसमें स्थानीय व आसपास गांव के लोग शामिल होने जा रहे थे तभी कार चालक ने पैदल चल रहे व्यक्तियों को रौंद दिया। कार चालक भागने के क्रम में अन्य 14 लोगों को चोटिल कर दिया। बाद में कार चालक एक किलोमीटर आगे कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

सांस्कृतिक कलाकारों के वेतन में तीस प्रतिशत बढ़ोतरी के आदेश

हैदराबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने तेलंगाना आंदोलन में शामिल हुए सांस्कृतिक कलाकारों के वेतन में तीस प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की है। सांस्कृतिक कलाकारों ने लोगों को जागरूक करके राज्य की उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार ने सोमवार को इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। देश के इतिहास में यह पहली बार है कि सरकार ने एक सांस्कृतिक संगठन की स्थापना की है और तेलंगाना आंदोलन में शामिल कलाकारों के परिवारों को अपने ही राज्य में नौकरियां प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने उन कलाकारों को मान्यता दी जिन्होंने तेलंगाना आंदोलन में भाग लिया और 583 लोगों को नौकरियां प्रदान कीं। उन्हें 24,514 रुपए प्रतिमाह दिया जाता था, अब मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सरकारी कर्मचारियों की तरह कलाकारों के वेतन में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की है। चन्द्रशेखर राव द्वारा लिए गए निर्णय को क्रियान्वित करते हुए आदेश जारी किये गये हैं। बढ़ी हुए वेतन के अनुसार अब उन्हें 31868 रुपए प्रति माह मिलेंगे। निर्देशानुसार नए वेतन 1 जून 2021 से लागू करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। 2015 में, उन्होंने उन कलाकारों को नौकरियां दीं जिन्होंने अपनी आवाज और कला को तेलंगाना आंदोलन के लिए समर्पित किया।

राजनीति *मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति में बड़े बदलाव की तैयारी*

40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का कट सकता है टिकट

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है और भाजपा इस बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में फिर से सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर चुनावी मैदान में उतर रही है। 2018 की गलतियों से सबक लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने रणनीति में व्यापक बदलाव किया है।

भाजपा ने इस बार एक तरफ जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा अन्य दिग्गज नेताओं को भी चुनाव प्रचार अभियान में आगे रखा है तो वहीं अब एंटी इनकंबेंसी के माहौल को कमजोर करने के लिए पार्टी ने अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काटने की भी तैयारी कर ली है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने राज्य के एक-एक विधान सभा सीट पर जीत हार के समीकरण को लेकर और वर्तमान विधायकों की सक्रियता, लोकप्रियता, उम्र, जनाधार और जीतने की क्षमता को लेकर कई स्तरों पर व्यापक और बड़े पैमाने पर सर्व करवाए हैं। पार्टी ने दूसरे राज्यों के नेताओं और खासकर विधायकों को मध्य प्रदेश में उतार कर हर विधानसभा सीट की ग्राउंड जानकारी एकत्र की है और इस आधार पर पार्टी ने अपने वर्तमान विधायकों को बड़े पैमाने पर बदलने का फैसला किया है।

■ मध्य प्रदेश में साल के अंत तक होने हैं विधानसभा चुनाव

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस बार अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काट कर उनकी जगह युवा और नए चेहरे को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है ताकि सत्ता विरोधी लहर को मात देकर उन सीटों पर फिर से जीत हासिल की जा सके। हालांकि, टिकट कटने वाले नेताओं की लिस्ट में कुछ ऐसे विधायक भी शामिल हैं जिनकी उम्र 75 पार हो चुकी है।

आपको बता दें कि, 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से थोड़ा ज्यादा वोट हासिल होने के बावजूद राज्य में सिर्फ 109 सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई थी। जबकि, कांग्रेस के उम्मीदवार 114 सीटों पर जीते थे। 2018 में भाजपा को मध्य प्रदेश में 41.02 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। जबकि, कांग्रेस को भाजपा से थोड़ा कम 40.89 प्रतिशत वोट मिला था। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे के विधायकों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बने। सिंधिया गुट के इस्तीफा देने वाले कई विधायक भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीत कर विधायक बने। वर्तमान में मध्य प्रदेश विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 127 है और पार्टी इनमें से 40 से ज्यादा विधायकों के टिकट काटने का मन बना चुकी है। आपको याद दिला दें कि, राज्य में विधान सभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही भाजपा हाल ही में अपने लिए कमजोर माने जाने वाली 39 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुकी है।

भाजपा ने पहले चरण में मध्य प्रदेश की 39 सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर 75 की उम्र तक के लोग शामिल हैं।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पत्नी : प्यार क्या है... ?
पति : इतनी ठंड में कोई आपकी गर्दन पर ठंडे-ठंडे हाथ लगा दे। फिर भी आप उसे गालियां ना दो...
बस यही प्यार है...!!!

एमसीडी में भी लागू होगी दिल्ली डोर स्टेप डिलीवरी योजना : शैली

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली की केजरीवाल सरकार की योजनाओं को अब एक-एक करके

■ **अक्टूबर माह से घर बैठे मिलेगा 23 योजनाओं का लाभ**

एमसीडी में लागू किया जा रहा है। निगम की आप सरकार ने अब डोर स्टेप डिलीवरी योजना को लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली नगर निगम की 23 सेवाएं अब लोगों को घर बैठे मिलेंगी। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मिलेगी। ट्रेड लाइसेंस, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि सुविधाओं के लिए सिर्फ 25 रुपए प्रति पेज या लाइसेंस देने होंगे। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि दिल्लली की जनता को आप सरकार से काफी उम्मीद थी। उसी उम्मीद को कायम रखते हुए घर बैठे लोगों को यह सुविधाएं उपलब्ध कराने जा रहे हैं। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मंगलवार को सिविक सेंटर में डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल

हर वार्ड में एक मोबाइल सहायक को किया जाएगा नियुक्त : शैली ओबरॉय

और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार जैसा मॉडल अब दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है। दिल्ली सरकार की तरफ से जनता को डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा दी गई। अब यह योजना दिल्ली नगर निगम में भी लागू करने जा रहे हैं। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर जाने में असमर्थ हैं या उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं है तो उन्हें घर पर एमसीडी की सुविधाएं दी जाएंगी। इसको लेकर सदन में 31 अगस्त को एजेंडा लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रॉपर्टी टैक्स, बर्थ सर्टिफिकेट, डेथ सर्टिफिकेट, हेल्थ ट्रेड लाइसेंस आदि 23 एमसीडी की सेवाएं घर बैठे मिलेंगी। क्योंकि दिल्ली में काफी ऐसे लोग हैं जिन्हें ऑनलाइन की? कम समझ है या उन्हें इंटरनेट सुविधा वाला फोन चलाना नहीं आता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली एमसीडी ने 20 से अधिक सुविधाएं डोर स्टेप डिलीवरी के तहत देने का फैसला किया है।

घर बैठे मिलेगी जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक की सुविधा : गोयल

सदन के नेता मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा देने जा रहे हैं। दिल्ली सरकार की तर्ज पर दिल्ली के लोगों को नगर निगम भी डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा मुहैया कराएगा। इसके तहत जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक की सुविधा घर बैठे मिलेगी। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के भीतर डोर स्टेप डिलीवरी शुरू की थी। जनता ने सीएम के इस फैसले को काफी सराहा था। इसके बाद अब दिल्ली एमसीडी में भी हम इस डोर स्टेप डिलीवरी शुरू करने जा रहे हैं। इसके तहत कुल 23 सुविधाएं दिल्ली की जनता को दी जाएगी। अब लोगों को नगर निगम में धक्के खाने के लिए नहीं आना पड़ेगा।

डंपिंग ग्राउंड बायोडायवर्सिटी पार्क में तब्दील

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। डिजिटल सेवाएं और समाधान प्रदान करने वाली वैश्विक कंपनी कोफॉर्ज लिमिटेड अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एक हरेभरे और ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य की दिशा में अहम कदम उठा रही है। कंपनी ने नोएडा के सैक्टर 108 एक डंपिंग ग्राउंड को बायोडायवर्सिटी पार्क में तब्दील करने का काम शुरु किया है, जिससे इस इलाके को बहुत लाभ होगा। इस बायोडायवर्सिटी पार्क का मूल लक्ष्य क्षेत्र की मूल प्रजातियों की रक्षा करना, पर्यावरण की गुणवत्ता में वृद्धि करना और नोएडा के लोगों के लिए संरक्षण, शैक्षिक और सांस्कृतिक महत्व बनाना है। नोएडा प्राधिकरण ने सैक्टर 108 में बतौर ग्रीन बेल्ट 10 एकड़ भूमि की पहचान की थी। लेकिन उसका इस्तेमाल कचरा फेंकने की जगह के तौर पर होने लगा। कोफॉर्ज ने एनजीओ सोशल ऐक्शन फॉर फॉरेस्ट एंड ऐन्वायर्नमेंट के सहयोग से नोएडा प्राधिकरण के साथ मिलकर मिनी बायोडायवर्सिटी पार्क की संकल्पना बनाई, जिसके तहत कचरे को हटाना, मिट्टी को साफ करना और उसे वृक्षारोपण के लिए तैयार करना शामिल था।

इथेनॉल में भारत के लिए आशाजनक संभावनाएं : नितिन गडकरी

■ डॉ. कला अय्यर

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे की उपस्थिति में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा तैयार किए गए दुनिया के पहले बीएस 6 स्टेज टू इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल का प्रोटोटाइप लॉन्च किया। इस अवसर पर टोयोटा के एमडी और सीईओ मसाकाजू योशिमुरा, किर्लोस्कर सिस्टम्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ गीतांजलि किर्लोस्कर, जापान दूतावास के राजदूत, राजनयिक, उच्च अधिकारी और सलाहकार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए हुए गडकरी ने कहा कि इथेनॉल एक स्वदेशी, पर्यावरण-अनुकूल और नवीकरणीय ईंधन है, जिसमें भारत के लिए आशाजनक संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि जिस दिन इथेनॉल अर्थव्यवस्था 2 लाख करोड़ की हो जाएगी, कृषि विकास दर मौजूदा 12 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगी। जैव ईंधन में नवाचारों का जिक्र करते हुए गडकरी ने असम के नुमालीगढ़ में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रिफाइनरी के बारे में भी बताया, जहां जैव इथेनॉल के निर्माण के लिए बांस का उपयोग किया जा रहा है। गडकरी ने कहा कि यह उन्नत वाहन इनोवा हाइक्रॉस पर आधारित है और इसे भारत के सख्त उत्सर्जन मानकों का पालन करने के अनुरूप तैयार किया गया है, जो इसे वैश्विक स्तर पर पहले बीएस 6 स्टेज टू इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल का प्रोटोटाइप बनाता है।

■ **दुनिया के पहले बीएस-6 स्टेज टू इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल का किया प्रोटोटाइप लॉन्च**

सार संक्षेप

मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर का नया डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सेंटर लांच

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी डायग्नोस्टिक सर्विस प्रोवाइडर मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने मंगलवार को दिल्ली के उत्तर पश्चिम जिले में स्थित रोहिणी में नया एवं एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सेंटर खोलने का एलान किया। इस नए डायग्नोस्टिक लैब की क्षमता हाई क्वालिटी रिपोर्ट के साथ रोजाना 200 से ज्यादा सैंपल टेस्ट करने की है। आईएमए हेडक्वॉर्टर्स के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी और दिल्ली मेडिकल काउंसिल के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नरेश चावला ने कहा कि रोहिणी में इस नए लैब का उद्घाटन करने की मुझे खुशी है। यहां मरीजों को व्यापक डायग्नोस्टिक टेस्ट की रेंज मिलेगी। आसानी से और समय पर हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सर्विस का मिलना सफल इलाज और मरीज के जीवन को बचाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को सक्षम बनाता है, जिससे वे मरीज के इलाज से जुड़ा सही फैसला ले पाते हैं। मेट्रोपॉलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सुरेंद्रन चेमेनकोट्टिल ने कहा कि विगत वर्षों में मेट्रोपॉलिस ने 10 एडवांस्ड लैब और 60 से ज्यादा पेशेंट कलेक्शन सेंटर खोलते हुए दिल्ली में अपनी उपस्थिति को बढ़ाया है, जो राज्य में कई अस्पतालों और डॉक्टरों को अपनी सेवाएं देते हैं।

जी-20 को लेकर टाटा पावर डीडीएल ने कसी कमर

नई दिल्ली। जी-20 की तैयारियों के मददेनजर टाटा पावर डीडीएल ने भी कमर कस लिया है। जी-20 की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उत्तर और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के महात्मा गांधी मार्ग आजादपुर चौक से बेला रोड, सिविल लाइन तक मुकरबा चौक से आजादपुर, मुकरबा चौक से सिंघु बोर्डर तक एक साथ कई कार्यों में जुटा हुआ है। टाटा पावर डीडीएल की प्रवक्ता ने बताया कि जी-20 को लेकर हम अपने हम अपने स्टेशन सब-स्टेशन और पर्याप्त बिजली उपलब्धता में सुधार करके प्रमुख सड़कों की विश्वसनीयता सुनिश्चित कर रहे हैं। इन इलाकों में ब्लैक स्पॉट की पहचान कर वहां रोशनी बहाल की गई है।

निगम कर्मियों का किया जा रहा उत्पीड़न : कमलजीत

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं नगर निगम मे नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में महापौर डा.शैली ओबरॉय द्वारा नगर निगम सदन की बैठक रक्षाबंधन के दिन बुलाने की और निगम कर्मियों का उत्पीड़न करने की निंदा की। पत्रकार वार्ता का

■ **भाजपा ने निगम बैठक रक्षाबंधन के दिन बुलाने की निंदा की**

■ **आप नेताओं पर लगाया निगम को मनमाने तरीके से चलाने का आरोप**

संचालन दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और वरिष्ठ निगम पार्षद शिखा राय एवं सत्या शर्मा ने भी निगम बैठक रक्षाबंधन के दिन बुलाने की निंदा की। कमलजीत सहरावत ने कहा की जब से आम आदमी पार्टी को दिल्ली नगर निगम की सत्ता मिली है उसके नेता नगर निगम को मनमाने तरीके से चलाना चाह रहे हैं। स्थाई समिति का गठन ना करके दिल्ली नगर निगम की प्रशासनिक एवं आर्थिक व्यवस्थाओं को ठप्प कर दिया है और अब जानबूझकर कर नगर निगम सदन की महीने मे केवल एक बैठक बुलाते हैं वह भी माह के अंतिम दिन। भाजपा महामंत्री ने कहा की इस अगस्त माह की बैठक भी महापौर ने माह के अंतिम दिन 31 अगस्त को बुलाई है जिस दिन रक्षाबंधन का पर्व है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। कमलजीत सहरावत ने कहा की रक्षाबंधन के दिन बैठक रख आप ने अपना हिन्दू पर्व विरोधी एवं बहनों के प्रति असमान का चेहरा दिखाया है।

रक्षाबंधन के दिन बैठक का करेंगे बहिष्कार

सहरावत ने कहा की यदि आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम की बैठक रक्षाबंधन के दिन आयोजित करेगी तो भाजपा पार्षद बैठक का बहिष्कार करेंगे। दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा की 25 अगस्त को जैसे ही निगम सदन बैठक का नोटिस आया तो उन्होने महापौर डा. शैली ओबरॉय से बैठक का दिन बदलने का अनुरोध किया पर उन्होंने हठधर्मी बरतते हुए हमारी बात नहीं मानी अत: अब हम बैठक का बहिष्कार कर आम आदमी पार्टी का हिन्दू पर्व विरोधी चेहरा बेनकाब करेंगे। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की आम आदमी पार्टी एक आराजक पार्टी है ना उसके नेता प्रशासन को नियमों से चलाते हैं ना मान्यताओं से। वह आज निगम बैठकों को भी उसी हठधर्मी से करना चाहते हैं जैसे दिल्ली विधानसभा को चलाते हैं विपक्ष को बाहर रख के।

पैरामेडिकल में किए जा सकते हैं डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट लेवल के कोर्सेज : डॉ. अरूणा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कोरोना महामारी के बाद कई क्षेत्रों में रोजगार बहुत तेजी से बढ़ा है। इसमें सबसे आगे है पैरामेडिकल का क्षेत्र पैरामेडिकल हेल्थकेयर से जुड़े वे प्रोफेशनल्स होते हैं, जो किसी भी अस्पताल और नर्सिंग होम्स में पेशेंट की देखभाल करने और उनके इलाज में मदद करने की जिम्मेदारी उठाते हैं।

इमरजेंसी होने पर प्राथमिक मेडिकल उपचार देने का काम पैरामेडिकल स्टाफ ही करता है। डीपीएमआई की प्रिंसिपिल डॉक्टर अरूणा सिंह के मुताबिक कोविड के बाद से हेल्थकेयर सर्विस में विशेषकर अस्पताल, आईसीयू, सीसीयू और पैथोलॉजी सेंटर आदि में ट्रेंड पैरामेडिकल स्टाफ की सबसे अधिक जरूरत बढ़ी है, अत: हेल्थकेयर से जुड़े सभी संस्थान बड़ी संख्या में लैब टेक्निशियन, नर्सिंग असिस्टेंट, रेडियोलॉजी टेक्निशियन, फार्मासिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट जैसे पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स की भर्तियां कर रहे हैं। 10वीं या 12वीं पास करने के बाद विद्यार्थी पैरामेडिकल से संबंधित विभिन्न कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

पैरामेडिकल में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट लेवल के कोर्सेज किए जा सकते हैं। जैसे ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट, एक्स-रे टेक्निशियन, ईसीजी असिस्टेंट, सीटी स्कैन टेक्नीशियन, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, एंबुलेंस अटेंडेंट, मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नीशियन, डेंटल असिस्टेंट, फिजियोथेरेपिस्ट, डायलिसिस टेक्नीशियन और एमआरआई टेक्नीशियन आदि।

स्कूली छात्राओं ने कुलजीत चहल को बांधी राखी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल के साथ स्कूली छात्राओं ने अनोखे ढंग से रक्षा बंधन का उत्सव मनाया। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली को संवारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए इस कार्य में लगे कर्मचारियों को राखी बांधकर रक्षा बंधन मनाया। साथ ही श्रमिकों और कर्मचारियों को शहर की स्वच्छता और हरियाली और संवारने के लिए भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूली विनय मार्ग स्थित नवयुग स्कूल की छात्राओं ने एनडीएमसी सदस्य कुलजीत चहल और उद्यान विभाग के कर्मचारियों को राखी बांधी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को राखी भी भेजकर त्योहार की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एनडीएमसी सदस्य चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली वासियों को विकास के रूप में कई तौहफे दिए है। साथ ही उनके मार्गदर्शन से दिल्ली को जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए तैयार किया गया है।

दिल्ली की जनता की यथाशक्ति मदद करने की करेंगे कोशिश : मलिक

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था इन्द्रप्रस्थ संजीवनी का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रसिद्ध समाजसेवक एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता आर डी मलिक से मिला। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा ने आर डी मलिक को संरक्षक मनोनीत किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने हनुमान जी की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भी उन्हें भेंट की। इस मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवक एवं संस्था के संरक्षक जगदीश भाटिया (मोदी जी), उपाध्यक्ष सरदार बलवीर सिंह, डॉ. बलजिंदर सिंह, नसीम अख्तर, संजीव गुप्ता, आशीष पांडे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर आर डी मलिक ने कहा कि संरक्षक के रूप में दिल्ली की जनता की यथाशक्ति मदद करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि इन्द्रप्रस्थ संजीवनी से आज की तारीख में 50 हजार से

अधिक दिल्लीवासी स्वैच्छिक रूप से जुड़े हैं। संस्था मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे कि नमामि गंगे, स्वच्छता अभियान के प्रति जागरुकता फैलाने के काम करती रही है। इस क्रम में संस्था अब तक 8 लाख गंगाजल की बोतलें नि:शुल्क बांट कर उन्हें गंगा स्वच्छता की शपथ दिला चुकी है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अरोड़ा की पहल पर आज वाराणसी के अस्सी घाट पर रोजाना संध्या आरती से पहले श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई जाती है।

लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ हाईवे लुटेरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इस गिरोह के सदस्य लिफ्ट के बहाने लोगों का अपहरण कर उन्हें लूटते थे। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के लोनी निवासी फारुख (32), शबाब (21) और यामीन (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने 21 अगस्त को मिली शिकायत के बाद इन्हें गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हरियाणा के गुरुग्राम में अपने कार्यालय जाने के लिए आईएसबीटी आनंद विहार के एंट्री गेट पर वाहन का इंतजार कर रहा था। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि एक सफेद मारुति डिजायर कार में तीन अज्ञात लोगों ने उन्हें दिल्ली के वसंत कुंज तक लिफ्ट देने की पेशकश की, और उन्होंने स्वीकार कर लिया। कुछ दूरी तय करने के बाद आरोपी ने किसी नुकीली चीज का इस्तेमाल कर पीड़िता को अपने कब्जे में ले लिया।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	**कार्य का नाम व स्थान :** दिल्ली डिवीजन में 18 नंबर्स ट्रैक्शन सबस्टेशनों की मैनिंग।
2	**अनुमानित लागत :** रु. 4,19,27,200.48/-
3	**बयाना राशि :** रु. 3,59,600/-
4	**प्री-बिड मीटिंग की तिथि और समय :** 01.09.2023 (11.30 बजे)
5	**ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 08.09.2023 (10.30 बजे) से 22.09.2023 (15.00 बजे तक)
6	**ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 22.09.2023 (15.00 बजे)
7	**निविदा छपाई की लागत :** 070-410-32
8	**वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

सं.: 28-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक: 28.08.2023 2674/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

1	निविदा संख्या	E-File No 204377
2	कार्य का नाम और कार्य स्थान	आरसीएनके/एसएनपी में एमएलआर अनुसूची के दौरान एलएचबी कोचों में संक्षारण मरम्मत और अगले भाग के प्रतिस्थापन के लिए निविदा।
3	अनुमानित लागत	रुपये Rs. 1,91,40,755.00/- जीएसटी सहित
4	बयाना राशि	रु. 2,45,700.00/-
5	निविदा फार्म का मूल्य	शून्य
6	कार्य अवधि	अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने
7	निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय	दिनांक 11.09.2023 खुलने का समय 11:00 बजे।
8	निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट	उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in
9	यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।	

पत्र सं. E-File-204377 दिनांक : 29.08.2023 2683/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तैयारी *रक्षाबंधन पर्व को लेकर डीएमआरसी ने की विशेष तैयारी*

चलेगी 106 अतिरिक्त मेट्रो, डीटीसी भी चलाएगी अतिरिक्त बसें

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन पर दिल्ली मेट्रो ने विशेष तैयारी की है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख अतिरिक्त मेट्रो ट्रेन चलाने के साथ ही कई ट्रेनों को स्टैंडबाय में भी रखा गया है। ताकि यात्रियों की भीड़ बढ़ते ही उसे ट्रैक पर दौड़ाई जा सके। वहीं डीटीसी ने भी त्योहार को ध्यान में रख ज्यादा से ज्यादा सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाने की तैयारी की है। जिस रूट पर ज्यादा मांग होगी उस रूट पर अतिरिक्त बस उतार कर यात्रियों की राह आसान की जाएगी।रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं।

बीते सालों में रक्षाबंधन के दिन दिल्ली मेट्रो में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ होने का अनुभव रहा है। इसे देखते हुए बुधवार को अन्य दिनों के मुकाबले 106 अतिरिक्त ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। भारी भीड़ से निपटने के लिए सभी स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती रहेगी साथ ही अतिरिक्त टिकट काउंटर भी खोले जाएंगे। ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी और टाइमिंग को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल के अनुसार पूरे दिन अतिरिक्त टिकट काउंटर खुले रहेंगे। यात्रियों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर ग्राहक सुविधा एजेंट तैनात रहेंगे। पूरी टीम मॉनिटरिंग करेगी। उधर, दिल्ली परिवहन निगम ने भी खास इंतजाम यात्रियों को लिए किया है। कश्मीरी गेट, आनंद विहार व सराय काले खां बस अड्डे की ओर आने-जाने वाली बसों के चार से पांच फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दिलली मेट्रो का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली की लाइफ लाइन कही जाने वाली मेट्रो ने नया यात्रियों को सफर कराने का रिकार्ड कायम किया है। सोमवार को 68.16 लाख यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया। यह संख्या कोविड काल के पहले और अब तक की सबसे अधिक है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने 10 फरवरी 2020 को अधिकतम 66,18,717 दैनिक यात्रियों की संख्या दर्ज की थी। यह रिकार्ड भी सोमवार को टूट गया। डीएमआरसी का कहना है कि यह उपलब्धि समर्पित कर्मचारियों के प्रयासों, दिल्ली एनसीआर निवासियों के समर्थन से प्राप्त हुआ है। विश्व स्तरीय परिवहन लोगों के विश्वास को दर्शाता है। रक्षा बंधन को ध्यान में रख डीटीसी ने बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए कमर कस ली है। बुधवार को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बस चलाने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए यातायात आवश्यकता की पूर्ति के लिए इलेक्ट्रिक बसों को छोड़कर शेष सभी एक्टिव सीएनजी बसें विभिन्न रूट पर दौड़ेंगी। बसों की मांग जिस रूट पर ज्यादा होगी उस रूट पर यातायात निकासी की निगरानी के लिए चेकिंग स्टॉफ तैनात रहेंगे। महिला यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा।

■ **भीड़ से निपटने के लिए सभी स्टेशनों पर खेले जाएंगे अतिरिक्त टिकट काउंटर**

मेट्रो में एक दिन में 68 लाख यात्रियों ने किया सफर

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो ने एक दिन में सफर करने वालों का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। दिल्ली मेट्रो ने 28 अगस्त को कोविड-19 महामारी से पहले और उसके बाद के बाद सिर्फ एक दिन में 68 लाख 16 हजार लोगों ने मेट्रो में सफर किया। डीएमआरसी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। डीएमआरसी ने कहा कि इससे पहले 10 फरवरी 2020 को 66 लाख 18 हजार 717 लोगों ने एक दिन में सफर किया था। इस बार रक्षा बंधन के त्योहार से कुछ दिन पहले रिकॉर्ड आंकड़े दर्ज हुआ है। इस अवसर पर यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन इस बार यह कुछ दिन पहले हुआ।

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

आरआरटीएस कॉरिडॉर की पूरी टनल बनाने के कार्य को 18 महीने से भी कम समय में पूरा किया गया है। देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत खंड की कुल 12 किमी की लंबाई में समानांतर सुरंगों को बोर करने के लिए कुल सात (7) अत्याधुनिक सुदर्शन, टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग किया गया है।

पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता

डंपिंग ग्राउंड नहीं अब बनेगा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-123 में जहां 2018 में डंपिंग ग्राउंड बनाया जा रहा था। वहां अब आलीशान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इसका एक प्रेजेंटेशन नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के सामने किया गया। लोकेश एम ने बताया कि प्रेजेंटेशन को देखा गया। इसमें कुछ संशोधन बताए गए है। इसे

- **26 एकड़ में इंडोर व आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के साथ बनेगा मल्टीपर्पज हॉल**
- **34 करोड़ होंगे खर्च**

इंटरनेशनल मानकों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। ताकि यहां से अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर बाहर निकले।

दरअसल, 2018 में एनजीटी ने सेक्टर-54 लैंड फिल साइट पर कूड़ा नहीं फेंकने का आदेश दिया। समस्या ये थी नोएडा से रोजाना निकलने वाले 600 मेट्रिक टन कूड़े को कहा डंप किया जाए। मास्टर प्लान में सेक्टर-123 के इस 9 हजार वर्गमी जमीन पर लैंडफिल साइट बनाने का निर्णय लिया गया और यहां भारी पुलिस फोर्स के साथ काम शुरू किया गया। इसका यहां की सोसाइटी और ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। राजनीतिक रूप से मामला तूल पकड़ने के बाद इसका स्थान बदलकर सेक्टर-145 किया गया। और गड्ढे को ढक दिया गया।

पार्किंग और मल्टीपर्पज हॉल का होगा निर्माण

स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग बनाई जाएगी। इसकी क्षमता 144 कार की होगी। इसके अलावा टू व्हीलर की अलग पार्किंग होगी। एक मल्टीपर्पज हॉल तैयार किया जाएगा। इसकी सिटिंग क्षमता 400 के आसपास होगी। इन सभी का डिजाइन तैयार किया जा चुका है।

इन सेक्टरों और खिलाड़ियों को होगा फायदा

नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नाम पर सेक्टर-21ए स्टेडियम है। यहां भी अधिकांश सुविधाएं है। लेकिन भीड़ होने की वजह से खिलाड़ी को स्थान नहीं मिल पाता। ऐसे में नया बनाया जा रहा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स काफी हद तक उभरते हुए खिलाड़ियों को सहुलियत देंगे। इसके अलावा सेक्टर-122, पर्थला, सेक्टर-119, सेक्टर-121, सर्फाबाद और ग्रेनो वेस्ट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

2018 के बाद से ये लैंड खाली थी। प्राधिकरण ने इस जमीन का भू प्रयोग बदला और इसे स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए यूज करने के लिए कहा गया। सलाहकार कंपनी ओरायन आर्किटेक्टस को हायर किया गया। जिसमें करीब 26.65 एकड़ में अपना प्लान बनाकर सीईओ के सामने प्रस्तुत किया। ओरायन आर्किटेक्टस की पार्टनर नीलिमा ने बताया कि सीईओ ने संसोधन के लिए कहा है। इस पर काम किया जा रहा है।

अब जानते है स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बारे में

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि स्पोर्ट्स कांप्लैक्स को दो फेज में तैयार किया जाएगा। पहला फेज 14.92 एकड़ का होगा और दूसरा फेज 11.73 एकड़ का होगा। इन दोनों फेज में बनने वाली स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए 34.43 का बजट बनाया गया है। हालांकि बजट में वैरिएशन हो सकता है।

कांप्लैक्स में इंडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं

बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, स्कावयश

आउटडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं

क्रिकेट ग्राउंड, बॉलीबॉल, कबड्डी, लांग टेनिस, खो-खो, जेबलिन थ्रो

जिमनास्ट की सुविधा

लांग जंप, हाई जंप, 200 मीटर रेसिंग ट्रैक।

भारतीय किया यूनियन (मंच) ने सीईओ के सामने रखी मांग, मिला सकारात्मक जवाब

नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मांगों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (मंच) के किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ बैठक की। भारतीय किसान यूनियन (मंच) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने सिलसिलेवार सभी मुद्दों जैसे की आबादी विनियमतिकरण, 10 प्रतिशत और 5 प्रतिशत के मूल प्लॉट, कामर्शियल एक्टिविटी पर बातचीत हुई। वहीं जो मुद्दे शासन स्तर पर लंबित है उन्हें पुन: एक बार रिमाइंडर भेजने के लिए कहा गया।

किसानों ने कहा कि प्राधिकरण स्तर पर जिन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। उन्हें तुरंत करने के लिए कहा गया जिसमें 450 मीटर तक की आबादी का विनियमतिकरण, पेरीफेरल रोड के अंदर की गैर पुश्तैनी आबादी व कामर्शियल एक्टिविटी पर बनी कमेटी की अगली मीटिंग कर उस पर निर्णय लेने के लिए कहा गया। भूलेख डिपार्टमेंट में 5 प्रतिशत के मूल प्लॉटों की पत्रावली तैयार कर उन्हें प्लानिंग डिपार्टमेंट में भेजने पर सकारात्मक बात हुई। प्लानिंग डिपार्टमेंट में जो प्लॉट पिछले कई वर्षों से पड़े हुए हैं। उन्हें एक नया सेक्टर बनाकर किसानों को तुरंत अलॉटमेंट लेटर देने की बात हुई। सेक्टर 146 को लेकर प्लॉट देने पर सकारात्मक वार्ता हुई। जब तक आबादी विनियमतीकारण की प्रक्रिया नहीं हो जाती किसी भी सर्कल से आबादी तोड़ने का नोटिस नहीं भेजा जाएगा। कमर्शियल एक्टिविटी के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र की आबादी का विनियमितीकरण नहीं रोका जाएगा। इस मौके पर सीईओ लोकेश एम ने कहा की जल्द ही प्राधिकरण के बड़े अधिकारी भी मौका मुआयना कर आबादी निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे। किसानों के सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने इस मीटिंग को सकारात्मक बताया।

रात 29 अगस्त 12 बजे से फ्री में सफर करेंगी महिलाएं

नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन पर मंगलवार से रोडवेज बसों में बहनों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस बार बहनें दो दिन बस में मुफ्त सफर कर सकेंगी। डिपो से 24 घंटे यात्रियों को बस की सुविधा मिलेगी। बस दो से छह अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। इसके अलावा पूछताछ कक्ष 24 घंटे काम करेगा। इसके लिए आप 0120-2507864, 9557789076 , 7906352776 और टोल फ्री नंबर 18001802877 पर फोन कर सकते है। मोरना स्थित नोएडा डिपो में 180 बस हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बस हैं। डिपो से लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, एटा, कासगंज, बदायूं, बरेली, मेरठ, आगरा, मथुरा, कोटद्वार, हरिद्वार, बिजनौर, नजीबाबाद समेत तमाम शहरों के लिए बसें चलती हैं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि बसें दूरी के आधार पर दो से छह अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। इसमें सबसे ज्यादा बसों का संचालन नोएडा-ऐटा-मैनपुरी -कासगंज रूट पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक सभी महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर की सुविधा मिलेगी। टिकट मशीन में तीन तरह के विकल्प रखे गए हैं। इसमें टिकट भुगतान के लिए नकद और यूपीआई का विकल्प मिलेगा। इसके अलावा तीसरा विकल्प महिलाओं के लिए टिकट का होगा। उन्होंने कहा कि नोएडा डिपो से एसी बसों की सुविधा नहीं है। अन्य डिपो की एसी बस नोएडा होकर निकलती हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की साधारण ही नहीं एसी बसों में भी नि:शुल्क सफर की सुविधा महिलाओं को मिलेगी। हर साल प्रदेश सरकार की ओर से बहनों को यह सौगात दी जाती है।

- **रक्षाबंधन पर यूपी रोडवेज का तोहफा**
- **बसे 6 फेरे लगाएंगी अतिरिक्त, जारी किए गए नंबर**

सार संक्षेप

ईपीसी मॉडल पर होगा चिल्ला एलिवेटेड का निर्माण

नोएडा। चिल्ला व भंगेल एलिवेटेड रोड का काम बंद पड़ा हुआ है। इन दोनों का काम शुरू करने के लिए इसी महीने हुई बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखे गए थे। चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम ईपीसी मॉडल पर होगा। इसके लिए सेतु निगम को इस मॉडल पर एक प्रस्तुतीकरण प्राधिकरण को देना होगा। इसके लिए सीईओ ने निर्देश जारी कर दिया है। इसके बाद सेतु निगम निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी करेगा। इसके अलावा भंगेल एलिवेटेड रोड के लिए निर्माण कंपनी ने करीब 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मांग कर रखी है। इसमें इस लागत का एक हिस्सा जीएसटी का और दूसरा निर्माण सामग्री के प्रयोग होने व कीमत का है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि करीब 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट जल्द मंजूर दिए जाने की तैयारी चल रही है।

शहर में जल्द चलेंगी 10 इलेक्ट्रिक बस

नोएडा। सार्वजनिक परिवहन सेवा को बढ़ावा देने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी तेज कर दी है। शहर में पहले चरण में 10 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इन बसों को उपलब्ध कराने की मांग नोएडा प्राधिकरण शासन से करेगा। इसके लिए इसी सप्ताह शासन को पत्र लिखा जाएगा। ये बसें सेक्टर-82 सिटी बस टर्मिनल से शहर के नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच भी चलाई जाएंगी। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन सेवा को बढ़ावा देने के लिए शासन से जल्द बसें देने की मांग की जाएगी। मुख्यमंत्री की भी प्राथमिकता है कि ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएं। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर-82 सिटी बस टर्मिनल में चार्जिंग स्टेशन लगवाने के लिए डीजीएम को निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने 25 बसें चलाने का टेंडर भी जारी किया था लेकिन उसकी मंजूरी की फाइल अटक गई।

हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए शासन को लिखेगा पत्र

नोएडा। सेक्टर-151ए में बनने वाले हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए नोएडा प्राधिकरण जल्द शासन को पत्र लिखेगा। टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ एक कंपनी आई हुई है, ऐसे में शासन स्तर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरु की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई थी। इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। अब फाइनेंशियल बिड खोली जानी है। टेंडर में सिर्फ एक कंपनी आई थी और यह परियोजना बड़ी है, ऐसे में शासन से मंजूरी ली जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए शासन को पत्र भेज दिया जाएगा। ऐसे में अगले महीने शासन स्तर पर बिड खोलने की बैठक होगी। इसके बाद काम शुरू होगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि तीन-चार महीने में काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि पहले फेज में तीन हेलीकॉप्टर चलाए जाएंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर की संख्या में इजाफा किया जाएगा। हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च अनुमानित है।

पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर शाहदरा ड्रेन से दूर होगी दुर्गंध

नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में शाहदरा ड्रेन के पास से जाने पर अब दुर्गंध नहीं आएगी। प्राधिकरण इसके लिए प्लान तैयार कर रहा है। यहां मशीनों के जरिए, फ्लावर बेड या जलीय पौधों के जरिए पानी का बॉयोलॉजिक्ल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर को बढ़ाया जाएगा। जिससे जलीय जीव को जलीय शैवाल को फायदा होगा। इससे ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया होगी और पानी से उठने वाली दुर्गंध धीरे-धीरे कम होगी। प्राधिकरण इस पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लगाएगा। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इसके लिए सलाहकार कंपनी हायर की जा रही है। ये कंपनी सेक्टर-14ए के पास शाहदरा ड्रेन के नाले पर अपना प्रोजेक्ट लगाएगी। ये काफी नजदीक भी रहेगा ताकि रोजाना इस प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग की जा सके। प्रोजेक्ट रिपोर्ट आने के बाद यदि सबब ठीक रहता है और बीओडी का स्तर बढ़ता है तो शाहदरा ड्रेन और अन्य बड़े नालों में इस प्रोजेक्ट को अप्लाई किया जाएगा। ताकि नाले और नालियों से उठने वाली दुर्गंध को कम किया जा सके। बता दे इससे पहले भी शाहदरा ड्रेन के किनारों पर खुशबू दार पौधे लगाकर दुर्गंध को कम करने का प्रयास किया गया था लेकिन प्रोजेक्ट फेल हो गया था। इसके अलावा शाहदरा ड्रेन में इन सीटू वेटलैंड भी बनाए गए है। सीईओ ने बताया कि वेटलैंड अपना काम कर रहे है। लेकिन इस प्रोजेक्ट से बीओडी में बढ़ोतरी होगी जो जलीय जीवो के लिए भी बेहतर होगा।

- **सलाहकार कंपनी का किया जा रहा चयन**

बाडी बनाने वाला 1 करोड़ का नकली फूड सप्लीमेंट बरामद

नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सावधान कही आप बाडी बनाने के चक्कर में नकली फूड सप्लीमेंट का सेवन तो नहीं कर रहे। नोएडा के थाना सेक्टर-63 पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में फर्जी फूड सप्लीमेन्ट, रैपर,

- **गुरुग्राम से ली ट्रेनिंग, नोएडा में बना रहे थे सप्लीमेंट, तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

खाली डिब्बे, पैकिंग मशीन व प्रिन्टिंग मशीन बरामद की है। जिनकी कीमत करीब 95 लाख से 1 करोड़ रुपये है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि ये लोग नकली फूड सप्लीमेन्ट को बहुत कम खर्चे में तैयार कर और असली फूड सप्लीमेन्ट के रूप में कंपनी का रैपर लगाकर ऊंची कीमतों में बेचते थे। उन्होंनें बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों ने लगभग दो साल तक गुरुग्राम में सप्लीमेन्ट बनाने का काम सीखा था। इसके बाद तीनों यश नाम एक व्यक्ति के संपर्क में आए। जिसने इनकी मदद की और चारों ने खुद का काम करना शुरू कर दिया। जिससे ये लोग काफी मोटा मुनाफा कमाते थे। ये बहुत कम खर्चे में बिना मापदंड व लैब परीक्षण के फर्जी फूड सप्लीमेन्ट तैयार कर और असली फूड सप्लीमेन्ट के रूप में कंपनी का रैपर लगाकर बेचते थे। उन्होंने बताया कि एक किलोग्राम का फूड सप्लीमेंट कार्टल-वे कंपनी का डिब्बा तैयार कर ये लोग उसे मार्केट में 4,000 से 5,000 रुपए तक का बेचते थे। इन तैयार फर्जी फूड सप्लीमेंट को दिल्ली, हरियाणा के अलग-अलग शहरों व नोएडा आदि क्षेत्रों में बेचा जाता था। पुलिस को जानकारी मिलने पर सेक्टर-63 पुलिस ने सी-140, सेक्टर-63 पर छापा मारकर अमित कुमार साव पुत्र ढालचन्द, अजय सिहं पुत्र माधव सिंह व रोशन पुत्र दिनेश को फर्जी फूड सप्लीमेन्ट जिसमें कुछ तैयार माल व कुछ अधबना माल, रैपर, खाली डिब्बे, पैकिंग मशीन व प्रिन्टिंग मशीन आदि के साथ गिरफ्तार किया।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत भागों के लिए सुरंग बनाने का कार्य पूरा

गाजियाबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रैपिड एक्स ट्रेन प्रोजेक्ट लगातार आगे बढ़ रहा है। इसकी कड़ी में आनंद विहार से साहिबाबाद के बीच इस 2 किमी लंबी टनल (सुरंग) के पूरा होने के साथ ही अब सम्पूर्ण दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की टनलिंग (सुरंग बनाने) का काम पूरा हो गया है। एनसीआर में तेज गति की रीजनल कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के तहत, आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने वैशाली रिट्रीविंग शाफ्ट, गाजियाबाद में सुदर्शन 4.4 के टीबीएम ब्रेक थ्रू के साथ ही एक प्रमुख मील का पत्थर हासिल किया।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, विनय कुमार सिंह ने एनसीआरटीसी के निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में रिमोट बटन दबाकर टनल ब्रेक थ्रू की शुरुआत की। सफल ब्रेक थ्रू के साथ ही टनल बोरिंग मशीन टनल का निर्माण कार्य बाहर निकल आई। सुदर्शन 4.4 को आनंद विहार में निर्मित लॉन्चिंग शाफ्ट पर टनल बनाने के लिए उतारा गया था, जो अब वैशाली रेट्रीविंग शाफ्ट से बाहर निकल रहा है। एनसीआरटी सी के प्रवक्ता पुनीत वत्स में बताया कि आरआरटीएस कॉरिडॉर की पूरी टनल बनाने के कार्य को 18 महीने से भी कम समय में पूरा किया गया है।

देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत खंड की कुल 12 किमी की लंबाई में समानांतर सुरंगों को बोर करने के लिए कुल सात (7) अत्याधुनिक सुदर्शन, टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) का उपयोग किया गया है। कॉरिडॉर का शेष 70 किमी लंबा भाग एलेवेटेड़ है, जिसके लिए लगभग 80 प्रतिशत वायाडक्ट बनाने का काम पूरा हो चुका है।

बागू में कोरी समाज की बैठक संपन्न

गाजियाबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कोरी समाज की बैठक गाजियाबाद के कृष्णा नगर बागू में आहूत की गई। बैठक में कोरी समाज के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने में हो रही परेशानी एवं कोरी समाज के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर ने कोरी समाज के सभी लोगों को जागरूक करते हुए, कोरी समाज के सम्मानित लोगों से अपील की कि कोरी समाज के सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की एवं सामाजिक व राजनीतिक कार्यों में अग्रणी रहने के लिए आग्रह किया। समाज के व्यक्तियों को किसी भी परेशान से उभरने के लिए हर प्रकार की संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि गाजियाबाद में कोरी समाज बहुत अधिक संख्या में निवास करता है परंतु किसी भी राजनीतिक दल की निगाहें समाज के उत्थान के लिए आगे नहीं आ रही है हमें समाज का शक्ति प्रदर्शन करके सभी राजनीतिक दलों को बताना होगा कि गाजियाबाद में कोरी समाज बहुत बड़ी संख्या में

सत्ता के भागीदारी के लिए संघर्ष करे कोरी समाज : लेखराज

निवास करता है। पूर्व पार्षद चंपा माहौर व कोरी समाज के वरिष्ठ नेता धनपाल सिंह कोरी ने कहा कि समाज को अब जागरुक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक बांकेलाल कोरी, किशन सिंह माहौर, राजपाल सिंह माहौर, चंद्रपाल कोरी, खूबीराम कोरी, बुद्धसैन कोरी, कुंदन लाल कोरी, शंकर लाल कोरी, रमेश चंद कोरी, बेनी प्रसाद कोरी, राम किशन कोरी, महेश चंद विनोद कुमार कोरी, राजकुमार राजू, रोशनी कोरी, गीता कोरी आदि उपस्थित रहे।

महापौर ने किया 6 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

गाजियाबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने आज छह करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया है। अमृत स्टील कंपाउंड में जी टी रोड से चिपयाना फाटक तक 1600 मीटर सड़क (लागत 3 करोड़ 44 लाख),पार्षद शीतल देओल के वार्ड 9 मेरठ रोड पर मूवी वर्ल्ड के पास से आर्य नगर चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण एवं 550 मीटर डेन्स द्वारा सड़क सुधार कार्य (लागत 1 करोड़ 20 लाख) एवं पार्षद छाया त्यागी के वार्ड 11 नंदग्राम उत्तरांचल भवन के पास सी सी रोड का निर्माण कार्य (लागत 1 करोड़ 59 लाख) के विकास कार्यों का शिलान्यास महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें नगर आयुक्त मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अवस्थापना निधि ने महापौर की अध्यक्षता में पास हुए थे उसके उपरांत उक्त कार्यों की निविदा मांगी गई थी जिनके आज कार्य शुरू कराए गए है। यह विकास कार्य शहर में उद्योगिक क्षेत्रो को साफ सुंदर बनाने के लिए भी किया जा रहा है जिससे गाजियाबाद में आने वाले बाहरी व्यक्ति शहर से एक मैसेज लेकर जाए, साथ ही स्थानीय उद्योग बन्धु बहुत समय से अपने अपने क्षेत्रों में सड़क बनवाने का प्रयास कर रहे थे जिसको लेकर निगम की अवस्थापना निधि आयी और उक्त कार्यों को पास कराकर आज कार्य शुरू किया है। महापौर सुनीता दयाल ने

कार्यों के होने से शहर की दशा व दिशा दोनों बदलेंगी : सुनीता

बताया कि कार्य को लेकर स्थानीय उद्योगिक इकाई लगातार प्रयासमय रही है लेकिन उक्त कार्य को अच्छा गुणवत्तापूर्ण करने की जिम्मेदारी भी आपकी है जिससे सड़क अधिक समय तक कार्य करे और भविष्य में इसी प्रकार अच्छा कार्य शहर में किया जा सके। इस दौरान उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, पार्षद विनिल दत्त, पार्षद शीतल देओल, पार्षद छाया त्यागी, पार्षद सुनैना, पार्षद कुलदीप त्यागी, अमृत स्टील कंपाउंड के अध्यक्ष सत्यकेतु जी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

संभव में प्राप्त हुए 22 संदर्भ, नगर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

गाजियाबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय पर संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में आगंतुकों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई संबंधित अधिकारियों की गई। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ द्वारा प्राप्त संदर्भों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संभव जनसुनवाई में कई क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से जल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारी को कहा गया, नगर आयुक्त महोदय द्वारा महाप्रबंधक जल को जल आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर करने की कड़े निर्देश दिए गए, संबंधित टीम को मौके पर बुलाकर कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

- **कई क्षेत्रीय पार्षदों ने विकास कार्यों पर की चर्चा**

संभव जनसुनवाई में कवि नगर, बजरिया, सेक्टर-23 संजय नगर, केला भट्टा, भोपुरा व अन्य क्षेत्रों से आए हुए आगुंतको की समस्याओं को सुना, मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव समस्त विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे, जिनके द्वारा प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई कराई गई।

शहर की स्वच्छता के साथ-साथ सफाई मित्र रखें अपने स्वास्थ्य का ध्यान : डॉ. नितिन गौड़

गाजियाबाद। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ लगातार शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा प्रात: भ्रमण के दौरान लेते हैं। जिसके क्रम में न केवल सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हैं बल्कि सफाई मित्रों के साथ भी रूबरू होते हैं, सफाई मित्रों को स्वच्छता के प्रति मोटिवेट करने का कार्य भी प्राथमिकता पर किया जा रहा है। प्रात: निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने ठाकुरद्वारा, मेरठ रोड, दुहाई व अन्य मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया गया, मौके पर सफाई मित्रों से वार्ता भी की। शहर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना के लिए कहा गया साथ ही जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भी निर्देश दिए। मौके पर सफाई कर्मचारी निर्धारित स्थान पर मेहनत से कार्य करते हुए मिले जिन को देखकर नगर आयुक्त ने उनसे उनके स्वास्थ्य का हाल जाना, उनके परिवार जनों का भी स्वास्थ्य जाना, साथ ही स्वच्छता के प्रति मोटिवेट किया।

शहर बनेगा सौर गाजियाबाद, नगर निगम तथा यूपीनेडा ने आयोजित की कार्यशाला

गाजियाबाद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर को सौर गाजियाबाद बनाने के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम तथा यूपीनेडा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल के साथ की गई। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ तथा यूपीनेडा के निर्देशक अनुपम शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम आयोजन में वसुधा फाउंडेशन की टीम का विशेष सहयोग रहा।

शहर को पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा का लाभ दिलाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित के द्वारा उपस्थित जनों को सौर ऊर्जा के लाभ बताएं गए किस प्रकार सौर ऊर्जा के उपकरण काम करते हैं इसके बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई, नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत बिजली की बचत करते हुए शहर को पूर्ण रूप से सौर गाजियाबाद बनने पर विस्तृत चर्चा की गई, शहर के घरों में प्रतिष्ठानों में स्कूलों में अस्पतालों में वह अन्य ऐसी स्थान जहां बिजली का इस्तेमाल होता है वहां सौर ऊर्जा के माध्यम से कार्य किए जाने को लेकर जन जागरूकता

कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया।

आयोजित कार्यक्रम ने उपस्थित जनों ने अपने-अपने विषय भी अधिकारियों के समक्ष रखें, सोलर सिस्टम के कार्य पर जानकारी भी अधिकारियों द्वारा दी गई, सोलर सिस्टम लगाने से किस प्रकार सब्सिडी का लाभ उठाया जा सकता है सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने पर भी अधिकारियों ने जानकारी दी।<

बिजली बचत को लेकर तथा सोलर सिस्टम को लगाने के लिए विशेष चर्चा कार्यक्रम में हुई, कार्यक्रम में यूपीनेडा, गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी तथा औद्योगिक क्षेत्र प्रतिष्ठान व सामाजिक संस्थाओं की प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

उवाच "

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस शो में अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेंगे। यूपीआईटीएस 2023 एक बी2बी और बीटसी शो है जो उत्तर प्रदेश की विकास गाथा में सामूहिक रूप से योगदान देने वाले कई क्षेत्रों को एक मंच प्रदान करेगा। **जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व राकेश कुमार महानिदेशक आईएमएल**

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे इंटरचेंज की लागत बढ़ी, विरोध के चलते नहीं शुरू हो सका था काम

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त(देशबन्धु)। यमुना और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए बनने वाले इंटरचेंज की लागत करीब 47 करोड़ रुपए बढ़ गई है। 2018 में इंटरचेंज बनाने के लिए निर्माणकर्ता कंपनी का चयन हो गया था, लेकिन किसानों के विरोध के चलते काम शुरू नहीं पाया। जगनपुर अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनना है। इसको बनाने के लिए टेंडर 2018 में हुए थे। इंटरचेंज के लिए 2018 में कंपनी का चयन किया गया था। उस समय 75 करोड़ रुपए में काम दिया गया था। पांच साल में निर्माण लागत बढ़ गई। अब इसके निर्माण पर 122.89 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसके निर्माण में सबसे अधिक हिस्सेदारी एनएचएआई को देनी है। इसलिए एनएचएआई से भी अप्रूवल ले लिया गया है। इसके निर्माण में यमुना प्राधिकरण 21.1 प्रतिशत और एनएचएआई 78.9 प्रतिशत पैसा देगा। एनएचएआई ने इसकी हरी झंडी दे दी है। अब जल्द काम शुरू हो सकता है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से प्रदेश के उत्पाद कला, संस्कृति को मिलेगी वैश्विक पहचान

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 21 से 25 सितम्बर तक इंडिया एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा में होने वाला है, जो विकसित होते हुए उत्तर प्रदेश की परिवर्तनकारी यात्रा को प्रदर्शित करेगा। यूपीआईटीएस 2023 का भव्य उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कई अन्य गणमान्य शामिल होंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व राकेश कुमार महानिदेशक आईएमएल ने पत्रकार के साथ बैठक करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस शो में अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेंगे। यूपीआईटीएस 2023 एक बी2बी और बीटसी शो है जो उत्तर प्रदेश की विकास गाथा में सामूहिक रूप से योगदान देने वाले कई क्षेत्रों को एक मंच प्रदान करेगा और उन सभी को वैश्विक मान्यता और सहयोग दिलाने के लिए एक साथ लाएगा। यह आयोजन प्रदेश को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और अगले पांच वर्षों के भीतर 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के दूरदर्शी लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देगा। यह शो राज्य की उस प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत की अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना को सार्थक करने में मदद करेगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 सिर्फ एक आयोजन नहीं है, यह अपने सांस्कृतिक मूल्यों और विरासत को बरकरार रखते हुए एक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में उत्तर प्रदेश की यात्रा का उत्सव है। इस शो महिला उद्यमियों, नए युवा उद्यमियों, स्टार्टअप ओडीओपी, उभरते मौजूदा निर्यातको आईटी/आईटीईएस, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी, डेयरी, ईवी, ऑटोमोबाइल, रियलस्टेट सहित उद्योगों की एक विविध श्रृंखला शामिल होगी। साथ ही विनिर्माण, इंजीनियरिंग क्षेत्र, कपड़ा, चमड़ा, गन्ना और चीनी, रसद, कौशल विकास, खेल, रक्षा, कृषि, ग्रामीण मिशन, हथकरघा और हस्तशिल्प जैसे कई अन्य लघु, मध्यम और घरेलू अद्योग बी शामिल होंगे। सेवाएं प्रदान करने वाले क्षेत्र जैसे, स्वास्थ्य और आयुष, शिक्षा, पर्यटन और संस्कृति भी अपनी क्षमता दिखाएंगे।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय ट्रेड शो का करेंगी उद्घाटन**
- **शो में 60 देशों के 400 खरीदारों ने कराया है नामांकन**
- **उत्तर प्रदेश के व्यंजनों का विदेशी व भारतीय मेहमान उठाएंगे लुफ्त**

बिजनेस के लिए 11 से 3 व आम लोगों का प्रवेश 3 से 8 बजे तक

खरीदारों, थोक विक्रेताओं, उद्योगों और व्यापारों के प्रतिनिधियों के लिए व्यापारिक दौरे का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। जबकि सामान्य जनमानस के लिए दौरे का समय दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक होगा। जनता के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है और वाहनों को पार्क करने के लिए विशाल पार्किंग स्थान उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति शटल सेवाओं का लाभ उठा सकता है जो विभिन्न स्थानों से आयोजन स्थल तक पहुंचाएंगी और जल्द ही शुरू की जाएंगी। हर किसी के लिए 5-दिवसीय शो के दौरान लकी ड्रॉ के जरिए आकर्षक ईनाम जीतने का भी अवसर है। उत्तर प्रदेश की शिल्प, संस्कृति, व्यंजनों, व्यापार और उद्योगों को पहली बार बढ़ावा देने वाले इस शो में लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति की उम्मीद है, इसलिए सुरक्षा और परिवहन जैसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

सार संक्षेप

प्रथम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भूमि पूजन

ग्रेटर नोएडा। श्री श्याम सेवा परिवार ग्रेटर नोएडा द्वारा एक दिवसीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का भूमि पूजन मंगलवार को सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड साईट 4 ग्रेटर नोएडा में किया गया। समिति की तरफसे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 3 सितम्बर 2023 दिन रविवार को शाम 5 बजे से सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड साईट 4 में किया जाएगा। जिसमें भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, मुकेश बांगड़ा, भावना स्वरांजलि व खाटूश्याम मंदिर के ट्रस्टी व सेवादार मानवेन्द्र चौहान भी उपस्थित रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक तेजपाल नागर, एसीपी अरविंद कुमार, कार्यकारिणी के सभी सदस्य, सभी सामाजिक संस्था व शहर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मनचले को भाई ने पीटकर किया घायल

दनकौर। दनकौर कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो सगी बहनों का पीछा करने वाले एक मनचले की उनके भाई ने डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में आरोपी घायल हो गया। जिसका दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है एक शिकायत के आधार पर मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दो सगी बहन कस्बे के इंटर कॉलेज में कक्षा 9 और 10 में पढ़ती है। आरोप है कि पिछले कई दिनों से एक दुकान पर काम करने वाला एक मनचला अपने अन्य साथियों के साथ दोनों का पिछले कई दिनों से पीछा कर रहा था।

व्यापारी को दुकान में घुसकर दिन दहाड़े मारी गोली, हालत गंभीर

दनकौर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मंडी श्याम नगर कस्बे में मंगलवार को व्यापारी को गोली मारने की घटना सामने आई है। गोली लगने के बाद घायल व्यापारी को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जल्द ही बदमाश को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मंडी श्याम नगर कस्बा के रहने वाले परमानंद के दो बेटे अंकुर अग्रवाल और रोहित की रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें हैं। बताया जाता है कि मंगलवार को देवता गांव निवासी सनी रोहित अग्रवाल कि दुकान पर पहुंचा और एक जोड़ी जूते लिए गए। जूते लेने के बाद रंगदारी के रूप में 2 हजार रुपए की मांग की गई जिसका रोहित ने विरोध किया। सूचना के बाद अंकुर अग्रवाल भी मौके पर पहुंचा और आपस में कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि इसके बाद सनी मौके से चला गया और करीब 20 मिनट बाद तमंचा लेकर अंकुर अग्रवाल की दुकान पर पहुंच गया। यहां पहुंचकर सनी ने अंकुर अग्रवाल को गोली मार दी, जो उसके कंधे में जा लगी। घटना के दौरान लोगों में भगदड़ मच गई। व्यापारियों का कहना है कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक बाजार बंद ही रखा जाएगा। घायल को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उनका कहना है कि घायल की हालत खतरे से बाहर है।

- **घटना के बाद बाजार में मची भगदड़, व्यापारियों ने दुकान किया बंद**
- **व्यापारी ने आरोपी पर रंगदारी का लगाया आरोप, पुलिस मामले की कर रही है जांच**

पुलिस कमिश्नर ने यमुना गौर सिटी के आसपास सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना गौर सिटी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी गई है, ताकि इस क्षेत्र में रहने वाले लोग आपने आपको और अधिक सुरक्षित महसूस कर सके। मंगलवार को यहां नवनिर्मित पुलिस चौकी व यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा टू आगरा लेन पर मिर्जापुर कट पर पुलिस सहायता कक्ष एवं कोतवाली रबूपुरा पर नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क, साइबर क्राइम हेल्प डेस्क व उपनिरीक्षक विवेचना कक्ष का उद्घाटन पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया। नवनिर्मित पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम निलौनी, मिर्जापुर, रामपुर बांगर, रूस्तमपुर, खेरली भाव, मिलक, चकजलालाबाद, रौनीजा, यमुना गौर सिटी, एटीएस सोसायटी, ओसिस सुपरटेक सोसायटी, वीवो कंपनी व निर्माणाधीन आवासीय सेक्टर आएगा। इस नवनिर्मित चौकी पर दो उपनिरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी, पांच आरक्षी व दो महिला आरक्षी की नियुक्ति की गई है। यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की तरफ मिर्जापुर कट पर पुलिस सहायता बूथ से यमुना एक्सप्रेस वे पर आने जाने वाले व्यक्ति व वाहनों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा रबूपुरा कोतवाली परिसर में महिलाओं एवं बच्चों की त्वरित सुनवाई व सहायता हेतु एक नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क व साइबर अपराध नियंत्रण, साइबर अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई व पीड़ित की त्वरित सहायता के लिए एक नवनिर्मित साइबर हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद कुलकर्णी, पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा जोन साद मियां खान, पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा प्रीति यादव, अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार, एसीपी रूद्र कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार उपस्थित रहे।

बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन हमारे त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति को दर्शाते हैं। रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के अटूट रिश्ते और प्रेम का प्रतीक है। स्वर्ण नगरी स्थित जीडी गोयनका स्कूल में छात्रों ने इस त्योहार को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। छात्रों ने रक्षाबंधन की कहानी द्वारा सबको इस त्योहार की जानकारी दी। हर्षोल्लास के साथ नृत्य, कविता गायन प्रस्तुत करके अबको आनंदित कर दिया। छात्रों ने बहुत खूबसूरत राखियां बनायीं और अद्भुत रचनात्मक कार्य का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. रेनू सहगल ने सभी छात्रों को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए छात्रों की प्रस्तुति को सराहा और भाई बहन के रिश्ते का महत्त्व भी बताया। सभी छात्रों को आर्शीवाद देते हुए और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इंडिया एक्सपोजिशनमार्ट लिमिटेड ने इस वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक राजस्व किया हासिल

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपोजिशनमार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) ने अपनी 22वीं सालाना आम बैठक, गवर्नमेंट सर्वेंटकोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड, कल्याण केंद्र, में कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार, ऑडिट समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, अन्य निदेशकों, केएमपी, वैधानिक लेखा परीक्षक और कंपनी के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित किया।

राकेश शर्मा ने इस बैठक की अध्यक्षता की और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान के कार्यकलापों और उपलब्धियों के विषय में संक्षेप में बताया और वहां मौजूद लोगों को इस दौरान कंपनी को हुए लाभ की जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 के दरम्यान इंडिया एक्सपोजिशनमार्ट लिमिटेड ने 223 करोड़ का राजस्व दर्ज किया। यह पिछले वर्ष के राजस्व के मुकाबले साढ़े चार गुना और 2019-20 में हुए 161 करोड़ के पिछले सर्वाधिक राजस्व की प्राप्ति से लगभग 40 प्रतिशत अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सदस्यों ने इंडिया एक्सपोजिशनमार्ट लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (निदेशक मंडल) में एक बार फिर सर्वसम्मति से विवेक विकास को गैर-कार्यकारी निदेशक (एनईडी) चुना। इनके साथ-साथ, रविंदर कुमार पासी और अनिल मंशारमानी को भी स्पष्ट तौर पर इंडिया एक्सपोजिशनमार्ट लिमिटेड के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। वोटिंग के नतीजों की घोषणा के बाद, अध्यक्ष ने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के सभी मंत्रालयों, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कंपनी के सदस्यों, निदेशक मंडल और आईईएमएल की टीम को उनके निरंतर योगदान और समर्थन के लिए दिल खोलकर धन्यवाद दिया।

मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

जेवर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जेवर कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में मंगलवार की दोपहर अचानक ही आग लग गई। घटना के समय दुकानदार दुकान का ताला लगाकर सामान लेने के लिए दिल्ली गया हुआ था। पुलिस ने शटर का ताला तोड़कर लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जेवर के मोहल्ला कूंचा के रहने वाले शिवम की मुख्य चौराहे के समीप मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। मंगलवार की सुबह शिवम मोबाइल रिपेयरिंग का सामान लेने के लिए दिल्ली गया था। दोपहर के समय दुकान के शटर से धुआं निकलता देखकर लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान के शटर का ताला तोड़कर लोगों की मदद से आग पर काबू पाया तथा दुकानदार को आग लगने की सूचना दी। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका व्यक्त की है।

एसटीएफ बन लूटने वाले गैंग का बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एसटीएफ के फर्जी अधिकारी बनकर राहगीरों से वसूली करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। मंगलवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच हजार रुपए व अवैध हथियार बरामद किया है। आरोपी का एक साथी फरार है। एक दिन पहले ही दो युवकों को अगवा कर उन्हें छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपए वसूले थे। राहगीरों को गाड़ी में बैठाकर वारदात को अंजाम देते हैं। ज्ञात हो कि दनकौर क्षेत्र के गांव लुक्सर निवासी अंश व आर्यन सोमवार को किसी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे। तभी एलजी गोल चक्कर के पास स्विफ्ट कार में सवार दो लोगों ने अपने आपको एसटीएफका अधिकारी बताते हुए अंश और आर्यन को अपनी गाड़ी में बैठा लिया था। दोनों को गाड़ी में बंधक बनाकर काफी देर तक इधर उधर घुमाया। बाद में 20 हजार रुपए लेकर छोड़ दिया था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस तुरंत छानबीन में जुट गई। जांच में श्यामवीर उर्फ पिंटू उर्फ अभिषेक निवासी ग्राम नंगला हीरे, थाना भरभना जिला इटावा हाल पता ग्राम तुगलपुर व उसके साथी दीपांशु उर्फ बंटी उर्फ अंकित का नाम प्रकाश में आया। एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों की तलाश में जुटी पुलिस ने मंगलवार को श्यामवीर उर्फ पिंटू उर्फ अभिषेक को शारदा गोल चक्कर के समीप से धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त

- **एक दिन पहले ही दो युवकों से वसूले थे 20 हजार रुपए, आरोपी का एक साथी फरार**

साइबर सिक्योरिटी विषय पर वर्कशॉप में किया गया जागरुक

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। आधुनिक तकनीक सुविधाएं तो प्रदान करती हैं, लेकिन समाज के लिए कई चुनौतियां भी पैदा करती हैं। डिजीटल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए हमें साइबर योद्धाओं की आवश्यकता है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य इंद्रेश कुमार ने गलगोटिया विश्वविद्यालय के परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के सहयोग से गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफलिबरल एजुकेशन में मंगलवार को साइबर सिक्योरिटी विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर इंद्रेश कुमार शामिल थे। साथ ही, इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोलोक बिहारी राय और साइबर मामलों के विशेषज्ञ आलोक विजयन्त मौजूद थे। प्रोफेसर रेनु लुथरा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति के लिए विश्वविद्यालय परिवार आभारी है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने साइबर स्पेस की सुरक्षा कैसे करें और डिजीटल दुनिया की चुनौतियों से कैसे निपटें। गोलोक ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जो चुनौतियां हैं, उनके प्रति समाज में जागरूकता पैदा करना है। इस क्रम में उन्होंने साइबर सुरक्षा सेनानी कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन इस पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. अवधेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि हमारा यह दायित्व बनता है कि हम लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़े मामलों को लेकर जागरूक करें। यह वर्कशॉप हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करेगा। इस वर्कशॉप का आयोजन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने किया।

- **डिजीटल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर योद्धाओं की है आवश्यकता**

हॉकी प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देने हेतु हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्य स्मृति में जिला हॉकी संघ एवं एस्टर पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि एवं गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति आर.के. सिन्हा, प्रोफेसर जावेद अली खान अध्यक्ष खेल विभाग अलीगढ़ विश्वविद्यालय ए.डी. जे. गौतमबुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय एडिशनल जज मेजर नलिन कांत त्यागी, प्रदेश क्रीडा निदेशक आर.के. सिंह ओलंपियन अवार्डी सुजीत कुमार थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण का स्वागत एवं अभिनन्दन एस्टर संस्थान समूह के अध्यक्ष एवं निदेशक वी.के .शर्मा निदेशक सिद्धार्थ शर्मा तथा प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। प्रतियोगिता दिल्ली एवं एन.सी.आर. के प्रसिद्ध विद्यालयों जे.के.जी. इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद, सफायर स्कूल नोएडा, गुरुकुल स्कूल आदि के बालक एवं बालिका की दस टीमों के मध्य हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा बालक संवर्ग में ओ. टी.एच.एल. दिल्ली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो दूसरा स्थान एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा ने प्राप्त किया, जबकि बालिका संवर्ग में महामाया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही तथा इस संवर्ग में कड़े मुकाबले में एस्टर पब्लिक स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि 'खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' इस संदेश को हमें साकार करना होगा तभी हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सकते हैं खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की इस अप्रतिम बेला में सुजीत कुमार, राजेंद्र सिंह रावत, कर्नल बलबीर सिंह, बी.एस. नेगी, भूपेंद्र सिंह, प्रमोद बाटला, राकेश कुमार टंडन, ए. एच. अबदी, अरविंद छाबड़ा सहित पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

- **बालक संवर्ग में ओ. टी.एच.एल. दिल्ली ने प्रथम, दूसरे स्थान पर एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेनो रहा**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

संपादकीय

नई दिल्ली, बुधवार 30 अगस्त 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने,के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

> **तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।**

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे, 'न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प

र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

> **लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।**

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

रक्षाबंधन पर्व आज

राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों,'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया,सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है,उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

कांतिलाल मांडोत

आपके पत्र

दु:ख, परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया और भाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने ग़मों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दु:खकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य- लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है,जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मु

देश विदेश

वैन-ट्रेलर की टक्कर में पांच की मौत, छह घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में वैन और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। स्थानीय राहत एवं बचाव दल ने यह जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना आज सुबह शहर के बाहरी इलाके में हुई, जिसमें यात्री वैन ने पीछे से ट्रेलर से टक्कर मार दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचावकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। घायलों में दो लोगों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के समय वैन रावलपिंडी से गुजरांवाला शहर की ओर जा रहा था।

तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को राहत

इमरान को रिहा करने का दिया आदेश

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में इमरान खान को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और तारिक महमूद जहांगीर की खंडपीठ ने मामले में दोषसिद्धि को निलंबित घोषित करते हुए संक्षिप्त आदेश सुनाया। आदेश के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी रिहाई के लिए 1,00,000 पीकेआर का ज़मानत बांड और कम से कम एक व्यक्ति की गारंटी देने का निर्देश दिया गया है।

- इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर लगाई रोक
- पांच अगस्त को किया गया था गिरफ्तार

हाईकोर्ट के बाहर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए इमरान खान के वकील बाबर अवाज ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के निलंबन के बाद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख के रूप में उनका पद भी बहाल कर दिया गया है। वकील बाबर के हवाले से कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक के बाद इमरान खान को अब अटक जेल में नहीं रखा जा सकेगा। कोर्ट के आदेश के बाद इमरान खान का पार्टी प्रमुख का पद भी बहाल हो गया है। इसके बाद पीटीआई और इमरान खान चुनाव की ओर बढ़ेंगे। इमरान खान को 5 अगस्त को लाहौर में उनके ज़मां पार्क निवास से गिरफ्तार किया गया था। इमरान खान को तब गिरफ्तार किया गया, जब एक निचली अदालत ने तोशाखाना मामले में अपना फैसला सुनाया था, जिसमें पीटीआई प्रमुख को अपने कार्यालय और अपनी शक्तियों का उपयोग करके व्यक्तिगत लाभ के लिए भ्रष्ट आचरण अपनाने का दोषी पाया गया था। अदालत ने खान को तीन साल की जेल की सजा सुनाई और 1,00,000 पीकेआर का जुर्माना लगाया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले में यह भी कहा गया था कि यदि खान जुर्माना अदा करने में असफल रहें तो उन्हें कम से कम छह महीने की अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी। मंगलवार के फैसले के मद्देनजर, पीटीआई नेतृत्व और समर्थक जश्न मना रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को अपनी जीत बताई है। हालांकि, कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री के लिए मुसीबत अभी खत्म नहीं हुई है।

हाईकोर्ट ने इमरान खान की दोषसिद्धि या अयोग्यता को रद्द नहीं किया है, बल्कि इसे निलंबित कर दिया है और जमानत का आदेश दिया है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हाफ़िज़ अहसान अहमद खोकर ने कहा कि हाईकोर्ट ने इमरान खान की सजा को निलंबित कर दिया है। कोर्ट ने मामले को रद्द नहीं किया है, न ही उनके खिलाफ तोशाखाना मामले को समाप्त किया है। ट्रायल कोर्ट के निलंबन का मतलब है कि मामले की फिर से सुनवाई होगी और पीटीआई उसी मामले में अपील भी दायर करेगी। इसलिए, इमरान खान की अयोग्यता और दोषसिद्धि अभी भी कायम है और बाद में पुनः परीक्षण कार्यवाही में फैसला किया जाएगा। आईएचसी का फैसला मामले की योग्यता और सत्र अदालत में इसकी सुनवाई पर आधारित है।

इमरान दो अन्य मामलों में गिरफ्तार

इमरान खान को अभी भी दो अन्य मामलों- 9 मई के दंगों और सिफर मामले में गिरफ्तार घोषित किया गया है। माना जा रहा है कि उन्हें अटक जेल में रखा जा सकता है या अन्य मामलों में उनकी गिरफ्तारी के अनुसार किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जा सकता है।

पाकिस्तान में हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मी प्रांत के लक्की मारवात जिले में कल नियमित गश्त ड्यूटी पर थे तभी उन पर अज्ञात आतंकवादियों ने हमला किया। पुलिस ने कहा, हमलावरों ने पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला किया और घटनास्थल से भागने से पहले पुलिस पर गोलियां चलाईं। घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। किसी समूह ने फिलहाल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

सुडोकू 6301

				1		2	9	5
7				6		4		
					8		6	
						5	2	
1		5				6		9
	4	7						
	6		9					
		2		5				1
3	9	1		8				

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6301



बायें से दायें:-

१.तमिलनाडु का एक बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का खेल जिसे बाद में प्रतिबंध लगाया गया थआ
३.पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उदूर्)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेनेवाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीपाम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
१९. बाइज्जत
२१. मुसलमानोंका का एक पवित्र महीना
२३. सुल्तान, सम्राट

ऊपर से नीचे:-

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब,पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला, विभक्त करने वाला,
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर, नियमत:
११. रखारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

वर्ग पहेली-6300

अ	हि	२ त	क	३ र	■	४ अ	भि	५ क	र्ता
चे	■	र	■	६ थ	म	ना	■	ले	■
७ त	र	फ	■	वा	■	८ मि	थ्या	वा	९ दी
न	■	दा	■	१० ह	ल	का	■	■	प
■	११ भ	र	१२ स	क	■	■	१३ त	र्जु	मा
■	ला	■	हा	■	१४ ग	रि	मा	■	लि
१५ भा	ई	१६ चा	रा	■	ग	■	१७ म	१८ लि	का
ग्य	■	टु	■	१९ अ	न	२० ल	■	पि	■
२१ वा	टि	का	■	र्च	■	२२ ल	ट	क	२३ ना
न	■	२४ र	च	ना	त्म	क	■	■	री

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 30 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 12

राशिफल

मेष -आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ -आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क -किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह -व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या -वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला -आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु -आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर -व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन -शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

इंडोनेशिया में लगे भूकंप के जोरदार झटके

जकार्ता, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई । एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 11:34 बजे आया, जिसका केंद्र मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले से 279 किमी दक्षिण पूर्व में और समुद्र तल के नीचे 221 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी अभी तक जारी नहीं की है क्योंकि भूकंप के झटकों से सुनामी के खतरे नहीं हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि झटके निकटवर्ती प्रांत पश्चिमी पापुआ की राजधानी सोरोंग शहर में भी महसूस किए गए। मालुकु प्रांत में आपदा प्रबंधन और शमन एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख संध्या लुहुलिमा ने कहा, भूकंप के बाद किसी नुकसान या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने फोन के जरिए बताया, भूकंप के झटके मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले में महसूस किए गए, लेकिन अभी तक कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ है।



अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में पिछले सप्ताह गोलीबारी की कई घटनायें हुईं। केंटुकी, फ्लोरिडा और कैलीफोर्निया राज्यों में आठ लोगों की जान गई है जिनमें हमलावर शामिल नहीं हैं। हाल ही में रविवार की सुबह अमेरिका के लुइसविले शहर के एक रेस्तरां में गोलीबारी हुई। केंटुकी राज्य में हुई घटना में एक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार पुलिस संदिग्धों या संदिग्धों के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से उनकी गुमनाम टिप लाइन पर कॉल करने का अनुरोध किया है। शनिवार दोपहर को अमेरिका के जैक्सनविले में एक डॉलर जनरल स्टोर में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी हुई। फ्लोरिडा राज्य में गोलीबारी में हमलावर सहित कम से कम चार लोग मारे गये। गोलीबारी ऐतिहासिक रूप से अश्वेत कॉलेज एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी से कुछ ही दूरी पर हुई। जैक्सनविले शेरिफ टी.के. वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़ित - दो पुरुष और एक महिला - सभी अश्वेत लोग थे। श्वेत बंदूकधारी रयान पामेटर (21) अपने माता-पिता के साथ फ्लोरिडा के क्ले काउंटी में रहता था। पुलिस के अनुसार, उसने टैक्टिकल बनियान पहनकर उच्च शक्ति वाली राइफल और हैंडगन से गोलीबारी की। मीडिया ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पिछली अनैच्छिक प्रतिबद्धता के बावजूद पामेटर ने कानूनी रूप से ये हथियार खरीदे। उसने अपने पीछे वह छोड़ दिया जिसे शेरिफ ने तीन घोषणापत्रों के रूप में वर्णित किया था जिसमें उसकी 'नफरत की घृणित विचारधारा' और हमले के लिए उसके मकसद को रेखांकित किया गया था। पुलिस के अनुसार, माना जाता है कि पामेटर, जिसने हमले के बाद खुद को गोली मार ली थी, ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने रविवार को एक बयान में कहा, हमें स्पष्ट रूप से और मजबूती से कहना चाहिए कि श्वेत वर्चस्व का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। रविवार शाम को, सैकड़ों लोग जैक्सनविले गोलीबारी पीड़ितों के लिए प्रार्थना सभा और चर्च में एकत्र हुए।

- बंदूक हिंसा ने देश में नई चिंता की पैदा

ब्रिटेन की एटीसी प्रणाली में बड़ी खराबी

लंदन, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) प्रणाली में बड़ी खराबी के कारण हजारों हवाई यात्री फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि खराबी के कारण 1,200 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज (एनएटीएस) द्वारा सोमवार को उतरने वाले विमानों की संख्या सीमित करने के बाद लोग ब्रिटेन और विदेशों में फंस गए हैं। एयरलाइंस और हवाईअड्डों ने चेतावनी दी कि समस्या कुछ घंटों के भीतर ठीक हो जाने के बावजूद अभी भी महत्वपूर्ण देरी हो रही है।

- 1200 से अधिक उड़ानें रद्द

ऐसी चेतावनियाँ दी गई हैं कि कुछ आकस्मिक व्यवधान कई दिनों तक रह सकते हैं। ब्रिटिश समाचार प्रसारक ने बताया कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे ने सोमवार देर शाम कहा कि शेड्यूल काफी बाधित रहा। मंगलवार को यात्रा करने वाले लोगों को हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से संपर्क करना चाहिए। गैटविक हवाई अड्डे ने कहा कि वह मंगलवार को सामान्य कार्यक्रम संचालित करने की योजना बना रहा है, लेकिन यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें। लंदन ल्यूटन हवाई अड्डे ने भी सोमवार शाम को कहा कि ब्रिटेन के हवाई क्षेत्र में उड़ानें देरी और रद्द होने की स्थिति में हैं, और लोगों को अपनी उड़ान की स्थिति के लिए अपनी एयरलाइन से जानकारी लेनी चाहिए। एनएटीएस ने पुष्टि की कि उसने समस्या की पहचान कर ली है और उसका समाधान कर लिया है। इसमें कहा गया, उड़ानों को सामान्य होने में कुछ समय लगेगा।

कंबोडियाई प्रधानमंत्री ने अधिक नौकरियां पैदा करने का किया वादा

नोम पेन्ह, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा है कि सरकार अधिक नौकरियां पैदा करना जारी रखेगी, परिधान, जूते और यात्रा सामान उद्योग के लिए मासिक न्यूनतम वेतन बढ़ाएगी तथा गरीबी को और कम करेगी। प्रधानमंत्री ने एक सार्वजनिक मंच पर लगभग 18,000 कपड़ा कारखाने के श्रमिकों की सभा के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा, सरकार शांति और स्थिरता बनाए रखना, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना तथा लोगों के लिए सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देना जारी रखेगी।

आज का इतिहास

1659- पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
1806- न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित।
1836- मेलबर्न शहर की स्थापना की गई।
1888- क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म ।
1903- प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म।
1923- प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म।
1928- रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की।
1947- भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
1952- भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ का निधन।
1976- कथाकार, कहानीकार और अभिनेता जी.पी. श्रीवास्तव का निधन।
1984- अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' की पहली उड़ान।
2003- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
2007- जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया।
2008- प्रसिद्ध उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला का निधन।
2013- भारत के पहले रक्षा उपग्रह जीसैट-7 का दक्षिण अमेरिका के फ्रेंच गयाना से प्रक्षेपण।
2014- प्रसिद्ध इतिहासकार बिपिन चन्द्र का निधन।

रुझान चीनी नागरिक आजकल अपने स्वास्थ्य पर दे रहे हैं काफी ध्यान

चीनी लोगों में पैदल चलने का चलन बढ़ा

बीजिंग, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी नागरिक आजकल अपने स्वास्थ्य पर काफी ध्यान दे रहे हैं। लोगों को पार्क, जिम या अन्य खुले स्थानों पर व्यायाम करते हुए देखा जा सकता है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद सजग हैं। चीन के विभिन्न शहरों और कस्बों में इंफ्रास्ट्रक्चर शानदार है, इससे घूमने-फिरने और कसरत करने वालों को कोई परेशानी नहीं होती। क्योंकि शहर के कोने-कोने में पार्क बनाए गए हैं, जहां पेड़-पौधे और हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

साथ ही पार्कों में व्यायाम करने के विभिन्न उपकरण भी स्थापित किए गए हैं। इन सब चीजों से लोग आसानी से घर से बाहर निकलकर पार्कों और अन्य घूमने की जगहों में जाते हैं। इसके साथ-साथ लोगों में पैदल चलने और दौड़ने का चलन काफी बढ़ गया है। इन दिनों चीनी नागरिक बड़ी आसानी से जिम और पार्कों में जाते हैं, उन्हें सभी तरह की सुविधाएं भी मिल रही हैं। जिसके कारण लोग अब हेल्थ के प्रति ज्यादा जागरूक हो चुके हैं। सरकार व विभिन्न विभाग भी इस बारे में समय-समय पर अभियान चलाते हैं। जिसके कारण लोग अपने व्यस्त समय में से कुछ वक्त निकालकर व्यायाम करते हैं। हालांकि कुछ दशक पहले सुविधाएं न के बराबर थी और वे इतने सजग भी नहीं थे। राजधानी पेइचिंग की बात करें तो यहां कई लोकप्रिय और प्रसिद्ध पार्क व ऐतिहासिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी पर्यटक घूमने जाते हैं। ड्रम टावर के आसपास का इलाका, नानलुअकुस्यांग लेन, चिंगशान पार्क और फॉरबिडन सिटी को जोड़ने वाली सेंट्रल एक्सिस में घूमने का अलग ही आनंद आता है। जबकि पेइचिंग में अन्य जगहें भी लोगों को बहुत पसंद आती हैं।

- लोगों को पार्क, जिम या अन्य खुले स्थानों पर व्यायाम करते हुए देखा जा सकता है

घूमने-फिरने और व्यायाम करने वालों के कई ग्रुप भी बने हैं। ये लोग समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए अपने इन पलों को साझा भी करते हैं। उदाहरण के लिए टिकटॉक के चीनी वर्जन तोउइन, वीचैट, स्याओहोंगशु और वेइबो आदि में इस तरह केतमाम वीडियो और तस्वीरें देखी जा सकती हैं।

कई ऐसे ब्लॉगर हैं, जो लगातार इस तरह की गतिविधियों को कवर करते हैं। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न सोशल मीडिया एप पर योग, एरोबिक्स व अन्य तरह के व्यायाम के लाइव शो नियमित तौर पर चलाए जाते हैं।

दुनिया को जानें

बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क में पनपते परजीवी कीड़े का पता चला

कैनबरा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क की सर्जरी करके, एक परजीवी कीड़े को निकाला है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी। एएनयू और कैनबरा अस्पताल के एक प्रमुख संक्रामक रोग विशेषज्ञ संजय सेनानायके ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महिला (64) को तीन सप्ताह से पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद, उन्हें वर्ष 2021 में दक्षिण-पूर्व न्यू साउथ वेल्स के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पेट संबंधी बीमारी के इलाज के बाद, महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी। जब वह कैनबरा अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन के पास गयी, तब उन्होंने एमआरआई स्कैन किया। इसमें मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में एक जीवित परजीवी कीड़े को पनपते देखा। उन्होंने महिला के मस्तिष्क की सर्जरी की। डॉक्टरों ने परजीवी कीड़े की पहचान आठ सेमी का ओफिडास्करिस रोबर्टसी राउंडवॉर्म के रूप में की। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी और कैनबरा अस्पताल के शोधकर्ताओं ने परजीवी राउंडवॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

प्रादेशिकी

प्राकृतिक आपदा के बाद फीका पड़ा राखी का बाजार, कारोबारी मायूस

शिमला, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन के लिए शिमला के बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गए हैं। इस बार मानसून में भारी तबाही से बाजारों में पहले की जैसी रौनक नहीं है। आपदा का असर शिमला में राखी के बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। कई सड़कें बंद होने की वजह से ग्राहक कम ही बाजार में पहुंच रहे हैं। बाजारों में जिस तरह की रौनक रक्षाबंधन पर होती थी वो इस बार नजर नहीं आ रही है। ऐसे में स्थानीय कारोबारी खासे परेशान हैं। पर्यटन कारोबार पहले ही ठप पड़ा है। वहीं अब त्यौहारी सीजन में भी बाजारों से रौनक गायब है। शिमला के लोअर बाजार में राखी की दुकान लगाने वाले कारोबारियों का कहना है कि बीते साल के मुकाबले इस साल बाजार काफी ठंडा पड़ा हुआ है।

प्रदेश में आम सहित छ : अन्य प्रजातियों के पेड़ों के कटान पर रोक

शिमला, 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश से बाहरी प्रदेशों में होने वाले इमारती लकड़ी और ईंधन की लकड़ी की चोरी को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने आम और पांच अन्य प्रजातियों के पेड़ों के काटने पर

■ इमारती लकड़ी और ईंधन की लकड़ी की चोरी को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने आम और पांच अन्य प्रजातियों के पेड़ों के काटने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी

तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आम के पेड़ों के साथ-साथ त्रियांबल (फिकस प्रजाति), तुनी (तूना सिलियाटा), पदम या पाजा (प्रूनस सेरासस), रीठा (सैपिंडस मुकोरोसी) और बान (क्वेरकस ल्यूकोट्राइकोफोरा) के पेड़ों को काटने पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन छह प्रजातियों को वन विभाग के 10-वर्षीय कटाई कार्यक्रम के तहत लाया गया है। उन्होंने कहा कि अब इन पेड़ों को केवल वन विभाग की अनुमति के साथ ही काटा जा सकता है। हालांकि, नए नियम के तहत घरेलू कार्यों के

लिए एक वर्ष में अधिकतम पांच पेड़ों को काटने की अनुमति रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बाहर किसी भी प्रजाति की इमारती लकड़ी और ईंधन की लकड़ी को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश से लकड़ी की तस्करी पर अंकुश लगाना और राज्य के मूल्यवान संसाधनों को बचाना है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से वनों के अवैध कटान की रोकथाम होगी और राज्य की जैव विविधता को बचाने में भी मदद मिलेगी। वन विभाग ने 13 पेड़ प्रजातियों की एक संशोधित सूची अधिसूचित कर दी है जिन्हें वन परिक्षेत्राधिकारी को सूचित कर काटा जा सकता है। जबकि बाकी अन्य सभी प्रजातियों के पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग की अनुमति अनिवार्य होगी।

हिमाचल में गहरी खाई में कार गिरने से तीन लोगों की मौत, सुक्खू ने किया शोक व्यक्त

शिमला। हिमाचल प्रदेश सिरमौर जिले में एक कार के खाई में गिरने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई जबकि अन्य दो घायल हुए है। पीड़ित शिमला जिला के कुपवी के पुजारली के रहने वाले थे। घायलों को सीएचसी हरिपुरधार से आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में नरिया राम (55) पुत्र रामियाराम, मनीषा (25) पत्नी संतोष शर्मा, दुर्मा देवी (58) पत्नी नैन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, संतोष शर्मा (28) पुत्र नरियाराम और बिमला देवी (48) पत्नी नरिया राम घायल हो गए हैं। सभी लोग जिला शिमला की कुपवी तहसील के पुजारली गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार के पांच लोग किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। घटनास्थल पर तीन मृतकों ने दम तोड़ दिया। जबकि एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रैफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल का सीएचसी हरिपुरधार में ही उपचार चल रहा है।

आशा वर्कर्स ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

सिरसा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा स्थित लघु सचिवालय में धरनारत आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर भूमणशाह चौक पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुतला फूंक कर रोष का इजहार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान दर्शना और कलावती माखोसरानी ने की। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आशाओं का मानदेय 2018 के बाद से नहीं बढ़ाया गया है, लेकिन काम पांच गुना बढ़ा दिया गया है। जिसके कारण आशाओं में बहुत ज्यादा रोष है। उन्होंने बताया कि आज विधानसभा क्षेत्र का घेराव था, लेकिन सरकार ने हठधर्मिता और तानाशाही रवैया अपनाते हुए सभी कर्मचारियों व स्टेट के नेताओं सहित तमाम आशा वर्करों को लाठीचार्ज करते हुए गिर तार कर लिया। सरकार की इसी तानाशाही के विरोध में कर्मचारियों ने एकत्रित होकर भूमणशाह चौक पर हरियाणा के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने की योजना बनाई। कर्मचारियों को वन विभाग, मजदूर यूनियन के नेताओं, सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव सोनू, निर्माण कामगार यूनियन के जिला के प्रधान नत्थूराम, शिमला और पिंकी ने संबोधित किया। कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार आशा वर्करों की मांग मानने की बजाय गुंडागर्दी पर उतारू है। सरकार को इसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए नेताओं व आशा वर्कर्स को रिहा नहीं किया तो मजबूरन बड़ा फैसला लेना पड़ेगा।

महंगाई हटाने का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है : भाजपा

शिमला, 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा और सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह ने कहा की प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार आई है, लगातार महंगाई का बोझ जनता पर डाल रही है। महंगाई हटाने का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस ने आते ही डीजल के दामों में 3 रू प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। उसके तीन महीने बाद दोबारा 3.50 रू प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। इस प्रकार प्रदेश में यात्री भाड़ा बढ़ गया, माल भाड़ा बढ़ गया, आवागमन का खर्च बढ़ गया और जनता पर भारी बरसात के साथ-साथ कांग्रेस सरकार की मार भी पड़ गई। भाजपा ने कहा कि पिछले 8 महीने में खाद्य तेलों के दाम राशन डिपुओं में दो बार बढ़ गए और पिछले कल दालों के दाम में भारी उछाल आया। डिपुओं में 16 रू किलो का दाम बढ़ना हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ धोखा है। जहां बरसात से आम गरीबजन का जीवन दूभर हुआ है वहीं ये दालों और डीजल का रेट बढ़ाया गया है उसे वापिस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश की जनता परेशान है और सरकार अपने ध्यान में मगन है। प्रदेश भर के सस्ते राशन के डिपुओं में मिलने वाली दाल चना व उड़द दाल महंगी हो गई है । राशनकार्ड धारकों को दाल चना के 16 रुपए और उड़द दाल के पांच रुपए अधिक चुकाने पड़ेंगे। इसके अलावा एपीएलटी कोटे की मूंग दाल भी आठ रुपए

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार आई है, लगातार महंगाई का बोझ जनता पर डाल रही: कर्ण नंदा

तक महंगी हो गई है । दाल चना एनएफएसए व एपीएल कोटे का 16-16 रुपए तक बढ़ा दिए हैं, जबकि एपीएलटी कोटे में महज एक रुपए की बढ़ोतरी हुई है । इसी तरह उड़द दाल में तीनों वर्गों में पांच-पांच रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा मल्का मसर दाल में एनएफएसए व एपीएल कोटे में जहां एक-एक रुपए की बढ़ोतरी हुई है । एपीएलटी कोटे में मल्का मसर दाल के दामों में दो रुपए का इजाफा हुआ है। प्रदेश सरकार ने दाल चना के 19,197 क्विंटल, उड़द दाल के 16, 188 क्विंटल, मल्का दाल के 12,750 क्विंटल और मूंग दाल के 6530 क्विंटल सप्लाई ऑर्डर किए गए हैं।

कुछ दिन पूर्व प्रदेश के सस्ते राशन डिपुओं में उपभोक्ताओं को चीनी का कोटा नहीं मिला। इससे उपभोक्ताओं को बाजार से महंगे दामों पर ही चीनी खरीदनी पड़ी थी। जिससे उपभोक्ताओं पर अधिक बोझ भी पड़ेगा, इसके चलते प्रदेश के 19.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन के साथ चीनी नहीं मिल पाई। प्रदेश भर में करीब 19.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन सस्ते दामों में उपलब्ध करवाया जा रहा है। राशन डिपुओं में चीनी प्रति व्यक्ति 500 ग्राम दी जाती है।

सार संक्षेप

सरकारी बस से 22 लीटर डीज़ल चोरी करता चालक काबू

चंडीगढ़। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने मंगलवार को कहा कि मिनिस्टर्स फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा सरकारी बस से डीज़ल चोरी के मामले में एक और चालक को काबू किया गया है। श्री भुल्लर ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड ने कल रात रवि ढाबा, नज़दीक सतनौर (ज़िला होशियारपुर) में चेकिंग के दौरान पठानकोट डिपो की बस नंबर पी.बी-06-ए.एस 8770 के चालक रजवंत सिंह को डीज़ल चोरी करते हुए रंगे-हाथों काबू किया। उसके पास से 22 लीटर डीज़ल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहीद भगत सिंह नगर में की गई चेकिंग के दौरान शहीद भगत सिंह नगर डिपो की बस पी.बी-32-पी 3661 के कंडक्टर नीतीश कुमार को सवारियों से पैसे लेकर टिकट न देने के लिए रिपोर्ट किया गया है। कंडक्टर ने सवारियों से 325 रुपए तो वसूल लिए, परन्तु उनको टिकट नहीं दी थी। इसी तरह रायपुर खलियान में चेकिंग के दौरान जालंधर-1 डिपो की बस नंबर पी.बी-08-सी.एक्स 8714 के कंडक्टर गुरजीत सिंह को भी सवारियों के साथ 60 रुपए की ठगी करने लिए रिपोर्ट किया गया है।

शिक्षक की बोतल से पानी पीने पर दलित छात्र की पिटाई

हिसार। हरियाणा में यहां सरकारी स्कूल में शिक्षक की बोतल से पानी पीने पर दलित छात्र की पिटाई के मामले में दलित संगठनों ने मंगलवार को राज्य मंत्री अनूप धानक के घर के बाहर धरना दिया और आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दलित संगठनों का कहना है कि आरोपी शिक्षक आज भी ड्यूटी कर रहा है। वह खुद को एक पार्टी के नेता भांजा बताता है। इसलिए उनकी मांग है कि शिक्षक को निलम्बित का उसे गिरफ्तार किया जाए। वहीं धरनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक के पास चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पुलिस कार्रवाई करेगी।

पूर्व बसपा प्रत्याशी समेत अनेक नेता कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सिरसा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे एडवोकेट जनकराज अटवाल ने मंगलवार को कांग्रेस का दामन लिया। यहां प्रदेश पार्टी मुख्यालय में हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई तथा उचित मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर श्री अटवाल ने दावा किया कि प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी। उनके साथ अनेक प्रतिष्ठित लोग भी कांग्रेस में शामिल हुये।

सुडोकू 6301 का हल

4	8	6	7	1	3	2	9	5
7	5	3	2	6	9	4	1	8
2	1	9	5	4	8	3	6	7
6	3	8	1	9	7	5	2	4
1	2	5	8	3	4	6	7	9
9	4	7	6	2	5	1	8	3
5	6	4	9	7	1	8	3	2
8	7	2	3	5	6	9	4	1
3	9	1	4	8	2	7	5	6

1500 रु की गारंटी पूरी करो अन्यथा बहनें सड़कों पर उतने के लिए मजबूर होगी: भाजपा

शिमला, 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, गोविंद ठाकुर, डॉ राजीव सहजल और हंस राज ने कांग्रेस की प्रदेश सरकार की चुप्पी के उपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेशभर से बहने अपना हक मांग रही है। 2022 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने जिनमें वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू भी शामिल हैं, ने घर-घर जाकर हर बहन से कहा कि 18 साल से 60 साल की आयु की सभी बहन-बेटियों को 1 जनवरी, 2023 से 1500 रू महीना मिलेगा, इसके लिए आप कांग्रेस की सरकार बनाए। प्रदेश की बहनों ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा दी गई गारंटियों को सत्य माना और 1 जनवरी, 2023 से 1500 रू महीना अपने खाते में आने का इंतजार कर रही है। भाजपा ने कहा कि 22 लाख बहनों को 1500 रू महीना मिलना चाहिए था। इस प्रकार प्रत्येक बहन के खाते में अभी तक 13500 रू पहुंच जाना चाहिए था परन्तु फूटी कौड़ी भी बहनों को नहीं दी गई और अब इंतजार की इंतहा हो गई है। भाजपा ने कहा कि घर-घर, गांव-गांव, गली-गली में बहने 1500 रू महीने की वार्ता करती है और सरकार के खिलाफ लामबंद होने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार को आगाह किया कि झूठी गारंटियों पर बहुत दिन प्रदेश का शोषण कर लिया है अब गारंटी पूरी करो अन्यथा बहनें सड़कों पर उतने के लिए मजबूर होगी।

पहले नौकरी की चयन प्रक्रिया थी लंबी हमने जल्द भर्ती की नीति बनाई: खट्टर

चंडीगढ़, 29 अगस्त (एजेंसियां) हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि सरकारी भर्तियों में पहले बहुत समय लगता था तथा पदों की संख्या भी बहुत अधिक होती थी और श्रेणियां भी अधिक बनती थीं। इसलिए इस प्रक्रिया को त्वरित करने के लिए सरकार ने ग्रुप सी और डी भर्ती के लिए नयी नीति बनाई है।

श्री खट्टर ने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य के प्रश्न पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि नयी नीति के तहत ग्रुप डी पदों का एक कैडर बनाया गया जिसके लिये परीक्षा ली जाएगी। यदि उम्मीदवार चयन होने के कुछ समय बाद अपना विभाग बदलना भी चाहते हैं तो वे वरिष्ठता के आधार पर बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप सी पदों के लिए भी हर विभाग के अलग सेवा नियम थे जिसकी वजह से इन पर भर्ती के लिए एक परीक्षा लेना सम्भव नहीं था। नयी नीति के

तहत सीईटी परीक्षा के लिए ग्रुप सी के लगभग 35 हजार पद विज्ञापित किये गये। राज्य सरकार ने एक सामान्य पात्रता परीक्षा ली। इसके लिए आवेदनकर्ता की कुल संख्या 11,22,232 थी। इनमें से 3,59,146 ने सीईटी स्तर-एक पास किया। सभी पदों के लिए एक जैसी शैक्षणिक योग्यता को आधार मानते हुए 64 श्रेणियां बनाई गई हैं और हर ग्रुप की एक अलग परीक्षा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों में पद कम या ज्यादा हैं,

नयी नीति के तहत ग्रुप डी पदों का एक कैडर बनाया गया जिसके लिये परीक्षा ली जाएगी। यदि उम्मीदवार चयन होने के कुछ समय बाद अपना विभाग बदलना भी चाहते हैं तो वे वरिष्ठता के आधार पर बदल सकते है:-मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री हरियाणा

इसलिए पारदर्शी और योग्य उम्मीदवार का चयन करने हेतु सीईटी परीक्षा-एक पास करने वाले उम्मीदवारों में से चार गुणा उम्मीदवारों को बुलाया गया है। ग्रुप 56- 57 की अभी परीक्षा हुई है। जिसमें प्रश्नों के रिपीट होने का भी एक मामला सामने आया। यह मामला वर्तमान में न्यायालय में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने उन उम्मीदवारों को आयु में छूट दी, जिन्होंने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा विज्ञापित भर्तियों के लिए आवेदन किया था, जिन्हें बाद में प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिया गया था। इसके अलावा, जिन्होंने सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों सहित हरियाणा सरकार के किसी भी विभाग, बोर्ड, निगम में व्यवधान की अवधि को छोड़कर तदर्थ अनुबंध, अथवा दैनिक वेतन के आधार पर समकक्ष पद पर काम किया है, उन्हें भी आयु में छूट दी गई है। ऐसे उम्मीदवार जो कुछ विशेष श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति आदि से सम्बंधित हैं, उन्हें भी आयु में छूट दी गई। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों को सीईटी परीक्षा में आयु सीमा में छूट प्रदान की गई थी, उनके लिए एचएसएससी ने 30 अप्रैल, 2023 को निर्णय लिया कि जो उम्मीदवार सीईटी स्तर-एक परीक्षा में पात्र थे, लेकिन अब अधिक उम्र के हो गए हैं, उन्हें स्तर-दो के लिए अनंतिम रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

हर क्षेत्र में आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाना करें सुनिश्चित: नेगी

शिमला, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में शिमला उपायुक्त आदित्य नेगी की अध्यक्षता में आज यहां जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने मंगलवार को बताया कि मार्च, 2023 से अब तक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 604 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगभग 56 करोड़ रुपए की आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई है। उन्होंने जिला की सभी 604 उचित मूल्य की दुकानों पर सभी आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को खाद्य सामग्री समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि मार्च, 2023 से अब तक जिला में उचित मूल्य की दुकानों एवं आटा मिलों के 2230 निरीक्षण किए गए है जिसके अंतर्गत विभागीय कार्यवाही करते हुए लगभग 59 हजार रुपए की राशि सरकारी कोष में जमा की गई है। उपायुक्त ने जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पूर्ण चंद ठाकुर को शिमला जिला के सभी स्थानों पर सब्जियों की दुकानों का औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए ताकि नागरिकों से अधिक वसूली न हो। उपायुक्त ने जिला में एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं मिट्टी के तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को एलपीजी के अभाव का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 26 हजार तथा शहरी क्षेत्रों में लगभग आठ हजार लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करने के भी निर्देश दिए ताकि जिला के लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

औद्योगिक एसोसिएशनों द्वारा उपभोक्ताओं की कीमत पर बिजली गुणवत्ता मीटर लगाने का विरोध

जालंधर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में जालंधर के विभिन्न औद्योगिक एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को पावरकॉम, पटियाला के निदेशक डी पी एस ग्रेवाल के साथ एक बैठक दौरान नियामक आयोग के निर्देशानुसार औद्योगिक इकाइयों के उपभोक्ताओं की कीमत पर बिजली गुणवत्ता मीटर लगाने का विरोध किया। बैठक के दौरान एसोसिएशनों ने यह भी मांग की कि इन मीटरों को लगाने के लिए अगले आदेश तक स्थगित किया जाए या फिर विभाग द्वारा अपने खर्च पर यह मीटर लगाए जाएं। बैठक में जालंधर, कपूरथला, होशियारपुर और फगवाड़ा के संगठनों ने भाग लिया। इसके अलावा यह भी मांग की गई कि दो पार्ट टैरिफ में उपभोक्ताओं पर जो फिक्स चार्ज लगाए जा रहे हैं, उन्हें खत्म किया जाए। इसके अलावा स्टाफ की कमी पूरी की जाए, लाइनों के रखरखाव और नए 66 के.वी. पर जोर दिया जाए। श्री ग्रेवाल ने प्रतिनिधियों की समस्याओं को बहुत ध्यान से सुना और कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और उन्होने शेष मुद्दों को भी जल्द ही हल करने का आश्वासन दिया।

दो भाइयों की खुदकुशी के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हो मामला : मजीठिया

जालंधर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने ब्यास नदी में कूद कर आत्महत्या करने वाले दो भाइयों की मौत के लिए जिम्मेदार थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उकसाने का मामला दर्ज करने की मांग की है। वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने मंगलवार को कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि पुलिस दावा कर रही है कि 15 अगस्त को संबंधित पुलिस स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह स्पष्ट तौर पर वीडियो फुटेज को हटाकर मामले को कमजोर करने की कोशिश करने की साजिश रची गई है। यहां तक कि उच्चतम न्यायालय ने भी दो अलग-अलग मामलों में स्पष्ट किया था कि एक पुलिस स्टेशन का हर हिस्सा सीसीटीवी कैमरे की नजर में होना चाहिए। यह संभव ही नहीं है कि स्वतंत्रता दिवसर पर सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे हों, जबकि राज्य और देश में इस अवसर पर देश में हमेशा सुरक्षा बढ़ा दी जाती है।' श्री मजीठिया ने कहा कि एक महिला की शिकायत पर उसके ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय, एसएचओ नवदीप सिंह और महिला कांस्टेबल जीवनजोत कौर और एएसआई बलविंदर कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों ने मानवजीत सिंह ढ़िल्लों को बेरहमी से पीटा। यहां तक कि उनकी पगड़ी तक हवा में उछाली गई और उन्हे पानी देने से भी इन्कार कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि जशनजीत सिंह ढ़िल्लों अपने भाई मानवजीत सिंह ढ़िल्लों के साथ किए गए दुर्व्यवहार को सहन नहीं कर सके और वह ब्यास नदी की ओर चले गए।

मुख्यमंत्री को खान की झोपड़िया का दौरा करने का न्योता

कोटा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोटा जिले की सांगोद विधानसभा सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपनी कैबिनेट के साथ बारां-कोटा जिले की सीमा पर स्थित खान की झोपड़िया गांव का दौरा करने का न्योता दिया है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री श्री गहलोत को भेजे एक पत्र ने कहा है कि वे पिछले तीन सालों से लगातार खान की झोपड़िया गांव को कोटा जिले की सीमा में शामिल करने की मांग करते आ रहे हैं क्योंकि नैसर्गिक रूप से ही खान की झोपड़िया गांव कोटा जिले का हिस्सा है जिसे प्रशासनिक त्रुटि की वजह से करीब तीन दशक पहले नये जिले के गठन के समय बारां जिले में शामिल कर लिया गया था लेकिन बाद में यह गलती मान भी ली गई। हाल ही में निवर्तमान संभागीय आयुक्त ने जांच में इस बात को माना है कि खान की झोपड़िया गांव कोटा जिले का हिस्सा होना चाहिए था और इस बारे में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट पेश कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद त्रुटि

को अब तक सुधारा नहीं गया है और खान की झोपड़िया गांव अभी भी बारां जिले का हिस्सा बना हुआ है।

श्री सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ राजस्थान में 19 नये जिले बना दिये लेकिन वे तो किसी नए जिले, तहसील या उपखंड मुख्यालय के गठन की भी मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि खान की झोपड़िया पर को नैसर्गिक दावेदारी होने के कारण उसे कोटा जिले की सीमा में शामिल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को यह एक कठिन परीक्षा नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि मुख्यमंत्री सितंबर महीने के पहले सप्ताह में कोटा में चंबल रिवर फ्रंट का उद्घाटन करने के लिए अपनी कैबिनेट के साथ कोटा आ रहे हैं तो वे भी इस मसले पर वार्ता करने के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे। इसके साथ ही वे कोटा विकास प्राधिकरण के गठन के विधेयक को वापस लेने की मांग भी करेंगे क्योंकि यह विधेयक जनहित में नहीं है। खास तौर से इससे किसानों का अहित होगा। श्री सिंह ने पत्र में कहा है कि अगर आपने साहस है तो आप अपनी कैबिनेट के सभी सदस्यों के साथ खान की झोपड़िया गांव का अवलोकन करें ताकि आपको वस्तु स्थिति स्पष्ट नजर आ सके कि इस गांव को कोटा जिले में क्यों नहीं शामिल किया जाता।

गहलोत ने दी रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री गहलोत ने अपने संदेश में कहा कि रक्षाबंधन महिलाओं के प्रति सम्मान और विश्वास के साथ ही पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व का पर्व है। यह सामाजिक और पारिवारिक एकसूत्रता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति के लिए संकल्पबद्ध होकर सभी क्षेत्रों में समान अवसर उपलब्ध करा रही है। श्री गहलोत ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि हमें महिला सशक्तिकरण और उनकी प्रगति की दिशा में मिलकर एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सर्वांगीण विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की अनूठी पहल की है। इसमें प्रदेश की 1.35 करोड़ जनाधार महिला मुखियाओं को मय इंटरनेट मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को फोन मिलना शुरू हो गया है। इससे महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने परिवार की समृद्धि एवं प्रगति में भागीदारी निभाएंगी।

हिसार केंद्रीय जेल में बहनें बांधेंगी भाइयों को राखी

हिसार, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में यहां स्थित केंद्रीय जेल में बंद भाईयों को रक्षाबंधन पर राखी बांधने आने वाली बहनें इस बार खाली हाथ अंदर नहीं जाएंगी। जेल प्रशासन उन्हें भाईयों की कलाई पर बांधने के लिए राखी के अलावा मिठाई, अक्षत, रोली की व्यवस्था करेगा। यह सब बहनों को जेल के अंदर ही मुहैया कराया जाएगा। जेल प्रशासन ने इस त्यौहार पर मिठाई का इंतज़ाम किया है वहीं जेल में आने वाली बहनों से अनुरोध किया है कि वह अपने साथ मिठाई लेकर न आएं। व्यवस्था में कोई कमी नहीं हो, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जेल अधीक्षक दीपक शर्मा ने मंगलवार को यहां बताया कि भाई- बहन के लिए रक्षाबंधन का त्योहार विशेष होता है इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है वहीं भाई बहन की सुरक्षा का वचन उन्हें देते हैं इस कड़ी में सरकार की तरफ से रक्षाबंधन पर इस बार जेल में विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन त्यौहार के दिन जेल में आने वाली बहनों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। जेल प्रशासन ही राखी, मिठाई और अन्य सामान उन्हें मुहैया कराएगा। दूर से आने वाली बहनों को बैठने और पानी आदि का पूरा बंदोबस्त किया है। जेल प्रशासन ने हालांकि सुरक्षा के दृष्टिगत महिला सुरक्षाकर्मियों की भी मांग की है।

प्रादेशिकी

अंतरराष्ट्रीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, दस बाइकें बरामद

फर्रुखाबाद,29 अगस्त (देशबन्धु)। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 10 बाइके बरामद की है। पुलिस को आरोपियों के पास चाबियां के गुच्छा के अलावा मास्टर की मिली है। पुलिस ने थाना शमशाबाद के ग्राम नयगवां निवासी दुर्विजय पुत्र रामनाथ जनपद मैनपुरी थाना बिछुवां के ग्राम भनऊ निवासी महेश पुत्र राम किशोर। जनपद फिरोजाबाद थाना जसराना के निजामपुर निवासी चंद्रशेखर पुत्र फूल सिंह एवं थाना अरांव के ग्राम बोथरी निवासी गुरुदेव पुत्र सेवाराम को संदिग्ध व्यवस्था में दो बाइकों से जाते समय हिरासत में लिया। पुलिस ने इन लोगों से पूछताछ कर अन्य बाइकों की जानकारी की। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर अन्य स्थानों पर छिपाई गई चोरी की 8 बाइके और बरामद कर ली।

रोजगार का हब बनेगा बुंदेलखंड : योगी

झांसी/लखनऊ, 29 अगस्त (देशबन्धु)। अब तक भले ही बुंदेलखंड का नौजवान नौकरी के लिए बुंदेलखंड से बाहर का रुख करता रहा होगा, लेकिन डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ जब यहां पर

■ **झांसी में 2,009 करोड़ की 100 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

औद्योगिक दृष्टि से विकसित क्षेत्र बनेगा तो दुनिया कार्य करने के लिए झांसी और बुंदेलखंड में आएगी। यह नौकरी और रोजगार के नए हब के रूप में स्थापित होगा। ये जो क्षेत्र विकसित हो रहा है इसमें एक तरफ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है तो दूसरी तरफ कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग और इसके बीच में बनेगा एक नया एयरपोर्ट जो झांसी के विकास को एक नई ऊंचाई देगा। बुंदेलखंड पहला क्षेत्र होगा जिसके पास दो-दो एयरपोर्ट होंगे। एक एयरपोर्ट झांसी में और एक चित्रकूट में। ललितपुर में भी फार्मा पार्क नई गति पकड़ रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झांसी में 2,009 करोड़ रुपए की 100 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं हॉकी ओलंपिक

खिलाड़ियों का सम्मान एवं हॉकी मैच का शुभारंभ करते हुए कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही हॉकी संग्रहालय का उद्घाटन व अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्यानचंद स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हॉकी में 1928,1932 और 1936 में तीन-तीन गोल्ड मेडल दिलाने वाले हॉकी के यह महान जादूगर न सिर्फ एक उत्कृष्ट खिलाड़ी थे, बल्कि भारत माता के प्रति अपार सम्मान और श्रद्धा का भाव उनके मन में था। 1936 में जब भारत ने ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था, तब जर्मनी के चांसलर ने उन्हें जर्मनी की नागरिकता व कर्नल की उपाधि ऑफर की थी, लेकिन हॉकी के इस जादूगर ने कहा कि मैं जैसा भी हूं, भारत के लिए खेलता हूं और उन्होंने एक झटके में इस प्रस्ताव को ठुकराकर भारत के प्रति अपने उद्गार को व्यक्त किया। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि बुंदेलखंड की धरती ऐसे वीर और वीरांगनाओं की धरती रही है। महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से आज भी हर वीरांगना, हर वीर अपने आपको गौरवान्वित करता है।

विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है बुंदेलखंड

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज बुंदेलखंड विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री के आदेश के बाद जब पहली बार यहां आया था तब यहां के जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि यहां कनेक्टिविटी भी नहीं है और पानी की भी समस्या है। आज बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की योजना प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो रही है। कुछ ही दिनों के अंदर हर घर के अंदर आरओ का पानी पहुंचाने में सफल होंगे और बुंदेलखंड का यह सपना साकार हो जाएगा। सीएम ने कहा कि बुंदेलखंड में सिंचाई की तमाम परियोजनाओं को पूरा किया गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस आज बुंदेलखंड के विकास को नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। साथ ही झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की यह भूमि आज डिफेंस कॉरिडोर के नाम पर भी जानी जा रही है।

वेंकटेश्वर वर्ल्ड स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाया

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल की तीनो शाखाओं, दिल्ली रुड़की बाईपास, साकेत और डिफेन्स के प्रांगण में रक्षाबंधन पर्व को वृक्षा बंधन कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल की तीनों शाखाओं में सभी बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधे लगाए और सभी पौधे पर रक्षा सूत्र बांधकर यह प्रण लिया कि हम हमेशा वृक्षों की सुरक्षा करेंगे और उन्हें कटने से बचाएंगे। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ.अंजुल गिरी ने भी बच्चों के उत्साह को देखते हुए, उनकी प्रशंसा की तथा उन्हें सचेत किया कि वृक्ष ही हमारा जीवन है यदि वृक्ष नहीं होंगे तो पृथ्वी पर जीवन लगभग समाप्त हो जाएगा तथा यह भी बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भूस्खलन की बड़ी वजह वनों की लगातार हो रही कटाई है 1 पेड़ों की जड़े मिट्टी पर मजबूती के साथ पकड़ बनाती है।

जाम की समस्या से निजात दिलाएगा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

लखनऊ, 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के शहरों को जाम मुक्त बनाना योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। वह समय समय पर इसको लेकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश भी देते रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यातायात निदेशालय ने पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) में सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने जा रहा है, जहां से प्रदेश के मुख्य शहरों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाईजाएगी।इसकी स्थापना का काम तकरीबन पूरा हो चुका है।

एडीजी यातायात के अनुसार जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। एडीजी यातायात बीडी पॉल्सन ने बताया कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को प्रदेश के ऐसे बड़ों शहरों के एंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से जोड़ा जा रहा है, जहां के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। गूगल मैप के जरिए जाम वाले इलाकों को चिन्हित कर उनके बारे में तत्काल स्थानीय

■ **यातायात निदेशालय के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुख्यमंत्री जल्द करेंगे शुभारंभ**

■ **मुख्य शहरों के एंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़कर पता लगाएंगे दिक्कतें**

यातायात पुलिस के अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। साथ ही, जाम खत्म करने के तरीकों के बारे में मुख्यालय स्तर से दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। इससे जुटाए गये डाटा का विश्लेषण कर पता लगाया जाएगा कि किस सड़क पर किस वक्त जाम लगता है।

इससे जाम के कारणों का पता लगाना आसान होगा और उसका निदान किया जाएगा। वहीं, अगले चरण में बाकी शहरों, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि को जोड़ा जाएगा। एडीजी यातायात के मुताबिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वर्तमान में इसे शहरों के आईटीएमएस से जोड़ा जा रहा है।

सार संक्षेप

एसआर इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया खेल दिवस

मेरठ। मंगलवार को किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल में खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्र बहुत उत्साहित थे। छात्रों ने अपनी रुचि के अनुसार खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक स्वतंत्र चौहान, प्रधानाचार्या श्वेता तोमर एवं शिक्षा निदेशक एम एस मैथ्यू सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। प्रतियोगिता का आरंभ स्कूल के निदेशक मौर्य ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर एवं दोनों टीमों के कैप्टन से हाथ मिलाकर शुरू किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने बास्केटबॉल एवं खो जैसे खेल खेले। खिलाड़ियों ने इन खेलों से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल प्रधानाचार्य श्वेता तोमर ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।

एमपीजीएस की छात्राओं ने डीएम को बांधी राखी

मेरठ। मंगलवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर एमपीजीएस शास्त्री नगर विद्यालय की छात्राओ ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को राखी बांधी। जिलाधिकारी ने सभी का परिचय जाना व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें शुभकामनाएं दी व उनको अपनी ओर से उपहार भी भेंट किए। इस अवसर पर एमपीजीएस की अध्यापिका एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

नगर में चलाया गया वृहद सफाई अभियान

मवाना। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के नेतृत्व में वार्ड नंबर 20 मोहल्ला कल्याण सिंह ढिकोली कालोनी में रोड के दोनों साईड पटरियों पर वृहद सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों द्वारा नाली सफाई, झाड़ू, कूड़ा व वर्षो से उगी घास को साफकराया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ पालिका के स्टाफ को नगर के मदर्स इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चो द्वारा रक्षाबन्धन के अवसर पर राखी बाधी गयी। यहां पर मधुर कौशिक, सभासद राजेन्द्र चौहान, अवजीत, दीपक शर्मा, सुभाष पालिका के सफाई नायक मनोज, राकेश व सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर मेरठ में प्रदर्शन

मेरठ। हापुड़ में वकीलों और पुलिस के बीच हुई नोंकझोंक मामले में मेरठ में भी अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने पहले मेरठ बार के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद काफी संख्या में वकील नारेबाजी करते हुए कचहरी के मुख्य गेट पर पहुंचे। यहां से एकत्र होकर वकील कप्तान ऑफिस पहुंचे। बता दें कि मंगलवार को महिला अधिवक्ता पर दर्ज एफआईआर का विरोध कर रहे वकीलों ने जाम लगाकर हंगामा कर दिया। मामले में पुलिस और वकीलों की नोंक-झोंक होने लगी।

डीएम व एसएसपी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत हुयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पोक्सो, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, महिला एवं बच्चो से संबंधित अपराध, आबकारी, एंटी करप्शन इत्यादि वाद के संबंध में विभिन्न कोर्ट में चल रहे केस में सरकारी पक्ष से की जा रही पैरवी की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि ऐसे समस्त वादों में समय से गवाही, साक्ष्य प्रस्तुत करते हुये प्रभावी पैरवी की जाये जिससे कि समय से मुकदमो का निस्तारण हो सके। उन्होने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक स्तर पर कोई सहयोग प्राप्त करना हो तो वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या से अवगत कराये जिससे कि मुकदमो में आवश्यक कार्यवाही करते हुये सहयोग दिया जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि अगर थाने के स्तर पर कोई समस्या आ रही है तो तुरंत अवगत कराया जाये जिससे कि आवश्यक कार्यवाही समयान्तर्गत की जा सके।

पोर्टल पर बिजली चोरी की सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम

■ **पावर कारपोरेशन बिजली मित्र पोर्टल पर सूचना देने वाले की गोपनीयता भी बरतेगा**

लखनऊ, 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली मित्र पोर्टल पर बिजली चोरी की सूचना देने वाले की गोपनीयता बरतने के साथ इनाम भी मिलेगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा.आशीष कुमार गोयल ने मंगलवार को कारपोरेशन के प्रर्वतन दल की समीक्षा करते हुए कहा कि बिजली मित्र पोर्टल पर बड़ी संख्या में बिजली चोरी की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं।

इसमें सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रहता है। इस पोर्टल को और लोकप्रिय बनाकर बिजली चोरी रोकने के प्रयास को और प्रभावी बनाना है। इसके लिए इस पोर्टल पर सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने हेतु इनाम राशि भी दी जाये। इसके लिये शीघ्र एक नीति बनाकर उसे प्रसारित करें। योजना में सूचना देने वाले का नाम गुप्त रहेगा। शक्ति भवन में सम्पन्न इस समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक (प्रर्वतन) एमके बशाल, प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार सहित कारपोरेशन एवं प्रवर्तन विभाग के उनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली व्यवस्था बेहतर करने के लिये विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश जरूरी है। इसके लिये लगातार प्रयास किए जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी बिजली चोरी पकड़ी जाए वहां विद्युत कनेक्शन जरूर स्वीकृत किए जाये। इसके लिये पर्वनत दल भी प्रयासरत रहे। अध्यक्ष ने कहा कि प्रवर्तन दलों के साथ विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने तथा लोड बढ़ाने वाले फार्म रहें। जिसे मौके पर भरवा कर कनेक्शन दिए जाए। अध्यक्ष ने कहाकि बिजली मित्र पोर्टल को और अधिक प्रोफेशनल बनाया जाये। इसे आरएमएस पोर्टल से लिंक किया जाये। जिससे बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ता की पूरी जानकारी उपलब्ध रहे। कारपोरेशन अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि जिन फीडरों पर ज्यादा विद्युत का उपभोग हो रहा है और चोरी की सम्भावना है, वहां बिजली चोरी रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए।

उन्होंने कहा कि बिजली चोरी का एसेस्मेन्ट बनाने में पारदर्शिता हेतु एक पोर्टल बनाया जाये। जिसपर चोरी पकड़े जाने का एसेसमेन्ट लोड हो और यदि कोई संसोधन हो तो भी उसी पर हो।

तक्षशिला में धूमधाम से मनाया गया स्पोर्टस डे

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में 'मेजर ध्यान चंद' की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें इंटर स्कूल वॉलीबॉल, बास्केटबाल व ट्रैक इवेन्ट्स का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने स्कूल के बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्थान पाने पर सम्मानित किया तथा बच्चों को अपने जीवन में खेलकूद को स्थान देने के लिये उत्साहित किया।

छात्र इतनी मेहनत करें की सफलता कदम चूमे : तोमर

■ **विनायक विद्यापीठ में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन** ■ **व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए किया प्रेरित**

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ में नए सत्र 2023-24 में प्रवेश ले चुके अंडर ग्रेजुएट नवांगुत विधार्थियो के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों के अलावा संस्थान की प्राचार्या डॉ अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजि. विकास कुमार, डीन एकता सिंधू, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा के अलावा सभी विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विनायक विद्यापीठ के चेयरमैन एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर और सेवायोजन कार्यालय मेरठ के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय रहे। डॉ. सोमेंद्र तोमर ने विधार्थियो को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि ये पांच वर्ष आपके लिए अति महत्वपूर्ण है। आप इतनी मेहनत करे की सफलता आपके कदम चूमे। उन्होंने विधार्थियों को मेहनत कर अपने माता पिता का सपना साकार करने के लिए प्रेरित किया। सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने भी विद्यार्थियो को मोटिवेट करते हुवे उनके अपने अनुभव को सांझा किया उन्हे अपने व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की बीजेएमसी विभागाध्यक्ष सारिका गौतम ने सभी विद्यार्थियों का उनके विभागाध्यक्ष एवं फैकेल्टी मेंबर्स से परिचय कराते हुवे उन्हे संस्थान में चल रहे कोर्सों के बारे में बताया तथा संस्थान से संबंधित सभी मौजूद सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा व निदेशक इंजि. विकास कुमार ने विद्यार्थियों को नए सत्र में प्रवेश करने पर बधाई दी।

हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि अर्तराष्ट्रीय महिला पहलवान तथा अर्जुन अवार्डी दिव्या काकरान व राष्ट्रीय कुश्ती कोच राजेश तोमर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शिवानी सिंह स्पोर्ट्स ऑफिसर लक्ष्मीकांत शर्मा एडमिशन हैड .सुमित काकरान के द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र के सामने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलनऔर पुष्पार्चन से हुआ साथ ही माँ शारदा की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या के द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनके जीवन चरित्र व देश के लिए उनकी उपलब्धियों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया।

डीएवी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित सीजेडीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद जी, (अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर) के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष यह दिवस अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

खेल प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतीश शर्मा, पूर्व भारतीय हॉकी कोच उपस्थित थे। मेजर ध्यानचंद जी को स्मरण करते हुए विद्यालय में सदनों के आधार पर, क्रमशः लक्ष्य, निर्भय, शौर्य, तेजस सदनों के विद्यार्थियों के बीच वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें तेजस हाउस को प्रथम स्थान तथा लक्ष्य हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल के खेल के पश्चात रस्सा कूद, कॉपी बैलेंसिंग, आदि कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

■ **छात्रों ने की उत्साह के साथ प्रतिभागिता**

■ **विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र वितरित**

किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। खेल स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक होते हैं।

जीवन में खेलों का महत्व अतुलनीय होता है। खेल मस्तिष्क को शांति देते हैं तथा शरीर को स्वस्थता। खेलों के आयोजन के पश्चात समस्त विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

आयोजन *वेंक्टेश्वरा में खेल प्रतिभाओं का किया गया सम्मान*

जमीन से लेकर अन्तरिक्ष तक देश का झण्डा बुलंद : डा. सुधीर

मेरठ,29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्मदिवस (खेल दिवस) पर खेल प्रतिभाओ के सम्मान एवं खेल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें तीरन्दाजी की अन्तर्राष्ट्रीय चौम्पियन इशिता धारीवाल, रस्साकशी की अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अजहा खान, बेसवाल के नरेन्द्र राणा, शूटिंग के दीपक धारीवाल समेतएक दर्जन राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पगडी, पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार प्रो.वीपीएस अरोडा, प्रभारी कुलपति डॉ.राकेश यादव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईशिता धारीवाल, शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ खिलाड़ियों को

■ **एक दर्जन से अधिक खेल प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित**

■ **खेल संगोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार**

सम्मानित करते हुए कहा कि आज देश की बेटिया जमीन से लेकर अन्तरिक्ष तक भारत का झण्डा बुलन्द कर रही है। बेटिया हर खेल प्रतियोगिताओं में बेटो से अधिक मेडल जीत कर आ रही है। ये बदलते हुए अखण्ड भारत की शानदार तस्वीर है। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, डॉ.आरएस शर्मा, वरिष्ठ जर्नलिस्ट संजना चौरसिया, डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. रामकुमार, डॉ. एसएन साहू, डॉ. एलएस रावत, डॉ. विवेक सचान, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, रामयश सिंह, गुरूदयाल सिंह, विशाल शर्मा, अभिषेक जैन, मारूफ चौधरी, विक्रान्त चौधरी, डॉ. राजवर्द्धन, विकास श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

मवाना मिल ने किया सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान

मवाना,29 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल ने मंगलवार को पेराई सत्र 2022-23 में कुल खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान 718.24 करोड़ रुपये कर दिया है। गन्ना मूल्य भुगतान की एडवाइज सम्बंधित समस्त समितियों को भेज दी गई है। अब मवाना चीनी मिल पर सत्र 2022-23 का किसी भी प्रकार का गन्ना मूल्य भुगतान शेष नहीं बचा है। गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के बैंक खातों में दो दिन में पहुंच जायेगा। बीते पेराई सत्र में मवाना मिल ने 211.73 लाख कुंतल गन्ना पेराइ कर 20 लाख बोरे चीनी का उत्पादन किया था। उधर मिल ने आगामी पेराई की तैयारी के लिए मशीनरी का 50 प्रतिशत मेंटीनेस का कार्य पूरा कर लिया है। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने बताया कि आगामी पेराई सत्र की तैयारियां जोरों पर है। नया पेराई सत्र नवम्बर 2023 के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। मिल शुरू से ही पूरी पेराई क्षमता के आधार पर चलेगी। शासन से गन्ना सुरक्षण आदेश जारी होने के बाद मिल के तौल केन्द्रों पर कांटे लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि चीनी मिल व गन्ना समितियों के द्वारा ग्रामवार सट्टा प्रदर्शन का कार्य भी चल रहा है। समस्त किसान भाई अपने सट्टा एवं गन्ना क्षेत्रफल की जांच करा लें एवं यदि कोई त्रुटि हो तो उसे अवश्य ठीक करा लें। सभी किसान सट्टा प्रदर्शन के समय अपना घोषणापत्र अवश्य भर दें, जिससे आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 30 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

आमिर खान बॉलीवुड में करेंगे वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान सिनेमा में बहुप्रतीक्षित वापसी करने वाले हैं। आमिर ने नवंबर 2022 में अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। वह हाल ही में करीना कपूर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में दिखाई दिए थे, यह फिल्म पिछले साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 दिसम्बर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है और 20 जनवरी 2024 को इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट के बारे में अभी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, आमिर खान और दिनेश विजान सरकारी वकील उज्ज्वल निकम पर बायोपिक बनाने का विचार कर रहे हैं।

दिमाग की कोशिकाओं तक पहुंच सकता है माइक्रोप्लास्टिक

खासकर बुजुर्गों में व्यवहार, मस्तिष्क में परिवर्तन संभव

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक की घुसपैठ शरीर में उतनी ही व्यापक है जितनी कि पर्यावरण में, जिससे व्यवहार में और मस्तिष्क में भी बदलाव होता है, खासकर बुजुर्गों में। प्लास्टिक - विशेष रूप से, माइक्रोप्लास्टिक्स - ग्रह पर सबसे व्यापक प्रदूषकों में से एक है, जो दुनिया भर में हवा, जल प्रणालियों और खाद्य श्रृंखलाओं में अपना रास्ता खोज रहा है।

अमेरिका में रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने न्यूरोबिहेवियरल प्रभावों और माइक्रोप्लास्टिक्स के संपर्क में आने वाली सूजन प्रतिक्रिया के साथ-साथ मस्तिष्क सहित ऊतकों में माइक्रोप्लास्टिक्स के संचय पर अनुसंधान किया गया।

टीम ने तीन सप्ताह के दौरान युवा और बूढ़े चूहों को पीने के पानी में माइक्रोप्लास्टिक के विभिन्न स्तर मिलाकर दिये।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर साइंस में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक एक्सपोजर व्यवहारिक परिवर्तन और यकृत और मस्तिष्क के ऊतकों में प्रतिरक्षा मार्करों में परिवर्तन दोनों को प्रेरित करता है।

अध्ययन में शामिल चूहों ने अजीब ढंग से चलना और व्यवहार करना शुरू कर दिया, जिससे मनुष्यों में मनोभ्रंश के समान व्यवहार प्रदर्शित हुआ। वृद्ध जानवरों में परिणाम और भी गहरे थे।

अमेरिका में रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के रेयान इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस एंड द कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बायोमेडिकल और फार्मास्युटिकल विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जैम रॉस ने कहा कि हमारे लिए, यह आश्चर्यजनक था। ये माइक्रोप्लास्टिक्स की उच्च खुराक नहीं थे, लेकिन केवल थोड़े समय में हमने ये बदलाव देखे। उन्होंने कहा कि कोई भी वास्तव में शरीर में इन माइक्रोप्लास्टिक्स के जीवन चक्र को नहीं समझता है, इसलिए हम जो अध्ययन करना चाहते हैं उसका एक हिस्सा यह सवाल है कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, क्या होता है। क्या आप उम्र बढ़ने के साथ इन माइक्रोप्लास्टिक्स से प्रणालीगत सूजन के प्रति अधिक संवेदनशील हैं? क्या आपका शरीर इनसे आसानी से छुटकारा पा सकता है? क्या आपकी कोशिकाएं इन विषाक्त पदार्थों के प्रति अलग तरह से प्रतिक्रिया करती हैं?

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि कण मस्तिष्क सहित हर अंग में और साथ ही शारीरिक अपशिष्ट में जैव-संचय करना शुरू कर चुके थे।

रॉस ने कहा कि यह देखते हुए कि इस अध्ययन में माइक्रोप्लास्टिक्स को पीने के पानी के माध्यम से मौखिक रूप से वितरित किया गया था, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट जैसे ऊतकों में, जो पाचन तंत्र का एक प्रमुख हिस्सा है, या यकृत और गुर्दे में इसका पता लगाना हमेशा संभव था।

सी टू-प्लस आईवीएल कैथेटर तकनीक के प्रयोग से बची महिला की जान

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। शत-प्रतिशत हृदय धमनी अवरोध से पीड़ित एक महिला का जीवन लगभग 40 मिनट तक सीपीआर देने के बाद बिना स्टेंट या बैलूनिंग के नवीनतम टू-प्लस आईवीएल कैथेटर तकनीक के प्रयोग से बचा लिया गया है। निजी क्षेत्र के पारस हेल्थ गुरुग्राम अस्पताल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक एवं यूनिट प्रमुख डॉ. अमित भूषण शर्मा ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 58 वर्षीय महिला उच्च शर्करा – मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थी। इसका कारण हृदय की धमनी 100 प्रतिशत अवरोधित थी। सामान्य तौर पर धमनी में वसा की परत जम जाती है लेकिन इस मामले में मधुमेह के धमनी में कैल्सियम की परत जम गई थी। इसलिए धमनी में स्टेंट या बैलूनिंग तकनीक का प्रयोग संभव नहीं था। स्थिति को देखते हुए नवीनतम 'सी 2 प्लस आईवीएल कैथेटर' तकनीक प्रयोग करने का फैसला किया। इस तकनीक में लेजर किरणों से धमनी में जमे कैल्सियम की परत को तोड़ा जाता है और रक्त के लिए मार्ग बनाया जाता है। भारत में ` । को करने वाला पारस हेल्थ

■ **महिला उच्च शर्करा-मधुमेह व उच्च रक्तचाप से पीड़ित**

तीसरा अस्पताल है और पूरे देश का यह तीसरा मामला है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि उम्र-दराज हृदयरोगियों के उपचार और आपात स्थिति में यह तकनीक कारगर है। क्योंकि इसमें ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। इस तकनीक को प्रयोग करने की लागत दो लाख से सवा दो लाख रुपए तक आती है। अस्पताल, जांच और दवाइयों का खर्च अलग है। उन्होंने कहा कि 'सी-2 प्लस आईवीएल कैथेटर' तकनीक को अवरुद्ध कोरोनरी- धमनी के मामलों से निपटने के लिए तैयार किया गया है जहां पारंपरिक हृदय उपचार जैसे कि स्टीरियोटाइपिकल बैलूनिंग और स्टेंट इम्प्लांटेशन कारगर नहीं होते हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि पीड़ित महिला को सीने में दर्द का अनुभव हो रहा था। तत्काल ईसीजी और कार्डियक एंजाइम परीक्षण जैसे विभिन्न परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों के परिणाम हालांकि सामान्य थे लेकिन दर्द लगातार बना हुआ था। उसी रात महिला की हालत गंभीर हो गयी और उसकी नब्ज भी नहीं चल रही थी। ऑपरेशन के पांच दिन बाद मरीज को छुट्टी दे दी गई और अब वह ठीक है।

रक्षाबंधन से एक दिन पहले केदारनाथ धाम में धूमधाम से मनेगा भतूज पर्व

केदारनाथ, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन से एक दिन पहले श्री केदारनाथ धाम में भतूज यानी अन्नकूट उत्सव मंगलवार की आधी रात के बाद धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा दानदाता के सहयोग से केदारनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तीर्थयात्रियों को भतूज तथा रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि भतूज पर्व हेतु सभी तैयारियां की गई है।

उल्लेखनीय है कि भज के दिन नये धान के चावलों का पका भोग से भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को लेपकर ढक दिया जाता है। फिर रात्रिभर दर्शन के पश्चात प्रात: उन पके चावलों को शिवलिंग से उतार कर मंदाकिनी नदी में प्रवाहित कर लिया

जाता है। मान्यता है कि नए अनाज तथा पके चावलों के भोग को स्वयंभू शिवलिंग पर चढाने से सभी अन्न प्रजाति से विष का शमन हो जाता है। इस अवसर पर केदारनाथ में हक हकूकधारी चावल का भोग बनाकर भगवान केदारनाथ को समर्पित करेंगे। इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थ तथा भोग सामग्री भगवान केदारनाथ को समर्पित की जायेगी।

केदारनाथ क्षेत्र की देवी कात्यायनी डौल्या देवी भगवान केदारनाथ दर्शन किये इन देव डोलियों का सोमवार शाम केदारनाथ धाम पहुंचने पर मंदिर समिति तथा श्री केदार सभा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

लमगोंडी (गुप्तकाशी) क्षेत्र की आराध्य देवी राजराजेश्वरी तथा भगवान शिव के परम भक्त बाणासुर शाम श्री केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंच गये हैं। इस अवसर पर कार्याधिकारी आरसी तिवारी, पुजारी शिवलिंग, धर्माचार्य औंकार शुक्ला, वेदपाठी यशोधर मैठाणी एवं स्वयंबर सेमवाल डीएस भुजवाण, लोकेंद्र रूवाड़ी प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला सहित केदार सभा, हक-हकूकधारी तथा तीर्थ यात्री मौजूद रहे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि भतूज के पर्व पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे है। अभी तक 12,15,186 श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच गये है। जिसमें से 69,511 हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे है।

रक्षाबंधन एक उत्सव है, जहां आप 'इम्परफेक्ट' बॉन्ड साझा करते हैं : सुष्मिता सेन

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने 'आर्या' में निभाए गए अंकुर भाटिया के साथ अपने ऑन-स्क्रीन भाई-बहन के रिश्ते के बारे में कहा कि रक्षाबंधन एक उत्सव है, जहां आप 'इम्परफेक्ट' बॉन्ड साझा करते हैं, मुश्किल समय में एक-दूसरे की ताकत बनने का वादा करते हैं। एक-दूसरे का सपोर्ट करने से लेकर सबसे मूर्खतापूर्ण चीजों पर लड़ने तक, भाई-बहन का बंधन हर भावना का अनुभव करता है। रिश्ते का ऐसा ही एक जटिल पहलू हमने सीरीज 'आर्या' में देखा। हालांकि, आर्या (सुष्मिता) और संग्राम (अंकुर) के बीच भाई-बहन का अच्छा रिश्ता नहीं है, लेकिन एक-दूसरे के लिए प्यार और देखभाल अटूट है। इसके बारे में सुष्मिता ने कहा कि भाई-बहन के रिश्तों को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। वे लड़ते हैं, वे सुलह करते हैं, वे फिर से लड़ते हैं, यह चलता रहता है जिसका हम सभी आनंद लेते हैं। आर्या और संग्राम के बीच का बंधन ऐसा नहीं है, लेकिन उनके रिश्ते के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि उन्होंने अपने कड़वे रिश्ते को स्वीकार किया है और एक-दूसरे के लिए अपने प्यार को जाने नहीं दिया है। रक्षाबंधन का बिल्कुल यही मतलब है। एक्ट्रेस ने कहा कि एक उत्सव जहां आप इस इम्परफेक्ट बॉन्ड को अपनाते हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे की ताकत बनने का वादा करते हैं।

'आर्या' एक क्राइम-थ्रिलर ड्रामा है, जो राम माधवानी और संदीप मोदी द्वारा सह-निर्मित है, जिन्होंने सीरीज का निर्देशन भी किया है, जबकि विनोद रावत सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। राम माधवानी फिल्म्स के बैनर तले एंडेमोल शाइन ग्रुप के साथ माधवानी द्वारा निर्मित, इसमें सुष्मिता मुख्य भूमिका में हैं, और यह डच ड्रामा सीरीज़ 'पेनोज़ा' पर आधारित है।

'शिवशक्ति' में देवी गंगा का किरदार निभाएंगी प्राची बंसल

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री प्राची बंसल, जो पौराणिक शो 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में देवी गंगा का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं, ने कहा कि यह सिर्फ एक भूमिका नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह शो दो सबसे प्रतिष्ठित देवताओं- शिव और शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। यह उनकी कर्तव्य, त्याग और अलगाव की यात्रा को दर्शाता है जो तप, त्याग और तांडव की ओर ले जाती है। इस शो में भगवान शिव और देवी सती की पहली प्रेम कहानी का शानदार चित्रण किया गया है। इसकी कहानी तारकासुर इंद्र और देवताओं को परास्त करने और स्वर्ग लोक पर कब्ज़ा करने के लिए आवश्यक शक्ति का उपयोग करने पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि अंशुमान के पोते भागीरथ ने कठोर तपस्या की और ब्रह्मा और शिव की कृपा प्राप्त की। ब्रह्मा ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने की अनुमति दी, जबकि शिव ने अपनी जटाओं में उनके तेज वेग को समा लिया, ताकि वह अपनी शक्ति से पृथ्वी को खंडित न कर दे। प्राची ने कहा कि शिव शक्ति- तप त्याग तांडव में पवित्र गंगा के सार को मूर्त रूप देना एक बहुत बड़ा सम्मान है। जैसे उनके जल ने अनगिनत आत्माओं को पोषण दिया है, वैसे ही वह अब मेरी यात्रा का हिस्सा बन गई है। यह भूमिका केवल एक चित्रण नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है।

अब 100 साल के लिए डोमेन बेच रहा है वर्डप्रेस

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वेब सामग्री प्रबंधन प्रणाली वर्डप्रेस डॉट कॉम ने उन लोगों के लिए 100 साल की योजना पेश की है जो जीवन भर के लिए अपनी ऑनलाइन विरासत को सुरक्षित रखना चाहते हैं। लगभग 20 वर्षों चल रहे वर्डप्रेस ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिजाइन की गई है जो अपनी डिजिटल उपस्थिति के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा और लंबा समय चाहते हैं। कंपनी ने कहा कि यह उन परिवारों के लिए है जो अपनी डिजिटल संपत्ति - कहानियां, तस्वीरें, ध्वनियां और वीडियो को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना चाहते हैं और ऐसे संस्थापकों के लिए जो अपनी कंपनी के अतीत, वर्तमान और भविष्य की रक्षा और दस्तावेजीकरण करना चाहते हैं। कंपनी ने कहा कि एक स्थिर, लचीला और अनुकूलित ऑनलाइन स्पेस चाहने वाले व्यक्ति जो प्रौद्योगिकी के भविष्य में आने वाले किसी भी बदलाव के अनुकूल हो सकें, योजना खरीदने के लिए उनका भी स्वागत है।

कंपनी ने कहा कि वर्डप्रेस डॉट कॉम ने लगभग आधे वेब को पावर देने वाले सॉफ्टवेयर के निर्माण और प्रबंधन में एक अभिन्न भूमिका निभाई है और यह सबसे भरोसेमंद सीएमएस बना हुआ है।

इसमें कहा गया है कि मानक डोमेन पंजीकरण एक दशक तक चलता है। हमारी 100 वर्षीय योजना आपको अपने डोमेन को पूरी शताब्दी तक सुरक्षित रखने का अवसर देती है। वर्डप्रेस ने कहा कि प्लेटफ़ॉर्म स्तर पर हम भौगोलिक रूप से वितरित डेटा केंद्रों में आपकी सामग्री के कई बैकअप बनाए रखते हैं, यदि आपकी साइट सार्वजनिक है।

कंटेस्टेंट्स की आवाज दिल को छूना यानी मुझे जीत लेने जैसा है : नीति मोहन

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। 'नैनोवाले ने' और 'इश्क वाला लव' जैसे अपने बॉलीवुड हिट ट्रैक के लिए जानी जाने वाली सिंगर नीति मोहन, जो 'सा रे गा मा पा 2023' में जज के रूप में नजर आ रही हैं, ने कहा कि अगर किसी कंटेस्टेंट्स की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने मुझे जीत लिया। सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। नीति इस शो के लिए कोई अजनबी नहीं हैं, इससे पहले वह 2022 में 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में जज के रूप में काम कर चुकी हैं। नीति ने कहा कि जब मैं किसी को सुन रहा होती हूं, तो मैं उसे खुले दिमाग से सुनती हूं क्योंकि वे सभी अपनी जड़ों, ट्रेनिंग, जिस तरह का म्यूजिक उन्होंने सुना है, वहां से कुछ न कुछ लेकर आते हैं। अगर किसी की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब तुमने मुझे जीत लिया।

कश्मीर में होगा मिस वर्ल्ड 2023 का आयोजन

श्रीनगर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इस साल के अंत में कश्मीर में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें 140 देश भाग लेंगे। इसका खुलासा मंगलवार को श्रीनगर में ब्रेकफास्ट प्रेस

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में 140 देश भाग लेंगे

ब्रीफिंग में किया गया। प्रेस ब्रीफिंग में मिस वर्ल्ड करोलिना बिलावस्की, मिस इंडिया सिनी शेट्टी, मिस वर्ल्ड कैरेबियन एमी पेना और मिस वर्ल्ड इंग्लैंड जेसिका गेगेन और मिस वर्ल्ड अमेरिका श्री सैनी और मिस एशिया प्रिसिलिया कार्ला सपुत्री यूल्स शामिल हुई। उन्होंने बताया कि 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता के लिए कश्मीर का चयन किया गया है।

करोलिना बिलावस्की ने कहा कि कश्मीर में सब कुछ है और यह मिस वर्ल्ड जैसे आयोजन के लिए सबसे अच्छी जगह है। मैं भारत की खूबसूरत जगहों, यहां की खूबसूरत झीलों को देखकर हैरान हूं, यहां सभी ने हमारा अच्छे से स्वागत किया है। हमें जो आतिथ्य सत्कार मिला वह अद्भुत था। इस आयोजन में 140 देशों को भाग लेते देखना रोमांचक होगा। हर जगह की अपनी सुंदरता होती है, लेकिन यहां का सुखद आतिथ्य सत्कार अभिभूत करने वाला है। मिस इंडिया सिनी शेट्टी ने कहा कि यह गर्व से भरा क्षण है कि मिस वर्ल्ड 2023 कश्मीर में आयोजित होने जा रहा है। यह क्षण दिवाली जैसा होगा क्योंकि 140 देश भारत आ रहे हैं और एक परिवार के रूप में भाग ले रहे हैं।

इन सभी ने लोकल फाइव-स्टार होटल में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नाश्ता किया। रूबल नागी आर्ट फाउंडेशन के रूबल नागी और पीएमई एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष जमील सईदी भी नाश्ते के इस बैठक में उपस्थित रहे।

स्टेटस ऑफ सिम्बल बनता जा रहा है रक्षाबंधन

प्रयागराज, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन त्योहार नहीं बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को एक सूत्र में पिरोने का उत्सव है, मगर बदलते समय में यह पर्व 'स्टेटस ऑफ सिम्बल' बनता जा रहा है। एक समय था, जब बहन भाई की कलाई पर सिर्फ एक कच्चे धागे की डोर बांध कर उसकी लंबी उम्र एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती थी और भाई बहन की रक्षा करने की कसम लेता था। बदलते समय के साथ इस पर्व में बहुत कुछ बदलाव आ चुका है। त्योहार दिखावे की भेट चढ़ने लगा है। भारतीय त्योहारों पर भौतिकता पूरी तरह से हावी हो चुकी है। इससे बचने की जरूरत है।

रक्षाबंधन का यह त्योहार आज

■ **भाई से महंगी घड़ियां, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ज्वेलरी, नोटबुक जैसे तोहफों की एडवांस डिमांड**

भावनाओं का कम और दिखावे का त्यौहार ज्यादा बन गया है। नब्बे के दशक के बाद यह त्योहार तेजी से बदल रहा है। अब राखी के सूत की डोर कमजोर पड़ गई है। सूत की एक डोरी से बांधने की परंपरा की जगह मंहगी म्यूजिकल राखियां बच्चों और बड़ों दोनों को आकर्षित कर रही हैं। धनाढ्य वर्ग में बहने राखी के रूप में सोने-चांदी की चेन, ब्रेसलेट्स कलाई पर बांधकर बदले में भाई से महंगी घड़ियां, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक नोटबुक से लेकर लैपटॉप, मोबाइल तथा ऐसे ही दूसरे तोहफों की एडवांस डिमांड रख रही हैं। इसी होड़ के चलते रक्षाबंधन व्यवसाईकरण और स्टेटस आफ सिंबल बन गया है।

प्रयागराज बन अनुसंधान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दुबे ने बताया कि आज के परिवेश में रक्षाबंधन पर्व का आधुनिकीकरण हो गया है। कुछ बहनें अपने एश्वर्य को प्रदर्शित करने का प्रयास करती करती हैं। वे सोने-चांदी के ब्रासलेट कलाई पर बांधकर महंगे उपहार लेती हैं। इस तरह भाई-बहन के पवित्र प्रेम के पर्व का व्यवसाईकरण हो गया है। इस त्यौहार को बिना दिखावे के अपनी यथाशक्ति प्रेम पूर्वक मनाना चाहिए। भाई-बहन दोनो को एक-दूसरे की आवश्यकता में साथ देना ही इस पर्व का मुख्य उद्देश्य है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि एक तबका अभी भी इस पवित्र और नि:स्वार्थ प्रेम को जीवंत किए हुए है। वह बाजार से कच्चे सूत की डोरी बंधवा कर ही रक्षाबंधन का त्योहार बड़े चाव के साथ मनाते हैं। वहां बहनों को न तो मंहगे तोफे की आकांक्षा रहती और नहीं ऊंचे दामों वाली राखी के खरीदने की अभिलाषा। उनकी आंखो में न तो ऊंचे ख्वाब और नहीं दिखावे की जिन्दगी। वह यथार्थ में जीने के कायल हैं।

पूर्णिमा तिथि की शुरूआत

इस साल सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 30 अगस्त को सुबह 10 बजकर 58 मिनट से हो रहा है। इसी समय से भ्रदाकाल शुरू हो रहा है जो रात नौ बजकर एक मिनट तक रहेगा। नौ बजकर एक मिनट के बाद 31 अगस्त को सात बजकर पांच मिनट तक मुहूर्त है। इस दौरान बहने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध सकती है।

मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, तनाव भी दिल के रोगों के लिए जिम्मेदार : कालरा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पर्यावरण प्रदूषण दिल की गंभीर बीमारियों का सबसे खतरनाक कारण है। केवल स्वयं धूम्रपान करने वाले को ही खतरा नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से धूम्रपान होने के कारण भी बहुत खतरा होता है। इन बीमारियों के लिए अनुवांशिक कारण, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, डिप्रेशन भी बड़े कारण हैं। एक वर्कशॉप के दौरान कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक व दिल मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने कहा कि कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कोरोनेरी हार्ट रोग, हार्ट फेल, एरिथिमियास होने की आशंका भी बनी रहती है। डॉ. कालरा ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली समेत आसपास के कई इलाकों में वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया है। विशेषज्ञ का कहना है कि वायु प्रदूषण हार्ट को भी नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कोरोनेरी हार्ट रोग, हार्ट फेल, एरिथिमियास होने की आशंका भी बनी रहती है। डॉ. कालरा ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ फेफड़ों (Lungs) के लिए नहीं बल्कि हार्ट के लिए भी काफी खतरनाक है। प्रदूषण बढ़ने से पीएम 2.5 का स्तर बढ़ जाता है। यह बेहद छोटे आकार के धूण के कण होते हैं जो सांस के साथ फेफड़ों में काफी गहराई तक पहुंच जाते हैं। इस दौरान कई कण खून में भी जाते हैं। इससे दिल की धमनियों में सूजन आने लगती है। थोड़े समय बाद यह समस्या बढ़ती रहती है और लगातार सूजन बने रहने से हार्ट अटैक का खतरा बन जाता है।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

पावरग्रिड	2.50 प्रतिशत
एलटी	2.09 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.95 प्रतिशत
एचडीएफसी	1.01 प्रतिशत
सन फार्मा	0.89 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

रिलायंस	1.11 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.97 प्रतिशत
एचसीएल टेक	0.67 प्रतिशत
टाइटन	0.59 प्रतिशत
आईटीसी	0.56 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2500-3000
गेहूं दड़ा	2150-2160
आटा	2800-2290
मैदा	945-950
चोकर	620-630

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

बासमती औसत किस्म	4500-4600
परमल	1750-1775
चावल सेला	2250-2350
आरआर (आठ)	1650-1670

दाल-दलहन

चना	4,850-4,950
दाल चना	4,850-4,950
मसूर काली	7,800-7,900
उड़द दाल	10300-10400
मूंग दाल	7,900-8,000
अरहर दाल	9700-9800

एनसीएलएटी ने जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए चुकाने के लिए जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को और समय दिया

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सोमवार को विजेता बोली लगाने वाले जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को दिवालिया जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए और समय दिया, जिसने अप्रैल 2019 में उड़ान बंद कर दी थी। ट्रिब्यूनल ने कंसोर्टियम के अनुरोध पर समयसीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी और 350 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) से 150 करोड़ रुपए का समायोजन किया। कंसोर्टियम ने तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया। शेष 150 करोड़ रुपए के लिए कंसोर्टियम ने अपीलीय न्यायाधिकरण से उस उद्देश्य के लिए प्रस्तुत पीबीजी को भुनाने का अनुरोध किया। इससे पहले, कंसोर्टियम को 31 अगस्त तक ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करना था, लेकिन उसने भुगतान के लिए समय बढ़ाने की मांग की। कंसोर्टियम ने अपनी याचिका में एयरलाइन के लेनदारों को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए 90 दिनों की मोहलत मांगी थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने 21 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया। इसने कंसोर्टियम से अदालत को यह पुष्टि करने के लिए कहा था कि पीबीजी 350 करोड़ रुपए की जमा राशि के लिए सुरक्षा के रूप में काम कर सकता है। कंसोर्टियम के वकील ने कहा था कि स्वीकृत समाधान योजना में पीबीजी को समायोजित करने की संभावना का उल्लेख है। ऋणदाताओं ने अपने जवाब में दलील दी कि कंसोर्टियम न केवल विस्तार की मांग कर रहा है, बल्कि स्वीकृत समाधान योजना को संशोधित करने का प्रयास कर रहा है।

■ 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया

मुंबई में लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन, सुरक्षित उतरा

नई दिल्ली। मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस 321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहाए 'मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2012 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।'

फिलिप्स का पर्सनल हेल्थ उत्पादों का विस्तार की घोषणा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हेल्थ टेक्नोलॉजी कंपनी रॉयल फिलिप्स ने अपने पर्सनल हेल्थ उत्पाद की रेंज का विस्तार करने के लिए मेक इन इंडिया का समर्थन करते हुये भारत में अपने उत्पादों के निर्माण कसे बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित अपने सह-विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन का विस्तार किया है, जहां अब पहले से बनाए जा रहे महिला और पुरुष सौंदर्य उत्पादों के अलावा अब मां और शिशु देखभाल उत्पादों का भी विनिर्माण किया जाएगा। सिल्वासा में कंपनी की सह-विनिर्माण इकाई पहले से ही है। अब कंपनी हिमाचल प्रदेश में नये संयंत्र में उत्पादन की घोषणा की है।

रॉयल फिलिप्स के पर्सनल हेल्थ की ईवीपी और मुख्य बिजनेस लीडर दीप्ता खन्ना ने यहां फिलिप्स बियर्ड ट्रिमर सीरीज 1000 और फिलिप्स हेयर स्ट्रेटनिंग ब्रश को लॉन्च करते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं और स्थानीय स्तर पर निर्मित किए हैं। फिलिप्स का विनिर्माण नेटवर्क भारत में कई स्थानों पर फैला हुआ है, जिसमें इन-हाउस सुविधाएं और सहयोगी सह -विनिर्माण साझेदारियां शामिल हैं। इसमें उन्नत प्रौद्योगिकी मांगों को पूरा करने और सेमी-ऑटोमेटेड असेंबली लाइंस की सुविधा के लिए तैयार एकीकृत बुनियादी ढांचा शामिल है। कंपनी की सुविधाएं स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों तरह की मांग को पूरा करती हैं।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप समाधान प्रदान कर उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ, फिलिप्स महिला सौंदर्य श्रेणी में हेयर ड्रायर, हेयर स्ट्रेटनर और हेयरब्रश सहित बालों की देखभाल वस्तुओं की एक शृंखला का निर्माण कर रही है। इसके अलावा, कंपनी पुरुष ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई बियर्ड ट्रिमर 1000 सीरीज का भी निर्माण कर रही है। फिलिप्स मां और शिशु देखभाल क्षेत्र के लिए स्टरलाइजर का भी उत्पादन कर रहा है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में स्थानीय स्तर पर निर्मित किया जाता है।

उन्होंने कहा 'हमारे पर्सनल हेल्थ बिजनेस के लिए भारत एक प्रमुख रणनीतिक बाजार है, और हम उन लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बाजार के सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

रिजॉव एलाइनर्स ने ऑर्थोडॉन्टिक सॉल्यूशन्स में नए मानक स्थापित करते हुए 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित क्लियर डेंटल एलाइनर कंपनी रिजॉव एलाइनर्स ने मंगलवार को प्रसिद्ध क्लियर एलाइनर ब्रांड 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की। सौदे की राशि की जानकारी नहीं दी गई है। समझौते को दंत चिकित्सा की प्रगति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। अपनी इनोवेटिव सर्विस डिलीवरी और बिजनेस मॉडल के साथ रिजॉव एलाइनर्स तेजी से खुद को क्लियर डेंटल एलाइनर्स बाजार में एक विश्वसनीय नाम के रूप में स्थापित कर रहा है। यह रणनीतिक अधिग्रहण दोनों कंपनियों को स्वस्थ और अत्याधुनिक दंत चिकित्सा देखभाल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने में सक्षम करेगा, जो उनके संबंधित उत्पादों के उपयोग से परे हैं, दंत चिकित्सकों के बीच एक बड़ी पहुंच बनाएगा, उन्हें सर्वोत्तम परामर्श, उपचार योजना और एलाइनर सिस्टम प्रदान करेगा।

यह कदम रिजॉव एलाइनर्स और 32 वॉट्स को भारत के स्पष्ट डेंटल एलाइनर बाजार में एक जबरदस्त ताकत बनाता है। डेंटल सेरामिस्ट (डीसी) के साथ रिजॉव एलाइनर्स गठबंधन के बाद यह कदम भारत में गतिशील और तेजी से बढ़ते एलाइनर बाजार को मजबूत करने के उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। मुस्कुराहट में सुधार और जीवन में बदलाव लाने वाले अत्याधुनिक, रोगी-केंद्रित रिजल्ट देने के लिए समर्पित दंत चिकित्सकों के साथ सहयोग करके, दोनों संगठन दंत चिकित्सा ग्राहक आधार के विस्तार में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। दोनों कंपनियां केवल डीसीआई पंजीकृत डेंटल क्लीनिकों और योग्य दंत चिकित्सकों के माध्यम से एलाइनर्स प्रदान करने वाली एक एथिकल ट्रीटमेंट प्रैक्टिस का पालन करती हैं।

32 वॉट्स एलाइनर्स के सीईओ राहुल अग्रवाल ने कहा, 'एलाइनर्स को एक सेवा के रूप में वितरित करने, दंत चिकित्सा देखभाल को सबसे कम लागत पर सुलभ बनाने की एलाइनर्स की प्रतिबद्धता हमारे मूल्यों के अनुरूप है और हम इस सहयोग से खुश हैं। हम अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं।' उनके मुताबिक 'इस क्षेत्र में, हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए रिज़ॉव एलाइनर्स के साथ हाथ मिलाने और सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्लियर एलाइनर ब्रांड में से एक बनने के लिए उत्साहित हैं, हम अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्लियर डेंटल एलाइनर बाजार में आगे बढ़ सकते हैं और सेवा उन्मुख और अत्यधिक वैयक्तिकृत उपचार योजनाएं विकसित कर सकते हैं, जो प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती है।' रिजॉव एलाइनर्स के सह-संस्थापक कैप्टन विक्रम कुमार ने कहा, 'इस गठबंधन के साथ, हम भारतीय बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने में सक्षम होंगे। दोनों कंपनियों की ताकत के संयोजन से हम दंत चिकित्सकों और रोगियों को समान रूप से कहीं अधिक मजबूत मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम होंगे।

शेयर बाजार में तेजी जारी

मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। बीएसई के मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। मिडकैप 0.45 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,036.97 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत उछलकर 36,547.63 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2071 में लिवाली जबकि 1521 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में तेजी जबकि 13 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सोलह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.73, सीडी 0.79, ऊर्जा 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.58, आईटी 0.32, यूटिलिटीज 1.15, ऑटो 0.64, कैपिटल गुड्स 0.78, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.75, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.27, पावर 1.10, रियल्टी 1.61, टेक 0.01 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लिवाली हुई, जिससे ब्रिटेन का



एफटीएसई 1.58, जर्मनी का डैक्स 0.51, जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 1.95 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.20 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,201.35 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,229.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 64,956.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,996.60 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 65,075.82 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 69 अंक चढ़कर 19,374.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,377.90 अंक के उच्चतम जबकि 19,309.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,306.05 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,342.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.72 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 1.66, टेक महिंद्रा 1.60, एनटीपीसी 1.21, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.15, पावरग्रिड 1.09, अल्ट्रासिमको 1.05, टाइटन 0.97, एचसीएल टेक 0.95, एलटी 0.82, बजाज फाइनेंस 0.80, एचडीएफसी बैंक 0.80, टाटा मोटर्स 0.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.64, एसबीआई 0.42, बजाज फिनसर्व 0.35, मारुति 0.27, इंफोसिस 0.17, नेस्ले इंडिया 0.12, टीसीएस 0.08 और विप्रो 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.75, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.13, एक्सिस बैंक 0.96, रिलायंस 0.91, इंडसइंड बैंक 0.55, सन फार्मा 0.50, कोटक बैंक 0.47, आईसीआईसीआई बैंक 0.31 और आईटीसी ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

टाइगर ग्लोबल ने ज़ोमैटो को बाहर किया, 1123 करोड़ रुपए के बाकी शेयर बेचे

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित निवेश प्रमुख टाइगर ग्लोबल ने अपने वीसी फंड इंटरनेट फंड III पीटीई लिमिटेड के माध्यम से अपनी पूरी शेयरधारिता 1,123.85 करोड़ रुपए में बेचकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से बाहर निकल गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को दी गई जानकारी के अनुसार, टाइगल ग्लोबल ने 28 अगस्त को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से ज़ोमैटो में अपनी शेष हिस्सेदारी बेच दी। वीसी फर्म ने ज़ोमैटो में लगभग 12.34 करोड़ शेयर या 1.44 प्रतिशत हिस्सेदारी 91.01 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेची। सोमवार को जोमैटो का शेयर 1.5 फीसदी बढ़कर 92.35 रुपये पर बंद हुआ। स्वैप डील, जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था, कंपनी के कुछ प्री-आईपीओ शेयरधारकों (वीसी/पीई/चीनी निवेशकों) के साथ-साथ ब्लिंकिट के पूर्व शेयरधारकों, जिन्होंने इसे एक शेयर के तहत प्राप्त किया था, द्वारा संभावित निकास के आसपास बाजार की अटकलों के कारण निकट अवधि में ज़ोमैटो का स्टॉक अस्थिर होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि हम सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि ये शेयरधारक कब (यदि बिल्कुल भी) बाहर निकलना चाहेंगे, हम ध्यान देते हैं कि उनमें से कई पहले से ही बड़े लाभ पर बैठे हैं, हालांकि इसका एक बड़ा हिस्सा अप्राप्त है। इन निवेशकों के पिछले कार्यों से कुछ संकेत सुझाव है कि उनमें से कम से कम कुछ स्टॉक में हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली करने के लिए उत्सुक होंगे।' निकट अवधि में ज़ोमैटो के शेयरों का एक बड़ा हिस्सा व्यापार के लिए उपलब्ध हो सकता है।

सार संक्षेप

हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की नयी मोटरसाइकिल करिज्मा एक्सएमआर

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम सेग्मेंट में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये आज अपनी बहुप्रतीक्षित करिज्मा एक्सएमआर मोटरसाइकिल लॉन्च की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 172900 रुपए है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निरंजन गुप्ता ने इस मोटरसाइकिल को लांच करते हुये कहा कि नई करिज्मा एक्सएमआर अपनी श्रेणी में सबसे दमदार मोटरसाइकिल है, जो सबसे ज्यादा टोर्क पैदा करती है। यह मोटरसाइकिल 210 सीसी के लिक्विड कूल्ड डीओएचसी इंजन और 6-स्पीड ट्रांसमिशन द्वारा संचालित होती है, जो स्लिप और असिस्ट क्लच तथा डूअल चैनल एबीएस के साथ आती है। यह स्पोर्ट्स सेगमेंट की परफेक्ट राइड को फिर से परिभाषित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आजकल के ग्राहक उन्नत टेक्नोलॉजी की खोज कर रहे हैं। इसे देखते हुए नई करिज्मा एक्सएमआर को अपने सेग्मेंट में पहली बार एडजस्ट किए जाने में सक्षम विंडशील्ड, इंटेलिजेंट इलूमिनेशन हेडलैंप और टर्न-बाई-टर्न नेविगेशन से लैस किया गया है। इन खूबियों से इसका बेमिसाल मोटरसाइकिलिंग अनुभव सुनिश्चित होता है। निर्माण, सहयोग और प्रेरणा के लिए अपने मिशन के अनुरूप, नई करिज्मा एक्सएमआर हीरो के जयपुर स्थित अत्याधुनिक सेंटर फॉर इनोवेशन ऐंड टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में विश्व स्तरीय इंजीनियरों और म्युनिख के निकट हीरो टेक सेंटर जर्मनी (टीसीजी) के बीच अद्वितीय सहयोग का परिणाम है।

टोयोटा ने इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का किया अनावरण

नई दिल्ली। प्रीमियम क्षेत्री के यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बॉयो ईंधन और इलेक्ट्रिक दोनों ईंधन का सपोर्ट करने वाले दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज2) इलेक्ट्रिफॉइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का आज यहां अनावरण किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किर्लोस्कर सिस्ट्म्स प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीताजंली किर्लोस्कर और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम योशिमुरा की मौजूदगी में आज यहां इस वाहन का अनावरण किया। इस वाहन में जो इंजन लगा है वह 60 प्रतिशत इलेक्ट्रिक से और 40 प्रतिशत ईथेनॉल से चलेगा। कंपनी ने इस इंजन में भारत की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किये हैं जैसे शून्य से 15 डिग्री कम तापमान में भी इंजन के स्टार्ट होना भी शामिल है। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि देश में शीघ्र ही ईथेनॉल से चलने वाले दोपहिय और तिपहिया वाहन भी लांच होने वाले हैं।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट की मामूली बढ़त के साथ 3803 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 सेंट उतरकर 63.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

तनाएरा का एक हजार करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा समूह की कंपनी तनाएरा ने वित्त वर्ष 2027 तक अपने कारोबार को बढ़ाकर एक हजार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य तय करते हुये उस समय तक पूरे देश में इस ब्रांड के 200 रिटेल स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। तनाएरा के सीईओ अम्बुज नारायण ने अपने ब्रांड के 50 वें स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अब यह ब्रांड टियर छोटे शहरों का भी रूख करने वाला है। महानगरों के साथ ही टियर दो और तीन शहरों में स्टोर शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि उनके स्टोर में एक हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपए तक की साड़ी उपलब्ध है जो हस्त निर्मित है।

उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी हस्तकर्धा से ये वस्त्र बनाने वालों के उन्नयन को ध्यान में रखते हुये देश में 15 वीवीरशाला बनाये गये हैं जहां आधुनिक बुनाई मशीन और अन्य

सुविधायें उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 तक वीवरशाला की संख्या भी बढ़ाने की तैयारी है। तनाएरा के विशेषज्ञ डिजाइन टीम है जो आधुनिकता के साथ ही सांस्कृतिक एवं परंपरा को ध्यान में रखकर उत्पादों को डिजाइन करते हैं और उसी के अनुरूप कलाकार बुनाई करते हैं। इसलिए हर उत्पाद का डिजाइन अलग होता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में ब्रांड के हस्तनिर्मित कलेक्शन को खूब पसंद किया गया है। नए स्टोर के लॉन्च के साथ तनाएरा भारत में परिधानों की शानदार विरासत को सम्मानित करना चाहती है। इस स्टोर में हाथ से बुनी साड़ियों, रैडी टू वियर कुर्ता सेट एवं ब्लाउज़ की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। आकर्षक कारीगरी से बने ये उत्पाद महिलाओं की भव्यता और आधुनिक शैली के साथ घुल-मिल जाते हैं। सदियों पुरानी कारीगरी को आधुनिक रूप देते हुए ब्रांड शहर के फैशन प्रेमियों की उम्मीदों पर खरी उतर रही है। एथनिक परिधानों के पारखियों को भारतीय बुनाई का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए तनाएरा भारत के बेहतरीन परिधानों को एक ही छत के नीचे लेकर आई है। उनकी कंपनी के स्टोर में हाथ से पेंट की गई मुर्शीदाबाद सिल्क से लेकर गर्मियों के प्रिंट और बेहतरीन रंगों तक शामिल हैं। ऑर्गेन्ज़ा और ऑर्गेन्ज़ा टिश्यू जैसे एथरियल फैब्रिक पर इंटरलेसिंग हेरिटेज तकनीकों जैसे बनारसी और कांजीवरम के साथ दिल्ली की पसंद को ध्यान में रखते हुए खूबसूरत साड़ियां पेश की गई हैं। स्टोर में हर तरह की महिलाओं की पसंद और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए क्लासिक जैसे शुद्ध कांजीवरम, बनारसी, इकत, साउथ सिल्क, पटोला, जामदारी तथा देश भर से रीजन मास्टपीस जैसे पैठनी, माहेश्वरी और टसर भी पेश किए गए हैं।

खेल जगत

एशिया कप के शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे राहुल

बेंगलुरु, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण एशिया कप 2023 के शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कोच राहुल द्रविड़ के हवाले से ट्वीट किया, केएल राहुल वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ एशिया कप 2023 के भारत के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल जांघ की सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रक्रिया पूरी कर भारत की 17 सदस्यीय टीम में शामिल हुए थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि राहुल एक अन्य छोटी चोट से जूझ रहे हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : रॉबिन उथप्पा

लॉडरहिल, फ्लोरिडा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। यूएस मास्टर्स टी10 लीग का रोमांचक अंत हो गया जब सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क में बेन डंक की अगुवाई वाली टेक्सास चार्जर्स ने स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में फाइनल में मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क वॉरियर्स को सुपर ओवर के जरिए हराया। टूर्नामेंट, जो अटलांटा फायर, कैलिफ़ोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी ट्राइटन, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स के बीच खेला गया, ने 18 से 27 अगस्त 2023 तक ब्लॉकबस्टर मनोरंजन प्रदान किया। कैलिफ़ोर्निया नाइट्स के लिए खेलने वाले आरोन फिंच 236 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस बीच, तेज गेंदबाज सोहेल खान ने प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए। अटलांटा राइडर्स के लिए खेलने वाले रॉबिन उथप्पा ने कहा कि टी10 टी20 क्रिकेट में बहुत महत्व जोड़ता है। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते हुए देखना पसंद करेंगे, मैं निश्चित रूप से विराट कोहली को खेल के इस संस्करण को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। क्योंकि मुझे लगता है कि इससे बहुत अधिक मूल्य जुड़ जाएगा। मुझे लगता है कि वह शायद हमारे जीवन में अब तक देखे गए सबसे महान एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक है। और मुझे लगता है कि जब वह खेल के इस संस्करण को खेलेगा तो उसे अपने खेल के विभिन्न पहलुओं का पता चलेगा। क्रिकेट का सबसे तेज़ प्रारूप यूएस मास्टर्स टी10 लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए एक आकर्षक चुनौती थी, पूर्व भारतीय स्टार गौतम गंभीर ने कहा, हर गेंद एक घटना है। टी10 टूर्नामेंट खेल का एक ऑल-एक्शन संस्करण था जहां दुनिया भर के प्रशंसकों ने पाया कि कभी भी कोई सुस्त पल नहीं था। यूएस मास्टर्स टी10 लीग में न्यू जर्सी ट्राइटन की कप्तानी करने वाले गंभीर ने कहा, 60 गेंदें, हर गेंद एक घटना है, चाहे वह गेंदबाजों के लिए हो या बल्लेबाजों के लिए, और आप जितना संभव हो उतने विकल्प लेने की कोशिश करना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स टी10 लीग की सफलता के बारे में बोलते हुए, टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन, शाजी उल मुल्क ने कहा, यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन में कुछ महानतम क्रिकेटरों को एक्शन में देखना बिल्कुल शानदार था। उन्होंने प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए और अमेरिका में कई प्रशंसकों का मनोरंजन किया। हम अगले साल वापस आने के लिए उत्सुक हैं। इस बीच, एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक रितेश पटेल ने कहा, नए प्रशंसकों को खेल की ओर आकर्षित करने के लिए टी10 प्रारूप खेल का सही संस्करण है।

> मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे : रॉबिन उथप्पा

नंबर-3 पर विराट कोहली सबसे बेस्ट व खतरनाक हैं : आकाश

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि विराट कोहली को एशिया कप और विश्व कप-2023 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम कॉम्बिनेशन, प्लेइंग-11 और बैटिंग ऑर्डर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय टीम को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खास तौर पर भारतीय टीम को नंबर-4 पर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है लेकिन श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम में वापसी के बाद अब ये कमी पूरी हो गई है। इस बीच चोपड़ा ने कहा कि नंबर 3 स्थान पर विराट बेस्ट हैं । इसे आंकने के लिए दो पैरामीटर हैं। सबसे पहले, नंबर 4 पर विराट कोहली की सफलता अच्छी है, लेकिन नंबर 3 पर यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा, उम्मीदें उनके टूर्नामेंट प्रदर्शन पर टिकी हैं - अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो भारत को फायदा होता है। लेकिन उनका बल्ला खामोश होता है तो मिडिल ऑर्डर मुश्किल में आ जाता है। कोहली की शानदार बल्लेबाजी नंबर-3 पर चमकती है, नई गेंदों से निपटते हैं और खेल को समाप्त करते हैं। इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि अय्यर की अनुपस्थिति और सुर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म को देखते हुए कोहली को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 210 पारियों में 60.21 के औसत से, कोहली ने वनडे में 10,777 रन बनाए हैं। वहीं, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए 39 पारियों में 55.22 की औसत से 1767 रन बनाए हैं।

भारत ने थाईलैंड पर फाइनल में 7-2 की जीत से महिला हॉकी 5 एशिया कप खिताब जीता

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मरियाना कुजूर और ज्योति के दो-दो तथा मोनिका दीपि टोपो, कप्तान नवजोत कौर व महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने थाईलैंड को सलाला(ओमान) में सोमवार रात पहले महिला हॉकी 5 एशिया कप के फाइनल में 7-2 से हराकर खिताब जीत लिया। पराजित थाईलैंड के लिए कुंजिरा इपा और सांगपाउंग कार्ननाउक ने पांचवें मिनट में लगातार गोल कर उसे 2-1 से आगे कर एक बारगी भारतीय महिला हॉकी टीम को चौंका दिया था। भारतीय टीम इलीट ग्रुप में शीर्ष पर रहने के साथ पहले ही 2024 में ओमान में 2024 में होने एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था।

■ भारत के लिए मरियाना कुजूर व ज्योति ने दागे दो दो गोल

मरियाना कुजुर, ज्योति , कप्तान नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में आक्रामक अंदाज में आगाज किया। मरियना कुजुर ने दूसरे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला और मोनिका दीपि टोपो ने सातवें मिनट में गोल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। मरियाना कुजूर ने अगले ही मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-2 से तथा ज्योति ने तीन मिनट बाद गोल कर हाफ टाइम तक 4-2 से आगे कर दिया।

नवजोर कौर की अगुआई में भारत ने दूसरे हाफ में आक्रामक अंदाज में किया। नवजोत कौर ने 23 वें मिनट में गोल कर तथा ज्योति ने चार मिनट बाद गोल कर भारत की बढ़त 6-2 कर दिया। महिमा चौधरी ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर दिया और यही इस फाइनल का आखिरी गोल भी साबित हुआ।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को इस शानदार प्रदर्शन के लिए दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक लाख का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने हॉकी 5 महिला एशिया कप जीतने और एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, यह हमारी महिला हॉकी टीम के बेहतरीन टीम प्रयास का नतीजा था। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप ओमान , 2024 के लिए बधाई देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर जीतने के साथ अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर देश का गौरव बढ़ाने पर बधाई। बीते कुछ महीनों में कड़ी ट्रेनिंग काम आई।

वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़

बेंगलुरु, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। किंग ऑफ स्विंग जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

द्रविड़ ने कहा, बुमराह की वापसी और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा है, वो अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। जसप्रीत वह व्यक्ति है जिसे हमने पिछले दो वर्षों में बहुत याद किया है। मुझे कहना होगा कि उसने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं। लेकिन उसकी वापसी टीम के लिए खास है और हम धीरे-धीरे उसे इसमें शामिल कर लेंगे। भारतीय टीम के लिए पूरी ताकत वाली गेंदबाजी लाइन-अप वापस आ गई है। शमी और सिराज के पहले से ही मौजूद होने से, बुमराह का कौशल और अनुभव काम आएगा। द्रविड़ ने विश्व कप की तैयारी पर भी चर्चा की और खामियों को दूर करने के लिए एशिया कप 2023 को सबसे अच्छे अवसर के रूप में प्राथमिकता दी।

नौजवान ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चल खेलों को करियर बनाए : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को उनको नमन करते हुए भारत आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहा है। 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में जन्मे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा रहा है। ध्यानचंद ने देश के आजाद होने से पहले भारत को लगातार तीन ओलंपिक में -1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजेल्स) और 1936 (बर्लिन) -में हॉकी में स्वर्ण पदक जिता कर उसे हॉकी की बड़ी ताकत के रूप में अलग पहचान दिलाई थी। ध्यानचंद पीढियों से भारतीय हॉकी खिलाडियों के प्रेरणास्रोत हैं और आने वाली पीढियों के लिए भी रहेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और महिला हॉकी टीम की 'दीवार' कप्तान गोलरक्षक सविता पूनिया ने नौजवानों से ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चलते हुए खेलों को करियर बनाने की गुजारिश की।

खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें : हरमनप्रीत सिंह

भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, खेल अनुशासन, खेल भावना, टीम भावना और जीवट जिंदगी के अहम कौशल हासिल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिंदगी में बहुत कम उम्र में इस तरह के कौशल जैसे जिंदगी के मूल्यों से रूबरू होने से चरित्र निर्माण में मदद मिलती है। खेल इंसान के रूप में बेहतर बनने के लिए अहम हैं। जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं बहुत कम उम्र से खेल खासतौर पर हॉकी खेलते बड़ा हुआ और इसने मुझे कई अहम जीवन मूल्यों की अहमियत बताई। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आपके लिए अहम पूरी तरह एकाग्र रहना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना। मेरा यह भी मानना है कि ये मूल्य इंसान को आगे बढ़ने और बराबर अच्छी स्थिति में बनाए रखने में मदद करते हैं। मैं अपने भारतवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की दिल से बधाई देता हूं। मैं चाहूंगा कि आप खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें।

युवा ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद हो, वे उसमें करियर बनाएं : सविता

भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, खेल खिलाड़ी को जेहनी तौर पर स्वस्थ रखते ही हैं और शारीरिक रूप से फिट बनाते हैं। हॉकी खेलने से ही मैं खुद को सभी स्वस्थ रखने और जिंदगी की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रख पा रही है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं देश के युवाओं से यह आग्रह करती हूं कि वे ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद और वे उसमें करियर बनाएं।

सार संक्षेप

अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका लगा

मनीला। अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा।। पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 10 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की। अमेरिका ने विश्व कप में ग्रीस के साथ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है, ग्रीस की एकमात्र जीत 2006 के सेमीफाइनल में हुई थी। ये टीमें सबसे हालिया टूर्नामेंट में भी मिलीं, जहां अमेरिका ने 16 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। प्रमुख खिलाड़ी जियानिस एंटेटोकोनम्पो के बिना, यूरोपीय पक्ष स्पष्ट रूप से बेजोड़ था। अमेरिका ने पहले हाफ में ग्रीस को 50-37 से हरा दिया और बाद में अपना दबदबा जारी रखा। लॉस एंजेलिस लेकर्स के शूटिंग गार्ड ऑस्टिन रीव्स ने 15 अंक, पांच रिबाउंड और छह सहायता के साथ अपना लगातार दूसरा एमवीपी पुरस्कार अर्जित किया। ग्रुप सी में न्यूजीलैंड को जॉर्डन को 95-87 से मात देने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। रोंडे हॉलिस जेफरसन ने गेम में सर्वाधिक 39 अंक बनाए, लेकिन यह जॉर्डन को लगातार दूसरी हार से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। स्पेन ने ब्राज़ील को 96-78 से हराकर अमेरिका के साथ अगले दौर में प्रवेश किया और अपने बेहतर आमने-सामने के रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया।

डोमिनिक ने बुलबिक की टिप्पणी पर दिया जवाब

न्यूयॉर्क। ऑस्ट्रिया के टेनिस स्टार डोमिनिक थिएम ने कोर्ट पर विकलांगता संबंधी कमेंट के लिए अलेक्जेंडर बुलबिक को फटकार लगाई। बुलबिक को सोमवार को यूएस ओपन के पहले दौर के मैच के दौरान थिएम का मजाक उड़ाते सुना गया। थिएम से सीधे सेटों में हारने वाले बुलबिक को यह कहते हुए सुने गए कि वह विकलांग लोगों को करियर वापस देने से थक गए हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिपोर्ट्स में उन्हें इस घटना के बारे में बताया गया जिस पर उन्होंने गहरा अफसोस जताया। रिपोर्टर ने थिएम से पूछा, मुझे नहीं पता कि क्या आपने ट्विटर पर देखा है कि बुलबिक ने दूसरे सेट के बीच में क्या कहा था। थिएम ने कहा कि इस तरह की बातें सामान्य शब्दों में नहीं कही जानी चाहिए। थिएम ने कहा, मुझे नहीं पता कि अनुवाद सही है या नहीं, आप जानते हैं। यदि ऐसा है, तो यह गलत है। कुछ ऐसा जो आपको नहीं कहना चाहिए। लेकिन शायद उसका यह मतलब ऐसा नहीं था या जो भी हो।

जोकोविच ने जीत के साथ की अमेरिकी ओपन में वापसी

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 के शुरुआती दौर में फ्रांस के एलेक्जेंडर मूलर को हराकर अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर पहला क़दम बढ़ा लिया है। विश्व नंबर एक जोकोविच ने सोमवार को खेले गये मुकाबले के शुरुआती छह गेम जीतकर ज़ोरदार शुरुआत की और अंततः विश्व नंबर 84 पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर काफी अच्छी शुरुआत की। मैं कोर्ट पर आने के लिये उत्साहित था। (अमेरिकी ओपन में खेले हुए) दो साल हो गये हैं और यहां आर्थर ऐश कोर्ट पर आप लोगों के सामने आना हमेशा एक सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं दूसरे और तीसरे सेट में बेहतर सर्विस कर सकता था। मैंने अपनी सर्विस का स्तर कम होने दिया और मुझे अंक अर्जित करने के लिये अधिक मेहनत करनी पड़ी। फिर भी मुझे लगता है कि मैं शुरू से अंत तक अच्छा खेला। उम्मीद है कि मैं इसे अगले दौर में भी बनाए रखूंगा। उल्लेखनीय है कि जोकोविच पिछली बार 2021 में अमेरिकी ओपन में उतरे थे, जब दानिल मेदवेदेव ने उन्हें फाइनल में हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम से वंचित कर दिया था। अमेरिका की कोविड वैक्सीन नीति के कारण जोकोविच 2022 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस से होगा, जो पहले चरण में एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। दिन के अन्य मुकाबलों में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के मिलोस राओनिक को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने स्टेफानो त्रावाग्लिया को 6-2, 6-3, 4-6, 6-1 से मात दी।

एशेज से भी बड़ा है भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला : टॉम मूडी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां) जैसे ही एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित क्रिकेट मुकाबले को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने दोनों टीमों की तैयारी और उनके सामने आने वाली संभावित चुनौतियों पर अपनी अंतर्दृष्टि पेश की। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के महत्व पर भी विचार किया, इसकी तुलना प्रतिष्ठित एशेज श्रृंखला से की, और दोनों टीमों की ताकत और विचारों पर चर्चा की, क्योंकि वे इस विशाल मुकाबले के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मैच एशेज से आगे निकल जाएगा। इसकी हमेशा एक प्यारी कहानी होती है और दोनों उत्कृष्ट क्रिकेट खेलने वाले देश हैं। और जब आप पाकिस्तान टीम को देखते हैं, तो इसमें बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। लेकिन एक बात जो मायने रखती है मेरे लिए बड़ी बात यह है कि इसमें अनुभव भी है। इसलिए अब उनके पास अनुभव और प्रतिभा का संयोजन है, वे एक वास्तविक खतरा हैं। वे अपनी तेज गेंदबाजी से भारत की बराबरी कर सकते हैं; उनके पास वास्तविक गति है, और एकमात्र मुद्दा मैं देखता हूं कि उनकी बल्लेबाजी की गुणवत्ता में वह गहराई है जो भारत के पास है। इसलिए यह दिलचस्प मुकाबला होगा कि वे शीर्ष क्रम में बाबर आजम जैसे खिलाड़ियों पर दबाव डालेंगे। टॉम मूडी भारत की बल्लेबाजी लाइनअप को संभावित रूप से अस्थिर करने में, विशेष रूप से नई गेंद से, पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे बस यही लगता है कि नई गेंद से शाहीन आफरीदी एक बड़ा खतरा है, जो उन्होंने ऐतिहासिक रूप से किया है। उस नई गेंद से कुछ शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहे, जो तब भारत के लिए चीजों को पुनर्जीवित करने के लिए मध्य क्रम को खोलता है।

ऋषभ पंत एशिया कप से पहले अलूर में भारतीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

कर्नाटक, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है। कुछ दिन पहले उन्हें बेंगलुरु के जेएसडब्ल्यू क्रिकेट क्लब में छोटे बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया था, जहां उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। चोट से उनका तेजी से उबरना और उनका जज्बा एक चैंपियन के असली व्यक्तित्व को दर्शाता है। पिछले साल 30 दिसंबर को हुए इस हादसे ने उनकी सलामती की दुआ कर रहे हर किसी को सदमे में डाल दिया था. भारतीय टीम अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज की सर्विस से चूक गई और उसे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के बावजूद, पंत ने अपने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित किया और हर शुभचिंतक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी का अभ्यास फिर से शुरू किया और कुछ विकेटकीपिंग भी की।

50 ओवर क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं सूर्यकुमार

बेंगलुरु, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की एकदिवसीय एशिया कप टीम में चुने गये दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वह 50 ओवर प्रारूप को समझने की कोशिश कर रहे हैं और इसमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं। टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार ने 26 वनडे मैचों में 24.3 की औसत से सिर्फ 511 रन बनाये हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि सूर्यकुमार के प्रभावशाली क्रिकेट को देखते हुए उन्हें एशिया कप के लिये चुना है। उन्होंने कहा कि शीर्ष एशियाई टूर्नामेंट में टीम प्रबंधन उन्हें जिस किरदार में देखना चाहेगा, वह उसे निभाने की कोशिश करेंगे।

सूर्यकुमार ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को निभाने की कोशिश करूंगा। अगर भूमिका बदलती है तो मैं वह भी करने की कोशिश करूंगा। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे वजह ये है कि यहां आपको तीनों प्रारूपों की तरह खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ क्रीज पर पांव जमाना, फिर अच्छी तरह एक-दो रन लेकर पारी को आगे बढ़ाना और इसके बाद अंत में टी20 की तरह खेलना। इसलिए इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है और इसी कारण से मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं। राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ मैं प्रारूप को समझ लूंगा। भारत अपने एशिया कप की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। एशिया कप के बाद भारत तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि आठ अक्टूबर से रोहित शर्मा की टीम को अपना विश्व कप अभियान शुरू करना है। सूर्यकुमार अगर एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें भारतीय सरज़मीन पर होने वाले विश्व कप का टिकट मिलना लगभग तय है।

सूर्यकुमार ने कहा, मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप यह खेल खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं साथ ही स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश कर रहा हूं। उदाहरण के लिये अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं तो शुरू से ही मैं अपना खेल उस तरह नहीं खेल सकता जैसे मैं टी20 में खेलता हूं क्योंकि वहां हमारा सिर्फ एक विकेट गिरा होगा और यहां चार विकेट, इसलिए मुझे उस स्थिति के हिसाब से खेलना होगा। मैं प्रारूप को समझने के लिये अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसमें ढल पाऊंगा।